

संकट जारी रहा तो उर्वरक उत्पादन 10-15 प्रतिशत घटेगा : क्रिसिल रेटिंग्स
- 12



पश्चिम एशिया संकट : 80 प्रतिशत तक महंगी हुई माल ढुलाई, पूर्वी भारत से निर्यात प्रभावित
- 12



संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस बोले-भीषण युद्ध की कगार पर खड़ी है दुनिया
- 13



आईपीएल के दूसरे चरण का कार्यक्रम जारी
- 14


आज का मौसम
32.0⁰ अधिकतम तापमान
19.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.10
सूर्यास्त 06.27

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी 10:07 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 27 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 121, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारत को होर्मुज से गुजरने की अनुमति

## ईरान ने चार अन्य देशों को भी दी इजाजत, कहा- अमेरिका से समझौते पर कोई बातचीत नहीं

**तेहरान/नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान ने भारत समेत पाचं मित्र देशों को वाणिज्यिक नौवहन के लिए होर्मुज स्ट्रेट का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने यह जानकारी दी। ईरान द्वारा होर्मुज को अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है।

होर्मुज फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी का परिवहन होता है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है। अराघची ने कहा, हमने कुछ ऐसे देशों को (होर्मुज से) गुजरने की अनुमति दी है जिन्हें हम मित्र मानते हैं। हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान को आवागमन की अनुमति दी है। ईरानी विदेश मंत्री ने साथ ही स्पष्ट किया कि ईरान के शत्रुओं से जुड़े पोतों को इस जलमार्ग से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उन्होंने कहा, हम युद्ध की स्थिति में हैं। यह क्षेत्र युद्ध क्षेत्र बना हुआ है और हमारे दुश्मनों एवं उनके सहयोगियों के पोतों को इससे गुजरने देने का कोई कारण नहीं है लेकिन यह अन्य देशों के लिए खुला है। संघर्ष समाप्त करने के लिए अन्य देशों द्वारा मध्यस्थता करने के प्रयासों से जुड़े सवाल पर अराघची ने कहा, अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं चल रही है।



कतर से कर्नाटक के न्यू मंगलुरु बंदरगाह पर पहुंचा एलपीजी पोत अपोलो ओशन।

### भ्रामक पोस्ट व मनगढ़ंत दावे पर होगा केस दर्ज

केंद्र सरकार ने चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया पर पेट्रोल, गैस संबंधी भ्रामक पोस्ट और कमी या आपातकालीन उपायों के मनगढ़ंत दावे अनावश्यक चिंता पैदा करने वाले हैं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ईरान ने 10 तेल टैंकर गिफ्ट किए : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि ईरान ने उन्हें 10 ऑयल टैंकर गिफ्ट किए हैं। 8 टैंकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार चुके हैं और सभी पर पाकिस्तान के झंडे लगे हैं। ईरान ने युद्ध समाप्त करने की गंभीरता को दिखाते हुए ऐसा किया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान को होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से टोल नहीं लेना चाहिए, लेकिन वह ऐसा कर रहा है।

### युद्ध समाप्ति को गंभीरता दिखाए ईरान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरानी नेताओं को बहुत देर होने से पहले बातचीत शुरू कर देनी चाहिए, क्योंकि एक बार ऐसा हो जाने पर, पीछे मुड़ने का कोई रास्ता नहीं होगा। ट्रंप ने गुरुवार को फिर कहा कि अमेरिका द्वारा प्रस्तावित 15 सूत्री युद्धविराम योजना को ईरान द्वारा अस्वीकार किए जाने के बाद तेहरान हमसे समझौता करने की भीख मांग रहा है।

### नायरा ने पेट्रोल 5 और डीजल 3 रुपये लीटर किया महंगा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी निजी ईंधन कंपनी नायरा एनर्जी ने गरुवार को पेट्रोल की कीमतों में पांच व डीजल में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। जारी युद्ध से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बाद कंपनी ने यह कदम उठाया है। कंपनी के देश में 6,967 पेट्रोल पंप हैं।

### ईरानी नौसेना प्रमुख अलीरजा की मौत

**यरूशलम।** इजराइल ने गुरुवार को ईरानी नौसेना के प्रमुख कमांडर अलीरजा तंगसिरी को मार गिराने का दावा किया। तंगसिरी होर्मुज बंद करने की रणनीति की अगुवाई कर रहे थे। इजराइली रक्षामंत्री ने कहा कि रात भर चले हमले में कई नौसेना कमांडर मारे गए। ईरान ने तंगसिरी की मौत की पुष्टि नहीं की है।

### भारत के पास 60 दिन का तेल और 30 दिन का गैस भंडार

- सरकार ने कहा- ईंधन कमी की खबर 'गलत सूचना अभियान' घबराहट पैदा करना और खरीदारी को बढ़ावा दे रहा

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश में लगभग 60 दिन का तेल भंडार है और एक महीने की एलपीजी आपूर्ति की व्यवस्था कर ली गई है। पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कमी की खबरों को जानबूझकर फैलाया गया गलत सूचना अभियान बताया, जिसका उद्देश्य लोगों में घबराहट पैदा करना और खरीदारी को बढ़ावा देना है। पेट्रोल पंप और एलपीजी वितरकों के यहां घबराहट में खरीदारी और लंबी कतारों की खबरों के बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार कच्चे तेल, ईंधन और एलपीजी के भंडार का विवरण जारी किया। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश भर के सभी पेट्रोल पंप पर पर्याप्त भंडार है और वे सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। पेट्रोल या डीजल की कोई राशनिंग नहीं की जा रही है। विशेषकर छोटे शहरों में कुछ पेट्रोल पंप को पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा 'कैश-एंड-कैरी' यानी नकद भुगतान प्रणाली लागू किए जाने के बाद ईंधन की आपूर्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पेट्रोल पंप को दी जाने वाली ऋण राशि को पहले की एक दिन की अनुमति से बढ़ाकर तीन दिन से अधिक करने के लिए कदम उठाए गए हैं, ताकि पंप मालिकों की कार्यशील पूंजी संबंधी समस्याओं के कारण किसी भी पंप पर पेट्रोल और डीजल की कमी न हो। मंत्रालय ने कहा दुनिया के कई देश ईंधन की कीमतों में वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन वाहन प्रतिबंध और ईंधन स्टेशनों को जबरन बंद करने जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

# सीएम के आदेश पर शहीदों की प्रतिमाएं पुनर्स्थापित



पुनर्स्थापित शहीदों की प्रतिमाएं।

- रात भर चला तोड़ी गईं प्रतिमाओं का निर्माण कार्य
- महापौर और नगर आयुक्त ने माल्यार्पण कर किया नमन

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** शहर में काकोरी कांड के अमर शहीदों पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां और रामकृष्ण खन्ना की प्रतिमाओं को नगर निगम कार्यालय के बाहर स्थित स्थल पर दोबारा स्थापित कर दिया गया। इससे पहले सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान बुलडोजर से प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त हो गई थीं। इसके बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया था और विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नई प्रतिमाएं लगवाई गईं।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद नगर निगम की ओर से तेजी से कार्य शुरू कराया गया। क्षतिग्रस्त प्रतिमाओं को दुरुस्त कराने और प्लेटफार्म तैयार करने का काम देर रात तक चलता रहा और गुरुवार तड़के करीब चार बजे प्रतिमाओं को पुनः स्थापित कर दिया गया। सुबह होते ही लोगों को इसकी जानकारी हुई तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और प्रतिमाओं के दर्शन किए। इस दौरान महापौर अर्चना वर्मा और नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा पार्षदों के साथ पहुंचे और अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उल्लेखनीय है कि प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त करने के मामले को लेकर पनपे आक्रोश के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए नगर निगम के निर्माण विभाग के एई मनोज कुमार और जेई प्रमोद कुमार को निलंबित कर दिया था।

साथ ही संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई के साथ ही उसके खिलाफ थाना सदर बाजार में एफआईआर दर्ज कराई गई। नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रतिमाओं को पुनः स्थापित कर दिया गया है और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शासन स्तर पर जारी है।







## न्यूज ब्रीफ

### विकसित भारत युवा संसद 2026 आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, नेहरू युवा केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 27 मार्च को प्रात: 10 .00 बजे गांधी फ़ैज़-ए-आम कॉलेज के मल्टीपर्पज हाल में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद-2026 का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खां ने दी है। उन्होंने बताया कि युवा संसद वस्तुत: युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा और नागरिक अधिकारों के प्रति सचेत करने की एक पहल है।

### 31 से पूर्व गृह व जलकर अवश्य जमा कर दें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि निगम कार्यालय सामान्य दिनों की तरह अवकाश व रविवार को भी खुला रहेगा। सभी कर दाता अपना कर निगम में आकर जमा कर सकते हैं। जिन भवन स्वामियों ने अभी तक गृहकर व जलकर जमा नहीं किया है, वह 31 मार्च 2026 से पूर्व अवश्य जमा कर दें। अन्यथा 01 अप्रैल 2026 से बकाया धनराशि पर 12 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज देय होगा।

### सैयद दादा मियां का सालाना उर्स शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हजरत सैयद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय सालाना उर्स बृहस्पतिवार को मऊ खालसा स्थित मजार पर चादरपोशी की रस्म के साथ शुरू हो गया। उर्स कमेटी अध्यक्ष नसीर मियां की निगरानी में जायरीन ने मज़ार पर गुलपोशी व चादरपोशी कर दुआएं मांगी। मजार स्थल पर रोशनी व सजावट की गई है। देर शाम को मीलाद शरीफ हुई। जिसमें मीलाद ख़्वा ने ज़िक्रे रसूल किया। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को रात नौ बजे से महफिल-ए-समा में दिल्ली के कव्वाल सहीम नियाजी कव्वालियां पेश करेंगे। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को सुबह दस बजे कुल शरीफ के बाद लंगर वितरण किया जाएगा।

### अंडर 16 क्रिकेट ट्रायल मैच 3 अप्रैल को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में अंडर 16 के रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने व शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की फीस जमा करने वालों का ट्रायल मैच 3 अप्रैल को प्रात: 8 :00 बजे से कृभको फर्टिलाइजर क्रिकेट मैदान पर होगा। गुरुवार को शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक में यह तय हुआ। बैठक में सचिव आलोक मिश्रा, अध्यक्ष विष्णु भूषण जौहरी, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक ,उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, वत्सल, फिरोज आदि उपस्थित रहे। कोऑर्डिनेटर डॉ. मनोज यादव ने बताया कि अंडर 16 टीम चयन करने के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के जूनियर चयनकर्ता कमलकांत कनौजिया उपस्थित रहेंगे।

### 101 कन्याओं को आज कराया जाएगा भोज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला सराय काईयां स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर में आज शुक्रवार को सुबह 8 बजे 101 कन्याओं के कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में पाइप वाले संजय गुप्ता पुत्र व भक्तों के साथ शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह आरती के साथ पूजा अर्चना कर होगी, इसके बाद कन्याओं को भोजन कराया जाएगा। कन्याओं को उपहार प्रदान कर आशीर्वाद दिया जाएगा। आयोजन में समाज सेवी संजीव गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, टीनू गुप्ता, नीतू मिश्रा, सोनू गुप्ता, सोमू तिवारी, दीपू गुप्ता, राजू गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्त सहित अन्य भक्त मौजूद रहेंगे।

# वन प्रभाग का वार्षिक निरीक्षण अभिलेख मिले व्यवस्थित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने कर्मचारियों से संवाद कर समस्याएं भी जानी

**अमृत विचार:** पीपी सिंह अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रभारी मुख्य वन संरक्षक बरेली जोन की ओर से गुरुवार को शाहजहांपुर वन प्रभाग का वार्षिक कार्यालय निरीक्षण किया गया।

प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद शाखावार सभी कक्षों का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों को देखा। जिसमें पेंशन, नियुक्ति, योजनावार बजट एवं व्यय, लंबित प्रकरण तथा वेतन संबंधी अभिलेख शामिल रहे। निरीक्षण में सभी शाखाओं के अभिलेख सुव्यवस्थित पाए गए। लेखा शाखा में योजनावार बजट एवं व्यय निर्धारित मानकों के अनुरूप मिला। अभिलेखों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने प्रभाग में कार्यरत कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी व विभागीय कार्यकलापों को पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ संचालित करने के लिए मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण के दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी सहित प्रभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम प्रांगण में प्रतिमाओं के समक्ष बैठकर निगम प्रशासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

# कांग्रेसियों ने प्रतिमाओं पर गंगाजल छिड़क किया शुद्धिकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कार्यकर्ताओं ने देर शाम को निकाला मशाल जुलूस



मशाल जुलूस के दौरान निगम प्रांगण में निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरुवार को तीसरे दिन भी शहीदों की मूर्तियों के ध्वस्तीकरण के खिलाफ कांग्रेस ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोले रखा। शहीद स्मारक स्थल पर स्थापित की गई मूर्तियों पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने गंगाजल छिड़क कर शुद्धिकरण किया।

इसके बाद सभी कांग्रेसजन वहीं प्रतिमाओं के समक्ष बैठकर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त करते हुए नारेबाजी की और डीजे लगाकर देश भक्ति गीत गाए।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि यदि ये मूर्तियां नई हैं तो पुरानी मूर्तियों को कांग्रेस को सौंपा जाए। जिससे शहीद अशफ़ाक उल्ला खां की मूर्ति को दफनाया जा सके और शहीदाने वतन पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, स्वतंत्रता सेनानी प्रेम किशन खन्ना की मूर्ति को गंगा में विसर्जित कर सके। शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां ने कहा कि इतनी जल्दबाजी में ये कदम क्यों उठाया गया। यदि सौंदर्यीकरण होना ही था, तो शहीद परिजनों को विश्वास में लेना चाहिए था। शहीदों के सम्मान में ये लड़ाई जारी रहेगी। इसके बाद जिलाध्यक्ष, अशफ़ाक उल्ला खां के नेतृत्व में सभी कांग्रेसजन हाथों में मशाल लेकर टाउन हॉल, सदर बाज़ार से पैदल मार्च करते हुए ख़िरनीबाग स्थित शहीद स्तंभ पहुंचे और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, पार्षद तालिब खान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन, अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष सईद अंसारी, फैजान अली खान, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, अरुणोद मिश्रा, कुलदीप गुप्ता, पूनम पांडेय, नूरे सहर बी, मनीष कोरी, संजय सक्सेना सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रतिमाएं तोड़ने का विरोध, कब्र में प्रदर्शन

## प्रशासन ने समझाकर समाजसेवी को बाहर निकाला, तीन घंटे तक तनावपूर्ण रहा माहौल, जुटे लोग



नवी सलमान को कब्र से निकालते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- खन्नौत नदी किनारे प्रदर्शनकारी ने खुद खोदी कब्र

**अमृत विचार:** शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने के मामले को लेकर जिले में आक्रोश के बीच समाजसेवी नवी सलमान ने खन्नौत नदी किनारे अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने खुद कब्र खोदी और उसमें बैठकर विरोध जताया, जो करीब तीन घंटे तक चला। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो रहा। सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों ने काफी देर तक समझाने का प्रयास किया, जिसके बाद समाजसेवी को कब्र से बाहर निकाला गया और स्थिति को नियंत्रित किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन स्तर पर भी कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शहीदों की प्रतिमाओं को दोबारा स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं लापरवाही के आरोप में संबंधित जेई और एई को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही निर्माण कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की गई है। प्रशासन ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## क्रांतिकारियों की प्रतिमाएं तोड़े जाने पर जताई नाराजगी



क्रांतिकारियों की प्रतिमाएं तोड़े जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपते पार्टी पदाधिकारी।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि काकोरी कांड के नायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख अंग रहे हैं। 24 मार्च को हुई घटना न केवल विचलित करने वाली है बल्कि सामूहिक चेतना को भी आहत करती है। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रतिमाएं तोड़ने वालों को दंडित किया जाए और राष्ट्रीय अपमान के जुर्म में जेल भेजा जाए। इस दौरान मोहम्मद सलीम जिला मंत्री, राम शंकर लाल सह सचिव, नील कमल विजयी जिला प्रभारी माले व जिलाध्यक्ष ई-रिक्शा चालक यूनियन सहित कृष्ण कुमार, अवनीष सिद्धा, आशीष कपिल, नईम, यादे राजा, विशाल, अजय राजा, नकूल, राजीव, संजीव राना, जीव राजा, गजानंद ढमढेरे आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम के अधिकारियों पर एफआईआर की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहीद दिवस पर टाउनहाल स्थित शहीदों की प्रतिमाएं बुलडोजर से गिराए जाने के मामले में समाजसेवी नवी सलमान ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि शहीदों की प्रतिमाओं को जिस तरह से गिराया गया, वह बेहद शर्मनाक है। कृत्य में शामिल व्यक्ति या समूह को तत्काल निलंबित किया जाए और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मूर्तियों को हटाने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा गया कि उन्हें सम्मानपूर्वक कपड़ा लपेटकर हटाया जाना चाहिए था, जबकि जेसीबी के माध्यम से तोड़कर कूड़े की ट्रॉलियों से ले जाया गया, जो पूरी तरह गलत है। रात में की गई कार्रवाई को अंजाम देने पर भी आपत्ति जताई गई। प्रार्थना पत्र में नगर आयुक्त की भूमिका की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## मौन व्रत के बाद आज तोड़ा जाएगा संकल्प

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़े जाने के विरोध में दो दिनों से मौन व्रत रखे गुरुकुल सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कुमार सागर और उनके सहयोगी इस्लामिया इंटर कॉलेज के अध्यापक मोह. खालिद आज दोपहर 12 बजे टाउन हॉल स्थित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर अपना मौन व्रत तोड़ेंगे। इस दौरान वे मीडिया के सवालों के जवाब भी देंगे। लोगों से अपील की गई है कि शहीदों के सम्मान में साढ़े 11 बजे टाउन हॉल स्थित शहीदों की प्रतिमाओं के पास एकत्रित होकर कार्यक्रम में शामिल हों।

# नव प्रवर्तन प्रदर्शनी में राकेश प्रथम, रघुनन्दन को दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- किसानों, मैकेनिक, राज मिस्त्री मजदूर एवं शिल्पकार जुटे

**अमृत विचार :** जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में डीएम के अनुमोदन से जनपद स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। विभिन्न किसान, मैकेनिक, राज मिस्त्री / मजदूर एवं शिल्पकारों ने प्रतिभाग किया।

बृहस्पतिवार को प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव का स्वागत जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने पौध भेंट कर किया। मुख्य अतिथि ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 05 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार को नमूना चेक प्रदान किये। प्रथम पुरस्कार राकेश कुमार पाण्डेय (मिलेट्स की खेती), द्वितीय पुरस्कार रघुनन्दन (प्राकृतिक जैविक खेती), तृतीय स्थान कुमकुम पाण्डेय (स्वदेशी विधियों से तैयार अचार) एवं सांत्वना पुरस्कार (क्रमश अतिथि मिश्रा, कारीगर राधेश्याम, इब्ने हसन, मतलूब अली एवं खुर्शीद) को दिया गया। नवप्रवर्तन में अच्छा कार्य के लिए दीपक पाठक, मालाकार एवं ज्योति सक्सेना, भगवान ड्रेस निर्माता को सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी सफल बनाने में सहायक श्रमायुक्त, श्रम विभाग, उपायुक्त, श्रम रोजगार, उपनिदेशक, कृषि, जिला कृषि अधिकारी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समन्वयक, विज्ञान क्लब, राजन प्रजापति, समन्वयक, समग्र शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा अभियान ने प्रदान किया। अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने आभार व्यक्त किया।



प्रदर्शनी में विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

# पेट्रोल किल्लत की अफवाह, अफरा-तफरी

संवाददाता, खुटार



बंडा रोड स्थित पेट्रोल पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

- बंडा रोड स्थित पेट्रोल पंप पर भीड़ जुटी, बुलानी पड़ी पुलिस

**अमृत विचार:** युद्ध को लेकर पेट्रोल, डीजल की कमी के चलते गुरुवार को खुटार में इस बात की अफवाह फैल गई कि पंपों पर पेट्रोल खत्म हो गया है। इससे लोग घबरा गए और बाइक, बोतल, पीपा व अन्य चीजों को लेकर पंपों पर पहुंचने लगे। एक पंप पर भारी भीड़ जुटने के कारण पंप स्वामी को पुलिस बुलानी पड़ी गई और पूछताछ के बाद फैली अफवाह का पता चल सका। इसके बाद लोग वापस हुए।

गुरुवार शाम करीब 7:00 बजे खुटार बंडा रोड पर गुरुनानक फिलिंग स्टेशन पर कुछ लोग बाइक में पेट्रोल डलवाने गए थे। कर्मचारियों ने पेट्रोल नहीं होने की बात कहकर बाइक सवारों को वापस भेज दिया। लेकिन कुछ लोगों ने इस बात की अफवाह फैला दी कि पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल महंगा होने के साथ ही खत्म होने की कगार पर है और आगे मिलना मुश्किल हो जाएगा।

इस बात की अफवाह फैलने के बाद तमाम लोग बाइक, चार पहिया वाहनों के अलावा अन्य वाहनों को लेकर बंडा रोड पर स्थित जे.बी. फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल डलवाने पहुंच गए। लोगों ने बोतल, पीपा व एकत्रित करने वाले चीजों में पेट्रोल के लिए कर्मचारियों से कहा। लेकिन कई लोग पहले पेट्रोल लेने की बात कहकर उपद्रव मचाने लगे। इसके बाद पेट्रोल पंप स्वामी ने पुलिस को खबर कर दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और लोगों को जैसे तैसे वहां से हटाया। पेट्रोल पंप स्वामी ने बताया कि पेट्रोल पंप पर भारी तादाद में पेट्रोल, डीजल उपलब्ध है और कोई कमी नहीं है। लेकिन किसी ने पेट्रोल नहीं मिलने की अफवाह फैला दी। इससे लोग भयभीत हो गए और कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल डलवाने पहुंच गए।

## रामनवमी पर शनि मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ

**कुर्रिया कला, अमृत विचार:** रामनवमी के अवसर पर ग्राम पंचायत कौढ़ा स्थित शनि मंदिर परिसर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुआ पाठ देर शाम तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे परिसर में भक्ति गीतों और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। पाठ के बाद आरती और प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें गांव और आसपास के सैकड़ों लोग शामिल हुए। आयोजन में अनमोल पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश कुमार पाठक, भगवानशंकर दीक्षित, विमलेश द्विवेदी, देवेंद्र दुबे, इंद्रजीत ठाकुर, पप्पू शर्मा, रिंकू मिश्रा, शोभित द्विवेदी और बब्बू पाठक सहित ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# सम्राट अशोक का स्थान अग्रणी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सम्राट अशोक की जयंती पर पुष्प अर्पित करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सम्राट अशोक की जयंती गुरुवार को बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

गोष्ठी का आयोजन सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें सम्राट अशोक के व्यक्तित्व और उनके कार्यों पर चर्चा की गई। सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक विश्व के महान और शक्तिशाली सम्राटों में हमेशा शीर्ष स्थान पर रहे हैं और वे भारत के सबसे शक्तिशाली एवं महान सम्राट हैं। कार्यक्रम में सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, प्रदेश सचिव विजय सिंह,

- जयंती पर सपा कार्यालय में नेताओं ने पुष्प अर्पित कर रखे विचार

नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, अरविंद पाल, अंजली वर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, दुर्गेश कुमार गुप्ता, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, महिला जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, अंजली वर्मा, सविता कटारिया, पार्वती सैनी, मानवेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि शाहनवाज मौजूद रहे।

### सारनाथ का अशोक स्तंभ प्रमुख उदाहरण

पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल में सड़कों, अस्पतालों, विश्राम गृहों और कुओं का निर्माण करवाया। कला-वास्तुकला का व्यापक विकास हुआ, जिसमें सारनाथ का अशोक स्तंभ प्रमुख उदाहरण है। पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू ने कहा कि सम्राट अशोक के समय में 23 विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई, जिनमें तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और कंधार प्रमुख थे।

# इंडियन रेलवे लाइंस रोजा, रॉयल चैलेंजर्स कलान की टीम बनी विजेता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच व अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी के तत्वावधान में आयोजित अटेवा प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को तीन मैच खेले गए।

पहला मैच सुबह 08:00 बजे इंडियन रेलवे लोको लायंस रोज़ा तथा खुदागंज क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। बल्लेबाजी करते हुए इंडियन रेलवे लायंस रोज़ा ने निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट पर 129 रन बनाए। जवाब में उतरी खुदागंज क्रिकेट टीम शुरुआती झटकों से उभरते हुए संघर्ष किया। लेकिन अपने लक्ष्य से 11 रन दूर रह गए। इस प्रकार इंडियन रेलवे लाइंस रोज़ा ने 10 रनों से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच विनय कुमार रहे, जिन्होंने 13 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट लिए।

- अटेवा प्रीमियर लीग 2026 टूर्नामेंट में खेले गए तीन मैच

दूसरा मैच लोको एक्सप्रेस इलेवन तथा रॉयल चैलेंजर्स कलान के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लोको एक्सप्रेस इलेवन ने अपने निर्धारित 15 ओवर में 110 रन 8 विकेट खोकर बनाए। जवाब में उतरी रॉयल चैलेंजर्स कलान की शुरुआत बेहद खराब रही। पांच रनों पर पांच विकेट खोकर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और शानदार वापसी करते हुए 12.4 ओवर में 7 विकेट खोकर 111 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस तरह रॉयल चैलेंजर्स कलान 3 विकेट से विजयी रही। विजयी टीम के अर्जुन सिंह मैन ऑफ मैच रहे। उन्होंने शानदार 52 रन मात्र 28 गेंदों में बनाए तथा दो महत्वपूर्ण विकेट भी अर्जित किए।

### प्रोफेसर इलेवन ने चार विकेट से जीता मैच

तीसरा मैच मदनापुर टाइगर्स तथा प्रोफेसर इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मदनापुर टाइगर्स ने निर्धारित 15 ओवर में 150 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाए। जवाब में प्रोफेसर इलेवन की टीम ने इस रोमांचक मुकाबले को अंतिम गेंद तक ले जाते हुए 154 रनों के लक्ष्य को प्राप्त किया। टीम ने यह मैच चार विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच वरुण कुमार रहे। उन्होंने 28 रन मात्र 19 गेंद पर बनाए तथा 2 महत्वपूर्ण विकेट भी हासिल किए।

# नवरात्र: शक्ति, ज्ञान व पवित्रता का प्रतीक हैं नवदुर्गा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र पर वाल्मीकि बस्ती मोहल्ला मेहमान शाह में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि के आवास पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता पहुंचे और उपहार स्वरूप कॉपी पेन वितरित किए। उन्होंने बालिकाओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है इसलिए समय का सदुपयोग करते हुए अध्ययन करते रहे।

जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने कहा कि मां दुर्गा के नौ स्वरूपों (नवदुर्गा) की आराधना की गई है, जो शक्ति, ज्ञान और पवित्रता का प्रतीक है। माता रानी शक्ति का ही प्रतीक है। वह यश और बल की पूरक है।



कन्याओं को भोज कराते कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता। ● अमृत विचार

- कन्या भोज में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने शिक्षा के लिए किया प्रेरित

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष सईद अंसारी, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, इरशाद अली खां, मोहम्मद रजी खां, अजीत मास्टर, शाश्वत मिश्रा आदि मौजूद थे।




नवरात्रि पर बालिकाओं को भोजन कराते एसपी। ● अमृत विचार

## पुलिस लाइन में बालिकाओं को कराया भोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस लाइन स्थित मंदिर परिसर में एक भव्य भंडारा एवं बालिकाओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशन में हुआ। विधिवत पूजन-अर्चना के पश्चात बालिकाओं को आसन ग्रहण कराकर भोजन कराया गया। एसपी व अन्य अधिकारियों ने बालिकाओं को सम्मान पूर्वक भोजन परासा जो नारी सम्मान के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण है। अधिकारियों ने नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं स्वावलंबन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर एएसपी सिटी, एएसपी ग्रामीण, सीओ तिलहर, सीओ सदर, सीओ पुवायां, आरआई लाइन आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र...

**माँ सिद्धिदात्री: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नम:**

# एचटी लाइन की चपेट में आए युवक की गिरकर मौत

## गुरुवार सुबह खंभे पर एलटी लाइन संभालने के दौरान हादसा, नहीं लिया था शटडाउन, लाइनमैन के साथ गया था भगवानदास

- **भाई ने खेत स्वामी और दो लाइनमैन समेत चार लोगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट**

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** गांव भटनौसा में मोटर की लाइन में खराबी आने पर एलटी लाइन को संभालने के लिए खंभे पर चढ़ा युवक एचटी लाइन की चपेट में आकर नीचे गिर गया। युवक के सिर, पैर बुरी तरह से झुलस गए। हादसे के बाद दो लाइनमैन व साथी ने घायल को खुटार सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंच गए। भाई ने खेत स्वामी, दो लाइनमैन सहित चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।



मृतक भगवानदास।

पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर के गांव मोहनपुर निवासी अनुराग ने बताया कि उसका बड़ा भाई भगवान दास (40) खुटार विद्युत उपकेंद्र पर रहकर विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों की देखरेख में काम करता था। गुरुवार सुबह करीब 8:00 बजे गांव भटनौसा निवासी संजय त्रिवेदी ने फोन पर सूचना दी कि उनकी मोटर की एलटी लाइन खराब हो गई है। सूचना पर मोहल्ला पटवा वार्ड निवासी लाइनमैन संजय, कोट निवासी छोटे, विद्युत उपकेंद्र पर रह रहे लाइनमैन गौरव भगवान दास के साथ गांव पहुंचे। संजय त्रिवेदी से पूछताछ के बाद भगवान दास खंभे पर चढ़ गया। एलटी लाइन के ऊपर से एचटी लाइन गुजरी है। भगवान दास एलटी लाइन को संभालते वक्त एचटी लाइन के तार से छू गया। इससे झुलसकर वह खंभे से जमीन पर गिर गए। कर्मचारियों ने घायल अवस्था में उसे खुटार अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने भगवान दास को मृत घोषित कर दिया। अनुराग ने बताया कि बिजली लाइन को संभालने के दौरान कर्मचारियों ने शटडाउन नहीं लिया था। भाई को ऐसे ही खंभे पर चढ़ा दिया था। इससे यह हादसा हो गया। गुरुवार दिन के करीब पौने ग्यारह बजे घटना की जानकारी दी गई। तो वह खुटार अस्पताल पहुंचा। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी श्याम वीर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। अनुराग की तहरीर पर दो लाइनमैन, खेत स्वामी सहित चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पत्नी मुनीषा देवी, बेटा अभिनव, अभिषेक और बेटी अनामिका का बुरा हाल है।



परिजनों से घटना की जानकारी लेते थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह। ● अमृत विचार

> तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। **-श्यामवीर सिंह,** थानाध्यक्ष खुटार

> पुलिस द्वारा सूचना मिली थी मृतक बिजली विभाग में काम नही करता था। जांच कराई जाएगी कि मृतक किसके कहने पर लाइन सही करने गया था। और न ही शट डाउन लिया गया था। **-जितेंद्र कुमार,** जेई बिजली विभाग खुटार

### अनुराग और बिजली कर्मचारियों के बीच हुई नोकझोंक

भाई अनुराग ने लापरवाही का आरोप विभाग पर लगाया है। खुटार सीएचसी पर अनुराग की नोकझोंक आरोप में घिरे दो लाइनमैन, एक साथी से हो गई। बार-बार शटडाउन लेने पर विवाद खड़ा रहा। तकरीबन तीन घंटे ऐसे ही विवाद चलता रहा और मौके पर खेत स्वामी को बुलाने की बात होती रही। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत किया और शव पोस्टमार्टम को भेजा।

### बिजली विभाग के अधिकारियों ने झाड़ा पल्ला, कहा, कर्मचारी ही नहीं

बिजली विभाग की लापरवाही के चलते भगवान दास की मौत होने का मामला सामने आया है। इस मामले में विभाग के अधिकारियों ने पूरी तरह से चुप्पी साध ली है और भगवान दास को कर्मचारी मानने से साफ इनकार कर दिया है। इससे परिजनों ने कई सवाल अधिकारियों पर खड़े कर दिए हैं। परिजनों का कहना है कि कई वर्षों से खुटार विद्युत केंद्र पर रह रहे थे और यही काम करते थे। लेकिन हादसे के बाद अधिकारियों का रुख ही बदल गया। जबकि पत्नी का सुहाग और बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। फिर भी अधिकारी दु:खी परिवार की ओर देखने की जगह पहचानने से साफ इनकार कर रहे है।

### मृत घोषित करने के बाद परिजनों ने शव को रेत में दबाया

अस्पताल में मृत घोषित होने के बाद भी परिजनों को विश्वास नहीं हुआ। परिजनों ने अस्पताल के पड़ोस में पड़ी रेत में शव को दबा दिया। उन्हें लगा शायद करंट के प्रभाव से शरीर शून्य पड़ गया हो और रेत में दबाने से जान वापस आ जाए। ऐसे करते करीब कुछ घंटे रेत में शव दवाएं रखा। इसकी बाद शव को रेत से बाहर निकाला गया।

### कई सालों से काम कर रहा था भगवान दास

अनुराग ने बताया कि भाई खुटार के विद्युत उपकेंद्र पर वर्ष 2004 से काम कर रहा था। भगवान दास कर्मचारियों और अधिकारियों की देखरेख में उपकेंद्र पर ही रहता था। जबकि खुटार के गांव रसवां कलां का निवासी है। इसके अलावा बिजली विभाग में दिहाड़ी पर काम करने वाले लोगों का विभाग से कोर्ट में केस भी चल रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**खुटार, अमृत विचार:** गांव बाजपुर मुजफ्ता में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। शिनाख्त नहीं होने पर शव मोर्चरी में रखवा दिया है।पीलीभीत के सेहरामऊ उत्तरी रेलवे स्टेशन और अकेला हाल्ट के बीच खुटार के गांव बाजपुर मुजफ्ता के पास बृहस्पतिवार सुबह करीब आठ बजे रेलवे ट्रैक किनारे एक अज्ञात युवक का शव क्षत विक्षत पड़ा मिला है।

घटनास्थल पर जुटी भीड़ ने पुलिस को सूचना दी। सेहरामऊ उत्तरी की पुलिस ने जांच की लेकिन शव खुटार क्षेत्र में होने के चलते सेहरामऊ उत्तरी की पुलिस ने खुटार पुलिस को बुला लिया। शिनाख्त को कई लोगों से पूछताछ की। इसके बावजूद कुछ पता नहीं चल पाया। आशंका है कि बुधवार रात को चलती ट्रेन से युवक गिर गया होगा। हालांकि अभी मामला उलझा हुआ है। उम्र तकरीबन 25-30 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया गया है। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि आसपास क्षेत्र में पूछताछ कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### खंभे से टकराकर बाइक सवार की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया गंधार निवासी रामनरेश (50) साथी के साथ बुधवार की शाम मदनापुर गए थे। वह रात आठ बजे मदनापुर से कांट बाइक से लौट रहे थे। कांट-मदनापुर रोड पर लिंक मार्ग नारायनपुर गांव के सामने अनियंत्रित होकर बाइक खंभे से टकरा गई, जिससे बाइक सवार रामनरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। मदनापुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खेत पर दबंगों ने की मारपीट, हत्या की धमकी

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मझरिया मुड़िया खेड़ा निवासी मुकेश पुत्र छेदालाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 फरवरी दोपहर वह खेत पर काम कर रहा था। तभी गांव के राहुल, जितेंद्र, अखिलेश और आर सिंह वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गए। इस दौरान मुकेश के भाई मुंशी को भी पीटा गया, जिससे दोनों को चोटें आईं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### बाप-बेटे को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव सरैया आबाद निवासी केहरी ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 मार्च की रात नौ बजे गांव का विमलेश उसके दरवाजे पर आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी मकान में घुस गया और उसे बांका से प्रहार करके घायल कर दिया। उसका बेटा बचाने आया तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### साझेदार पर चोरी करने का आरोप

**खुटार, अमृत विचार :** गांव टंडोला निवासी गौरव वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने पास के गांव निवासी एक युवक के साथ मिलकर 25 फरवरी को मैलानी रोड पर बाबा चौराहा के पास एक जन सेवा केंद्र खोला था। 23 मार्च को केंद्र का ताला तोड़कर चोरी हो गई थी। गौरव ने साझेदार पर दोस्त के साथ चोरी करने का आरोप लगाया है। बताया कि ताले नहीं टूटे है बल्कि खोलकर इधर-उधर फेंक दिए गए। दुकान की दूसरी चाबी उसके साझेदार के पास रहती थी। दुकान का सामान आरोपी दोस्त की कार में भरकर ले गया है। जिसके निशान बने मिले। थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली हैं।

# स्मैक तस्कर की 80 करोड़ की संपत्ति सीज

- **मकान, शोरूम, प्लॉट और ईंट भट्टा किए गए फ्रीज**
- **कई थानों की पुलिस के साथ प्रशासन ने की कार्रवाई**

संवाददाता, मीरानपुर कटरा

**अमृत विचार:** स्मैक तस्कर रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू और उसके साथियों की अपराध से अर्जित 80 करोड़ रुपये की संपत्ति को पुलिस ने सीज करते हुए कब्जे में ले लिया। मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना थाना से आए इंस्पेक्टर सुभाष अत्री और क्राइम इंस्पेक्टर ललित शर्मा ने गुरुवार को बताया कि बुढ़ाना थाना पुलिस की ओर से आरोपी रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू निवासी मोहल्ला आतिशबाजान मीरानपुर कटरा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए जाने के बाद तिलहर तहसीलदार दीपेंद्र कुमार की मौजूदगी में क्षेत्रीय थानों की पुलिस फोर्स के साथ आरोपी की करीब दस संपत्तियों को फ्रीज किया गया।



फ्रीजिंग कार्रवाई करते पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्रवाई के दौरान सीओ ज्योति यादव, कोतवाल जुगल किशोर पाल, कटरा प्रभारी अवधेश सेंगर सहित गढ़िया रंगीन, जैतीपुर और खुदागंज थानों की पुलिस टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने संबंधित संपत्तियों पर बोर्ड लगाकर आम जनता को सूचित किया कि एनडीपीएस के कई मामलों में आरोपी स्मैक तस्कर रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू पुत्र सरताज और उससे जुड़े लोगों की संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया है। इसमें लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित चार मंजिला कॉम्प्लेक्स, खुदागंज रोड पर स्थित बिल्डिंग मैटेरियल का शोरूम, चार मकान, दो प्लॉट और जैतीपुर मार्ग पर स्थित ईंट भट्टा शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इन संपत्तियों से संबंधित किसी भी प्रकार के लेन-देन पर पूरी तरह रोक रहेगी।

# आत्महत्या को उकसाने में दो सूदखोर पर केस

- **सूदखोरों से परेशान होकर युवक ने पी लिया था तेजाब, इलाज के दौरान 9 दिन बाद मौत**
- **पैसा चुकाने के बाद भी कर रहे थे परेशान, कहा था- पैसा नहीं दे सकते तो जहर खा लो**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सूदखोरों से परेशान होकर आत्महत्या के इरादे से तेजाब पीने वाले युवक की नौ दिन बाद इलाज के दौरान बुधवार की रात में मौत हो गई। सदर बाजार पुलिस ने मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दो सूदखोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मेहमान शाह निवासी मोहम्मद रहमान उर्फ गुड्डू ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई चांद मियां (35 वर्ष) मोहल्ला ककरा कलां में पानी टंकी के पास रहता है। उसने मार्च 2025 में मोनू पांडे से 53 हजार रुपये रुपये उधार लिए थे, जो कि मोहित ने दिलवाए थे। कर्ज चुकाने के नाम पर उसका भाई अब तक डेढ़ लाख रुपये दे चुका था। आरोप है कि मोहित ओर मोनू पाण्डेय उसके भाई को बराबर परेशान करते थे। आरोपी उसके भाई से कहते है कि असल रकम बाकी है। दोनों सूदखोर उसके भाई को लगातार धमकी देने के साथ ही बेइज्जती करते रहते थे। आरोपी उसके भाई से कहते थे कि जहर खाकर मर जाओ।

आरोप है कि सूदखोरों की धमकी से तंग आकर 17 मार्च की दोपहर एक बजे उसके भाई चांद मियां ने तेजाब पी लिया। तबीयत खराब होने पर मेडिकल कॉलेज ले गया, जहां से डॉक्टर ने बरेली रेफर कर दिया था। बरेली में पांच दिन रखने के बाद फिर मेडिकल कॉलेज लाकर भर्ती कराया। चांद मियां की बुधवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि दो सूदखोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# खोखे में लगी आग, सामान जलकर राख

- **दो लाख रुपये के नुकसान का अनुमान, पीड़ित परेशान**

संवाददाता, मीरानपुर कटरा

**अमृत विचार :** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाड़े शरीफ के ठीक सामने स्थित एक खोखे में बुधवार देर रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, जिससे दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई।

दुकान स्वामी जमील खां ने बताया कि वह बुधवार की रात करीब 11 बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे। देर रात लगभग 2 बजकर 30 मिनट पर उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान में आग लग गई है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि दुकान जलकर राख हो चुकी थी।

आग से दुकान में रखा फ्रिज, इनवर्टर, बैटरी, बड़ी सौर ऊर्जा प्लेट, अलमारी सहित अन्य सामान नष्ट हो गया। साथ ही अलमारी में रखी करीब 7 हजार रुपये की नकदी भी जल गई।

परेशान पीड़ित ने बताया कि इस घटना में लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। यह भी बताया कि इससे पहले भी उनकी दुकान में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। इस संबंध में उन्होंने थाने में प्रार्थना पत्र भी दिया है।



राख हुआ सामान देखता दुकान स्वामी। ● अमृत विचार

### चाय बनाने के दौरान लगी आग, व्यक्ति झुलसा

**तिलहर, अमृत विचार :** घर में चाय बनाने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिससे एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। नगर के बहादुरगंज मोहल्ला निवासी उमाशंकर गुरुवार को अपने घर में चाय बनाने के लिए किचन में गए थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही गैस चूल्हा खोलकर माचिस जलाई। अचानक किचन में आग लग गई। गैस का रेगुलेटर बंद करने के दौरान आग से उनका एक हाथ और मुंह भी झुलस गया। उमाशंकर की गंभीर हालत के चलते उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

# मोबाइल फ्री में रिचार्ज न करने पर शोरूम के शीशे तोड़े, मारपीट

- **दुकान मालिक, नौकर को पीटा, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रोजा क्षेत्र में फ्री में मोबाइल रिचार्ज न करने पर आरोपियों ने शोरुम में घुसकर गाली-गलौज की और मालिक व नौकर को मारा पीटा। शीशे तोड़ दिए, जिससे करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रोजा क्षेत्र के मोहल्ला कैलाश नगर कॉलोनी निवासी सुशील कुमार कटियार ने बताया कि उसका हथौड़ा चौराहे के निकट राजू मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम शोरूम है। बीस दिन पूर्व सुबह साढ़े दस बजे उसके शोरूम में मोनू उर्फ रजनीश, महेंद्र, मोनू उर्फ रजनीश की मां व मोनू की बहन निवासी कैलाश नगर कॉलोनी रोजा उसके मकान से करीब 100 मीटर दूरी पर रहते है। सभी लोग उसके शोरूम में घुस आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे, पत्नी व दो नाबालिग बच्चों से हाथापाई की। शोरूम के शीशे तोड़ दिए, जिससे स्पीकर व कीमती सामान टूट गया। दुकान में काम करने नौकर गुलशन को भी पीटकर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान नौकर का 20 हजार रुपये का मोबाइल कहीं गिर गया। धमकी दी कि शोरूम बंद करवा दूंगा। तोड़फोड़ से 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। आरोप है कि आरोपी मोनू उर्फ रजनीश फ्री में मोबाइल रिचार्ज कराने के लिए आया था। शोरूम मालिक ने रिचार्ज फ्री करने से मना कर दिया था। इससे नाराज होकर आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी मोनू उर्फ रजनीश, महेंद्र समेत चार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर मारपीट

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** तहसील कलान क्षेत्र के ग्राम जाखिया निवासी जयवीर पुत्र लालाराम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके मकान के पास देवस्थान पर पीपल का पेड़ है, जिसकी पूजा उनके परिवार द्वारा की जाती है। यह जमीन गाटा संख्या 639 के रूप में खलिहान दर्ज है। आरोप है कि गांव के रामलखान, हरगोविंद, हरगोपाल और नन्ही जबरन कब्जा करना चाहते हैं। 21 मार्च की सुबह आरोपियों ने खलिहान की जमीन पर वाहन खड़ा कर दिया। विरोध करने पर जयवीर और उनकी पत्नी सुमन के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

**तिलहर, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार देने के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

गुरुवार को शाम 6:00 बजे गांव बेहटा मुरादपुर की नन्ही देवी ने किसी बात से नाराज होकर घर में रखी कीटनाशक दवाई पी ली। हालत बिगड़ने पर परिजन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। दूसरी तरफ गांव नौगाई निवासी तृष कुमार को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। जिससे नाराज होकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।




ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# संस्कारों से ही आएगा रामराज

## विवेकानंद नगर में हुए रामोत्सव में हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने किया मार्गदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



विवेकानंद नगर में रामोत्सव कार्यक्रम को उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शाहजीपुर महानगर के प्रखंड विवेकानंद नगर स्थित संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को रामोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश खांडेकर ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम का मंदिर बन गया है, लेकिन जब तक हमारे जीवन में राम के आदर्श नहीं होंगे तब तक रामराज की स्थापना संभव नहीं है।

कहा कि भारत एक समय विश्व गुरु था, जिसका कारण हमारे आचरण, संस्कार, विचार और व्यवहार थे, जिनसे हिंदू संस्कृति और भारतीय संस्कृति का निर्माण हुआ। इसी कारण विश्व ने भारत को गुरु माना। बताया कि विभिन्न संप्रदायों और धर्माचार्यों को एकत्र कर विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई और धर्म रक्षा का कार्य किया जा रहा है। भारत भूमि में जन्म लेना सौभाग्य है और धर्म की रक्षा करना ईश्वरीय कार्य है। समाज के जागरण और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने परिवार को पहली पाठशाला बताते हुए संस्कारयुक्त शिक्षा देने पर जोर दिया।

● **वक्ता बोले, जीवन में राम के आदर्श नहीं होने तक रामराज की स्थापना संभव नहीं**

कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष राजीव सिंह, विभाग मंत्री अशनील सिंह, प्रांत सह संपर्क प्रमुख सुमित खन्ना, प्रांत मिलन प्रमुख हरीश प्रजापति, प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अंकित मिश्रा, महानगर मंत्री धर्मेंद्र, महानगर उपाध्यक्ष रमेश, विभाग संयोजिका नीरा श्रीवास्तव, विभाग समरसता प्रमुख ओम गुप्ता, विभाग संयोजक पंकज गुप्ता, विभाग संयोजिका दुर्गा वाहिनी प्रीति शुक्ला, प्रतिमा यादव, प्रचार प्रमुख अनुभव गुप्ता, राधेश्याम, अरविंद वर्मा, कुणाल राठौड़, उदय राज, प्रमोद सिंह, पुरुषोत्तम दास, सोनू सिंह, सुरेश राठौड़, लखन, रामसहाय गुप्ता, सत्यभामा, संगीता संखवार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड मंत्री ऋतुराज ने किया।

## पशुओं को भरकर ले जा रहा ट्रक पकड़ा

**तिलहर, अमृत विचार :** गुरुवार को पशु ले जा रहे ट्रक को पुलिस ने पकड़ लिया। ट्रक में 23 पशु भरे थे।

कार्यकर्ताओं ने कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित नगरिया मोड़ पुलिस चौकी को सूचना दी कि शाहजहांपुर की तरफ से एक ट्रक में पशुओं को भरकर बरेली की तरफ ले जाया जा रहा है। नगरिया मोड़ पुलिस ने ट्रक रोककर उसकी तलाशी ली, तो उसमें 23 भैंसें क्रूरता पूर्वक भरी थी। पुलिस ने ट्रक भैंसों सहित कब्जे में ले लिया। चौकी इंचार्ज अनुज चौधरी ने बताया कि बरेली के नवाबगंज निवासी ट्रक चालक इकबाल खैराबाद से 23 भैंसों को बरेली ले जा रहा था।

## नामजद गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पुवायां उप निरीक्षक धर्मेंद कुमार ने बताया कि 22 जनवरी को रामचंद्र निवासी नत्थापुर थाना पुवायां ने रामचरन निवासी नत्थापुर, विट्टा निवासी नत्थापुर, वीरेश निवासी जेवा, रामेंद्र निवासी गंगाई, राजपाल निवासी गंगाई थाना पुवायां के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

# आतिशबाजी के साथ नगर का भ्रमण करेगी राम झांकी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **सहाय काईयां का प्राचीन रामनवमी मेला आज**

**अमृत विचार:** प्राचीन परंपरा के तहत सराय काईयां, रामबाग-गोशाला में आज रामनवमी मेले का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि हर वर्ष की भांति भगवान राम का जन्मोत्सव दिन में 12 बजे मनाया जाएगा और इसके बाद 1 बजे तक प्रसाद वितरण होगा। इसके बाद भगवान राम सहित चारों भाइयों की झांकी शाम 4 बजे मंदिर से निकलकर मोहल्ले में भ्रमण करती हुई शाम 7 बजे रामबाग बगिया पहुंचेगी।

यहां से झांकी रात्रि 11:30 बजे आगे बढ़ेगी और उदासी बाबा के स्थान पर रुकेगी, फिर रात्रि 12:30 बजे नाथ बाबा के स्थान होते हुए चौकी सराय काईयां पहुंचेगी। रात्रि 1 बजे चौकी सराय काईयां के सामने विशेष आतिशबाजी का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद झांकी वापस मंदिर पहुंचकर प्रातः 6 बजे तक नाच-तमाशे और अन्य कार्यक्रम चलते रहेंगे। मेले में नाच-तमाशे, डीजे, आतिशबाजी, बैंड और लाउडस्पीकर की व्यवस्था रहेगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व महापौर अर्चना वर्मा रात्रि 10 बजे भगवान की पूजा और आरती करेंगे। संजय गुप्ता पाइप वाले भी शामिल होंगे। आयोजन समिति में मुख्य सलाहकार सुरेश चंद्र गुप्ता, समाज सेवी राजीव गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, ठाकुर लल्ला सिंह, पंकज गुप्ता, संजय कनौजिया, पार्षद वार्ड चार सराय काईयां दिलीप राठौर उर्फ लल्ला, सचिन मिश्रा, संजीव गुप्ता, अनुज त्रिवेदी, नवल किशोर वर्मा, मेला उपाध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, महामंत्री अरविंद दीक्षित, मेला अध्यक्ष विश्वमोहन मिश्रा, शिवसहाय लाल, महेश चंद्र, प्रज्जवल गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता तथा प्रबंधकर्ता अभिनव मिश्रा, अवनीश दीक्षित, प्रांजल मिश्रा सहित अन्य जुटे हैं।

## तेंदुआ व शावकों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव कहेलिया से कस्बे को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर पिछले चार दिनों से तेंदुआ दो शावकों के साथ दिखाई देने से लोगों में दहशत है।

एक माह पूर्व आनंद प्रकाश सिंह उर्फ मटोल सिंह के खेत में ट्रांसफार्मर के नीचे करंट लगने से एक तेंदुआ मृत मिला था। उसके बाद से क्षेत्र में तेंदुओं की मौजूदगी की चर्चा चल रही थी। बुधवार दोपहर रेलवे स्टेशन कहेलिया के पास गेट संख्या 311 से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर राजपाल सिंह यादव के बाग में खेतों की ओर जा रहे किसानों ने एक तेंदुआ और दो शावकों को देखा। शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर जुट गए और वन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने सतर्क रहने की सलाह दी।

# रमल वेबसीरीज में नजर आएंगे मंडल के कलाकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहीदों की नगरी शाहजहांपुर में इन दिनों रमल नामक वेब सीरीज की शूटिंग विभिन्न स्थानों पर की जा रही है, जिसमें बरेली मंडल के कलाकार प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। डायरेक्टर एवं राइटर अरुण मित्र हैं, जबकि एसोसिएट डायरेक्टर के रूप में प्रमोद शर्मा, अनस खान, मुशर्रफ, बबलू, पुनीत शर्मा, योगेश पाण्डेय और अंकित सक्सेना कार्य कर रहे हैं। एसोसिएट प्रोड्यूसर के रूप में हमजा जुड़े हैं।

कलाकारों में मुख्य भूमिका में बरेली की अभिनेत्री पूर्णिमा शर्मा, अभिनेता तौकीर खान, योगेश पाण्डेय, शाहिद खान, गौरव भारती, राजबहादुर, अभिषेक पाल, जागेंद्र सिंह, अंकित सक्सेना और ऋषिवाला शामिल हैं। मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कलाकारों ने बताया कि अब सिनेमा केवल मुंबई तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि छोटे शहरों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है और यहां बेहतर लोकेशन भी उपलब्ध हैं।

**समाज को जागरूक करने का प्रयास**

अभिनेत्री पूर्णिमा शर्मा ने बताया कि वेब सीरीज में उन लोगों की कहानी दिखाने का प्रयास किया गया है, जो चोरी-छिपे अपराध कर बच निकलते हैं। उन्होंने बताया कि उनका सफर बरेली से मुंबई तक थियेटर के माध्यम से शुरू हुआ और उन्होंने सरकार, सरकार राज जैसी फिल्मों में भी भूमिका निभाई है। अभिनेता तौकीर खान ने कहा कि इस वेबसीरीज के जरिए समाज को जागरूक करने का प्रयास किया गया है, जिससे लोग बढ़ते अपराध से बच सकें।

## ट्रैक्टर पलटा, युवक की दबकर मौत

**निगोही/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** निगोही के गांव पैतापुर निवासी रामवीर(35) गुरुवार की सुबह दस बजे खेत से गन्ना ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर दूसरे खेत पर ले जा रहा था।

रास्ते में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई, जिससे रामवीर घायल हो गया। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और घायल रामवीर को सीएचसी पर ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दो बेटे वैभव- हर्षित, पत्नी रुबी और मां रामदेवी बेहाल है।

## बच्ची माता-पिता को सौंपी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार तोमर ने बताया कि एंटी रोमियो को सूचना मिली कि 4 साल की बच्ची लावारिस हालत में मां दुर्गा मंदिर के पास रो रही है, जो नाम व पता नहीं बता पा रही है। टीम उसे थाने ले आई।। चाकलेट, बिस्कुट आदि दिया। माता-पिता की जानकारी कर सौंप दिया।

# काली अखाड़ा, भस्म आरती ने किया आकर्षित

संवाददाता, तिलहर



रामनवमी शोभायात्रा में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रामनवमी के अवसर पर नगर क्षेत्र के सरकारी अस्पताल के पास स्थित बंसी वाले के मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भक्तों की ओर से शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। शोभायात्रा में रंग-बिरंगी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं और डीजे पर बज रही राम धुनों के बीच भक्त भक्ति भाव में डूबे नजर आए। काली अखाड़ा व भस्म आरती के प्रदर्शन ने भी लोगों का ध्यान खींचा।

शोभायात्रा में राधा कृष्ण, राम दरबार, बजरंगबली, शिव पार्वती और भारत माता की झांकियां शामिल रहीं। यह यात्रा बंसी वाले मंदिर से शुरू होकर मोहल्ला घेरचोवा, कच्चा कटरा, मीरगंज, मौजमपुर, दातागंज, बजाजा मार्केट, मुख्य बाजार चौराहा, बिरियागंज और कुम्हारों वाली पुलिया होते हुए वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। पहली बार शोभायात्रा मार्गों पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस के जवानों को तैनात किया गया।

● **रामनवमी पर रंग-बिरंगी झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा**

इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित साहू, नेता संजय गुप्ता, राज दीपक शर्मा, अंकित अग्रवाल, अनुज राठौर, बाबूराम हिंदू, सुरेश शर्मा पप्पू, अपूर्व ओमर, अनुज मिश्रा, राजीव रस्तोगी और अरुण गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अपराध निरीक्षक सुनील यादव पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस इलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड सम्मेलन में मजदूरों की विभिन्न समस्याएं उठाईं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सम्मेलन में असंगठित मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद व अन्य।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश असंगठित मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद ने यूनियन के पदाधिकारियों के साथ 25 मार्च को लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के सम्मेलन में प्रतिभाग कर मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

सम्मेलन में भाग लेकर लौटे मोहम्मद खुर्शीद ने बताया कि सम्मेलन में गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स की चुनौतियों की सुरक्षा की आवश्यकताओं के लिए प्लेटफॉर्म वर्कर्स, ट्रेड यूनियनों एवं एग्रीगेटर्स के साथ संवाद स्थापित किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव श्रम, सेवायोजक विभाग एवं अध्यक्ष बीओसीडब्ल्यू बोर्ड, डॉ. एमकेएस सुंदरम आईएएस, बीओसीडब्ल्यू बोर्ड की प्रमुख सचिव पूजा यादव आईएएस, उत्तर प्रदेश सेवायोजन विभाग की निदेशक नेहा प्रकाश आईएएस, सामाजिक सुरक्षा बोर्ड (ई-श्रम कार्ड) उप श्रमायुक्त पंकज सिंह राणा एवं अन्य शासन स्तर अधिकारियों ने मजदूरों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही श्रमिकों के हितों के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। जिसमें देश व प्रदेश से ट्रेड यूनियन एवं गिग व प्लेटफॉर्म वर्कर्स एवं असंगठित मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद ने गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्कर्स पर विचार रखे। साथ ही प्रमुख सचिव श्रम के सामने गिग व प्लेटफॉर्म वर्करों की विभिन्न समस्याएं और मांगे रखीं। सम्मेलन में शाहजहांपुर यूनियन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मतलूब अली, प्रदेश संगठन मंत्री एवं जिला शाहजहांपुर प्रभारी राधेश्याम गुप्ता सम्मिलित हुए।

● **असंगठित मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ने दी जानकारी**

# अजय की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, विसरा प्रिजर्व

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **जांच के लिए जाएगा, परिजनों ने साथी पर लगाया शराब में जहर देने का आरोप**

**अमृत विचार:** पुवायां पुलिस ने अजयपाल के शव का पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया। पुलिस बिसरा को जांच के लिए भेजी गई। परिजनों ने शराब में जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया था।

पुवायां थाना क्षेत्र के मोहल्ला तकिया निवासी अजयपाल बाइक मिस्त्री थी और पुवायां में उसका खोखा था। वह अपने एक साथी के साथ नौकरी की तलाश में उन्नाव गया था। मंगलवार को वह उन्नाव में पुल के नीचे बेहोशी की हालत में मिला था। परिवार वाले उसे पुवायां लेकर आए थे। डाक्टर ने अजय पाल को मृत घोषित कर दिया था। परिवार वालों का आरोप है कि पुवायां का एक युवक उसे नौकरी की तलाश में अपने साथ ले गया था। अजयपाल शराब पीता था। परिवार वालों का आरोप था कि उसके साथी ने शराब में जहर देकर मारडाला था। परिवार वालों का कहना है कि उसका साथी घर से लापता है और उसका मोबाइल बंद है। परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर बुधवार को अंतिम संस्कार नहीं किया था।

पुलिस ने कहा था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। पुवायां पुलिस ने अजयपाल के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से विसरा प्रिजर्व कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बिसरा जांच के लिए भेजा जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पागल कुत्ते के हमले से दो भाई व बकरी घायल

संवाददाता, खुटार



कुत्ते के हमले से घायल भाई।

**अमृत विचार:** गांव के पास तालाब के किनारे बकरी चरा रहे चचेरे भाइयों पर पागल कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्चों के साथ-साथ एक बकरी को नोच डाला।

गांव नवदिया मनकंठ निवासी सुरेश ने बताया कि गुरुवार को उसका पुत्र सोमपाल(13) चचेरे भाई अक्षय(8) पुत्र सर्वजीत के साथ गांव के किनारे स्थित तालाब के किनारे बकरी चरा रहा था। 10 बजे एक पागल कुत्ते ने दोनों पर हमला कर दिया। भाइयों को नोंचकर घायल करने के बाद बकरी पर हमला कर कान काट डाला। दोनो भाइयों के चीखने चिल्लाने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बच्चों व बकरी को कुत्ता से बचाया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल दोनो भाई सीएचसी ले गए। जहां उनका उपचार किया गया। वहीं आक्रोशित लोगों ने कहा कि प्रशासन आवारा पशुओं पर लगाम नहीं लगा पा रहा है।

● **आसपास मौजूद लोगों ने बचाया**

# खाई में पलटी कार, 3 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

● **गजरौला क्षेत्र में बिठौरा और मुड़ेला कला के बीच हुआ सड़क हादसा**

● **पुलिस व ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भेजा**

**अमृत विचार :** असम हाईवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। हादसे में महाराष्ट्र के एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा गया।

थाना गजरौला क्षेत्र में गुरुवार को बिठौरा कला और मुड़ेला कला के बीच नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताते हैं कि महाराष्ट्र के गढ़ नागपुर निवासी अजय बंसल (40), उनकी पत्नी पायल बंसल (38) और 12 वर्षीय पुत्री सनाया बंसल कार से यात्रा कर रहे थे। परिवार शाहजहांपुर के खुटार क्षेत्र में रिश्तेदारी से लौट रहा था और पंजाब जाने के लिए निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार अधिक थी, जिससे चालक संतुलन खो बैठा और वाहन खाई में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। तीनों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। एसओ ब्रजवीर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा वाहन से नियंत्रण खोने के कारण हुआ प्रतीत होता है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और घायलों के परिजनों को सूचना दी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### मजार के रास्ते को लेकर पथराव

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव हिंडौर में मजार के रास्ते और जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्ष में पथराव हुआ। कई लोग घायल हो गए। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मामला गांव में खजूर वाले बाबा की मजार तक जाने वाले मार्ग और जमीन का है। जिसको लेकर मुस्लिम समाज के दो पक्ष अक्सर आमने सामने आ जाते हैं। दोनों पक्ष रास्ते पर अपना अपना दावा करते हैं। गुरुवार को भी दोनों पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी के कुछ देर के बाद मारपीट और फिर पथराव होने लगा। दोनों पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

### मुकदमों के माल का किया गया निस्तारण

**बदायूं, अमृत विचार :** एसएसपी के निर्देश पर थानों पर लंबित मुकदमों के माल के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल, सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय की मौजूदगी में आयुध अधिनियम के 260 माल, आबकारी अधिनियम के 268 माल मुकदमाती में लगभग 5410 लीटर कच्ची श्राब और जुआ अधिनियम के 101 माल समेत 629 का निस्तारण किया गया।

### महिला से ठगी, पुलिस ने रुपये कराए वापस

**बदायूं, अमृत विचार :** इस्लामनगर निवासी एक महिला की बेटी रूस में पढ़ाई कर रही है। करेंसी चेंजिंग के नाम पर महिला से अलग-अलग तिथि में तीन लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी। महिला ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई थी।

# राम नवमी पर निकली शोभा यात्रा

## भगवान राम की भक्ति में डूबा रहा शहर, सारा दिन चला नृत्य-गायन


शोभा यात्रा में बैंड बाजा बजाते कलाकार। ● अमृत विचार


नृत्य करते इस्कॉन मंदिर के भक्त। ● अमृत विचार

- **शोभा यात्रा में गूंजे जय श्री राम और हर- हर महादेव की नारे, रामयम रहा वातावरण**

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** रामनवमी पर शहर में श्री रघुनाथ जी मंदिर और श्री सनातन धर्म सभा के संयुक्त तत्वावधान में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में स्वचालित झांकियां और काली माता के अखाड़े मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। शोभा यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

शहर में निकली रामनवमी शोभा यात्रा की शुरूआत श्री रघुनाथ जी मंदिर से दोपहर तीन बजे हुई। मंदिर के सनातन धर्म सेवा समिति के पदाधिकारियों ने राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के स्वरूपों का तिलक किया। इसके बाद समिति पदाधिकारियों ने शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। शोभा यात्रा में स्कूली बच्चों ने भी बैंड के साथ भाग लिया। इसमें गणेश, महादेव-पार्वती, राम दरबार, राधा-कृष्ण और नवग्रह की धार्मिक झांकियों के साथ-साथ देशभक्ति से जुड़ी झांकियां भी शामिल थीं। अखाड़ों में कलाकारों ने तलवारबाजी का प्रदर्शन किया। शोभा यात्रा टिकटगंज, हलवाई चौक, गोपी चौक, लोटनपुरा, जोगीपुरा, लावेला चौक, गद्दी चौक, पुराना बाजार होते हुए रघुनाथ मंदिर पर पहुंची। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा के दौरान जय श्रीराम, हर-हर महादेव के जयकारों से शहर गूंज उठा। रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी, श्री राम जी चले न हनुमान के बिना आदि गीतों और भजनों पर भक्त झूमते रहे। यात्रा की शोभा बढ़ाने के लिए कई झांकियां दूसरे जिलों से मंगवाई गई थीं जो कि आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभा यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। भारी संख्या में पुलिस बल शोभा यात्रा के साथ चल रहा था। इसके अलावा जगह-जगह पुलिसकर्मी और पैरामिलिट्री के जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी।


यात्रा में शामिल काली का अखाड़ा। ● अमृत विचार


शोभा यात्रा में शामिल श्रीराम की झांकी।

### जनप्रतिनिधियों ने किया शोभा यात्रा का स्वागत

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में शोभा यात्रा बड़े श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुई। स्वागत यात्रा का नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक आविद रजा व बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने स्वागत किया। इस मौके पर अशोक खुराना, अमित अरोर, अक्षत अशेष, शिव स्वरूप गुप्ता, विजय मेहंदीरत्ता, कामेश पाठक, शैलेंद्र कबीर आदि शामिल हुए।

## भक्ति और श्रद्धा के साथ मना महाअष्टमी पर्व

**बिल्सी, अमृत विचार:** वासंतिक नवरात्र के आठवें दिन नगर में महाअष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। आदिशक्ति के ''महागौरी'' स्वरूप की पूजा-अर्चना के बाद घर-घर में कन्या पूजन का आयोजन किया गया।

सुबह से ही बस्तियों और कॉलोनियों में छोटी कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर पूजन का सिलसिला शुरू हो गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। महाअष्टमी की शुरुआत मंदिरों में विशेष आरती और हवन के साथ हुई। भक्तों ने देवी दुर्गा को हलवा, पूड़ी और चने का भोग लगाया। इसके पश्चात ''कंजक'' खिलाने की परंपरा निभाई गई। नौ कन्याओं और एक बटुक (लांगुरिया) को घर बुलाकर श्रद्धापूर्वक उनके पैर पखारे गए, उन्हें कुमकुम का तिलक लगाया गया और कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर माता का आशीर्वाद लिया गया। नगर के बंबा चौराहे स्थित दीपक बाबा ने अपने आवास पर कन्याओं की पूजाकर उपहार भेंट किए। पूजा के बाद कन्याओं को विशेष रूप से तैयार किया गया प्रसाद खिलाया गया। लोगों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार कन्याओं को फल, दक्षिणा, खिलौने और स्कूल का सामान उपहार स्वरूप भेंट किया। कई स्थानों पर सामूहिक कन्या पूजन के आयोजन भी देखे गए, जहां सैकड़ों कन्याओं ने एक साथ भोजन ग्रहण किया।

## राम नवमी में निकली शोभा यात्रा, हुई पुष्प वर्षा


भगवान राम के स्वरूप की पूजा करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार

**संवाददाता, उझानी**

- **शोभा यात्रा में शामिल झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र**

**अमृत विचार:** नगर में गुरुवार को राम नवमी के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्री कामधेनु गौशाला कमेटी के तत्वावधान में निकाली गई। शोभा यात्रा को केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने भगवान राम की पूजा करने के बाद आरंभ कराया। मोहल्ला बाजार कलां, किला खेड़ा, साहूकारा, बिल्सी रोड, स्टेशन रोड, पुरानी अनाज मंडी, कछला रोड होते हुए बिहारी जी के मंदिर में संपन्न हुई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान राम की झांकी की आरती उतारकर प्रसाद का वितरण भी किया। शोभा यात्रा में पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, गौशाला कमेटी के अध्यक्ष रतन कुमार जिंदल, भाजपा के नगर अध्यक्ष सचिन अग्रवाल बंटी, राजकुमार बंसल, सर्वेश कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


शोभा यात्रा में शामिल काली का अखाड़ा। ● अमृत विचार

# धूमधाम से मनाई गई अशोक जयंती

**संवाददाता, करियामई**

**अमृत विचार :** विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत करियामई में मौर्य समाज की ओर से मनवीर सिंह शाक्य की अध्यक्षता में सम्राट अशोक जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई।

जयंती पर गांव के मुख्य तिराहों और चौराहों को चूना व फूलों से सजाया गया जिससे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। महान सम्राट अशोक के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर केक काटा गया। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को जयंती की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने सम्राट अशोक के शांति, न्याय और जनकल्याणकारी आदर्शों को याद किया। समाज के लोगों ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण भी कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान रघुनंदन शाक्य और मनवीर सिंह शाक्य ने चक्रवर्ती सम्राट अशोक के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आराम सिंह, सत्यपाल, रामपाल, अनिल कुमार, उमेश शाक्य, धर्मदास, बाबू, सूर्य, जीतू सहित मौर्य समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में शामिल बच्चे और ग्रामीण। ● अमृत विचार

## सर्व लोकहित सम्राट अशोक महान के शासन का था मूल मंत्र


सम्राट अशोक महान की जयंती मनाते मौर्य शाक्य समाज के लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बिल्सी**

**अमृत विचार:** मौर्य शाक्य समाज ने सम्राट अशोक चौक पर सम्राट अशोक महान की 2330 वी जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । भाजपा नेत्रा ममता शाक्य ने समाज के लोगों के साथ सम्राट अशोक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सम्राट अशोक की जयंती पर शोभा यात्रा भी निकाली गई। इससे पूर्व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा नेता ममता शाक्य ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक महान अखंड भारत के निर्माता थे। उन्होंने जन कल्याण के कार्य किए। मौर्य शाक्य कुशवाहा सैनी महासभा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर शाक्य ने कहा कि सम्राट अशोक विश्व के महानतम सम्राटों में से एक थे।

## फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

**बदायूं, अमृत विचार :** जरीफनगर थाना क्षेत्र में एक महिला का शव फंदे पर लटका मिला। मायका पक्ष ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है। इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव पतीसा निवासी सत्यपाल सिंह की बेटी राजेश्वरी की शादी लगभग चार साल पहले जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी प्रदीप पुत्र वीरेश पाल के साथ हुई थी। मायका पक्ष को सूचना मिली कि राजेश्वरी (28) का शव फंदे पर लटक रहा है। मायका पक्ष मौके पर पहुंचा। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में सोने की चेन, अंगूठी और बाइक की मांग कर रहे थे।

## ईको कार न देने पर महिला को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों पर महिला को घर से निकालने का आरोप है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मलिकपुर निवासी नीतू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी शादी लगभग सात साल पहले सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरऊ निवासी शिवकुमार पुत्र वीरेंद्र के साथ हुई हुई थी। शादी में उनके पिता ने लगभग छह लाख का सामान दिया था। आरोप है कि इससे ससुरालीजन खुश नहीं थे। दहेज में ईको कार की मांग कर रहे थे। पति शिवकुमार, ससुर वीरेंद्र, सास अंगूरी व देवर मोनू परेशान करने लगे थे।

## रुदायन के नामित सभासदों को दिलाई गई पद की शपथ



नामित सभासदों को पद की शपथ दिलाते बिल्सी एसडीएम विनोद कुमार।

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** रुदायन नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। बिल्सी एसडीएम विनोद कुमार सिंह ने सरकार की ओर से नामित सभासद डॉ. रजनी गुप्ता, विद्यारतन चौधरी और श्रीपाल को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण से पहले वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने सभी नामित सभासदों और एसडीएम का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह में पंडित भगवान स्वरूप शर्मा, जीवन दत्त शर्मा, रवेंद्र शर्मा, सुनील गुप्ता उर्फ सनी, मालती देवी, विष्णु गुप्ता, मृदुल गुप्ता, डॉ. अजीत मोहन, देवेंद्र सक्सेना, चुनमुन गुप्ता, पदम गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



न्यूज ब्रीफ

### खेत पर जाकर युवक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मुझियाना निवासी जगदीश पुत्र दीनदयाल ने बताया कि चार मार्च को दोपहर एक बजे गांव का वासुदेव उनके घर के सामने बाइक से गिर गया। उन्होंने वासुदेव को उठाया। इसी दौरान वह उन्हें गाली देने लगा। जगदीश चुपचाप अपने खेत की ओर चले गए। बाइक सवार वहां से चला गया। कुछ समय के बाद वासुदेव, राहुल, विशाल, दीपू खेत पर पहुंचे और जगदीश के साथ मारपीट करने लगे। वह चिल्लाए तो आस-पास खेतों पर काम कर रहे किसानों ने उन्हें बचाया। उन्होंने भी अपने परिजनों को सूचना दी। उनके परिवार के लोग खेत पर पहुंचे। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### एनएसएस शिविर में वित्तीय साक्षरता कार्यशाला हुई आयोजित

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। वित्तीय साक्षरता को लेकर चर्चा की गई। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के विशेषज्ञ मोहम्मद इजहार हुसैन ने छात्र-छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन के पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# बर्ड फ्लू की आहट, प्रशासन ने रैपिड रेस्पांस टीमों को किया अलर्ट

## पशुपालन विभाग को हाईअलर्ट पर रख नियंत्रण उपाय करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रदेश के कई जिले में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने की सूचना के बाद जिले में प्रशासन की ओर से भी अलर्ट जारी कर दिया है। जिले में भी फ्लू के फैलने की संभावना को व्यक्त करते हुए प्रशासन की ओर से पशुपालन विभाग को तैयारी रखने के आदेश दिए हैं। रेपिड रेस्पॉन्स टीमों को अलर्ट पर रखने को कहा गया है। साथ ही, गोशालाओं और पोल्ट्री फार्म में साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि समय पर इस फ्लू की रोकथाम की जा सकी।

गर्मियां शुरू होते ही बर्ड फ्लू अपने पांव पसारने लगता है। इस बार नेपाल सीमा के नजदीक जिले में बर्ड फ्लू के कुछ मामले सामने आए हैं। बर्ड फ्लू अन्य जिलों तक अपनी पहुंच न बना पाए, इसके बचाव के लिए शासन की ओर से सतर्कता बरतने के आदेश डीएम को दिए गए हैं।

- प्रदेश के कई जिलों में बर्ड फ्लू फैलने की सूचना पर प्रशासन ने पशुपालन विभाग को जारी किए निर्देश

> गर्मियों के दिनों में बर्ड फ्लू अधिक फैलता है। प्रवासी पक्षियों के सर्दियों के दिनों में आगमन की वजह से यह फ्लू फैलता है। अभी अपने यहां ऐसी स्थिति नहीं हैं। अन्य जिले में कुछ मामले सामने आए हैं। सतर्कता बरतते हुए टीमों को अलर्ट किया जा रहा है। एहतियात के तौर पर मुर्गी फार्म में जांच के निर्देश हैं। लोगों को साफ-सफाई और खान-पान में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।
>
> -डॉ. समदर्शी सरोज, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी।

शासन से मिले आदेश पर डीएम ने पशुपालन विभाग को फ्लू की रोकथाम के अभी से उपाय करने को कहा है। पशुपालन और वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं जिसमें कहा गया है कि जनपद में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पोल्ट्री फार्म व पोल्ट्री दुकानों से सैंपल लिए जाने की तैयारी रखी जाय। जिन स्थानों पर प्रवासी पक्षियों का आवागमन अधिक रहता है, उन क्षेत्रों में सर्विलांस टीमों को सक्रिय किया जाय। कुक्कुट पालकों से लगातार संपर्क बनाकर रखा जाय जिससे पक्षियों में किसी भी असामयिक बीमारी व मृत्यु की दशा में तत्काल सूचना प्राप्त मिल सके। सभी खण्ड विकास अधिकारियों को गोवंश आश्रय स्थलों पर साफ-सफाई व सैनिटाइजेशन का कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### पिछले साल लिए गए थे 1,592 सैंपल

पिछले साल मई माह के दौरान प्रदेश के कई जिलों में बर्ड फ्लू फैला था। जिले में भी सतर्कता बरती गई थी। पशुपालन विभाग की ओर से जिले में संचालित छोटे बड़े 27 मुर्गी फार्म और प्रवासी पक्षियों के 1,592 सैंपल लिए गए थे। उन्हें जांच के लिए आरवीआरआई बरेली भेजा गया था। सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई थी।

### बर्ड फ्लू के लक्षण

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बर्ड फ्लू संक्रमण अधिक खतरनाक होता है। इसके संक्रमण की पहचान पैरों में सूजन, रक्तस्राव व नीला पड़ना, नाक और आंख से पानी बहना, सर्दी जुकाम हो जाना है। इसके साथ ही, सांस लेने में तकलीफ, दस्त, अंडे देने की दर में कमी आना, पक्षियों का असामान्य व्यवहार जैसे मुर्गियों का एक साथ बैठना और खाना कम खाने पर पहचान की जा सकती है।

### फ्लू से करें बचाव

पक्षियों को नियमित रूप से बीमारियों से बचाव के टीके लगवाएं। मुर्गी फार्म व पशुओं के ठहरने वाले स्थान साफ रखें। कीटनाशक, कीटाणु नाशक दवाओं का छिड़काव करें। लक्षण दिखते ही पशु चिकित्सक से संपर्क करें। कुक्कुट मांस या अंडे को अच्छी तरह पकाकर ही खाएं। मुर्गी फार्म में बाहरी पशु-पक्षी या व्यक्ति को प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी जाय।

## प्रतिभाशाली बच्चे परिवार, देश का नाम करते हैं रोशन

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** गोविंदापुर ममरी स्थित नाइस एजुकेशनल एकेडमी के वार्षिकोत्सव में गुरुवार को मुख्य अतिथि खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने कहा कि शिक्षित होकर प्रतिभाशाली बच्चे परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

पूर्व एमएलसी शशांक यादव की अध्यक्षता में हुए वार्षिकोत्सव में सांसद ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति और समाज का निर्माण होता है। अतिथियों का स्वागत फूल मालाओं से किया गया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, नाटक, नृत्य, एकांकी पेश कर अतिथियों का मन मोह लिया। विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक लखीमपुर के पूर्व उपाध्यक्ष रामसागर वर्मा ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए शिक्षा के प्रचार प्रसार पर बल दिया। मुख्य अतिथि ने विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। संचालन सुयेश वर्मा ने किया। वार्षिक उत्सव को प्रधानाचार्य कुलवंत सिंह चीमा, महेंद्र कुमार त्रिपाठी, महेंद्र उर्फ महेश वर्मा, दयाशंकर वर्मा, भगीरथ वर्मा, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, विजय कांत एडवोकेट, संबोधित किया। कार्यक्रम में नीरज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जंगल में भटकी मासूम को निकाला गया सुरक्षित



पिता की गोद में बच्ची, साथ में बच्ची को लाने वाली पुलिस टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ओरछी चौराहे पर तैनात पुलिस पिकेट ने रविवार को तत्परता दिखाते हुए एक बड़ा हादसा होने से टाल दिया। खेलते समय जंगल की ओर गई एक मासूम बच्ची को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खोज निकाला और उसके परिजनों के सुपुर्द किया। बच्ची को सुरक्षित देख माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े।

ग्राम बेहटा गोसाईं निवासी अशोक कुमार परमानंदपुर स्थित एक मोटरसाइकिल एजेंसी पर कार्य करते हैं। गुरूवार शाम उनकी पुत्री रीता खेलते-खेलते अचानक लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन जब बच्ची का कहीं सुराग नहीं लगा। बदहवास होकर उन्होंने गांव में पूछताछ करनी शुरू कर दी। किसी अनहोनी की आशंका से ग्रामीण और परिजन बुरी तरह घबराए हुए थे। सूचना मिलते ही ओरछी चौराहे पर तैनात एसआई बिजेंद्र सिंह और पुलिसकर्मी नीरज शर्मा तुरंत बिना समय गंवाए पुलिस टीम के साथ इस्लामनगर मार्ग से सटे घने जंगलों की ओर रुख किया। काफी देर तक खेतों और झाड़ियों में खोजबीन शुरू की। बाद में पुलिस ने बच्ची को सकुशल ढूंढ लिया। बच्ची के पिता अशोक ने बताया कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई की वजह से ही उनकी बेटी आज उनके पास है। उन्होंने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में पुलिस ने जिस तरह मदद की, वह सराहनीय है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी पुलिस कर्मियों के इस मानवीय चेहरे और मुस्तैदी की जमकर प्रशंसा की है।

## महिला की सड़क हादसे में मौत

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** पटेल चौक मोहित मैगी पॉइंट के सामने टैम्पू से उतरकर हाईवे किनारे दुपट्टा उठाने गई महिला को बाइक ने टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे बरेली रेफर कर दिया गया लेकिन वहां ले जाते समय रास्ते में महिला की मौत हो गई।

गुरुवार को उझानी की तरफ से टेंपो आ रहा था। जिसमें वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव लहेरा निवासी सब्बो (38) पत्नी नेकशू सवार थीं। वह परिवार के साथ बडे.सरकार की दरगाह से वापस लौट रही थीं। पटेल चौक पर महिला का दुपट्टा तेज हवा से निर्माणाधीन राजमार्ग के दूसरी ओर उड़कर चला गया। महिला टेपो से उतरकर दुपट्टा उठाने गईं। तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। महिला दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल ले गई थी जहां से महिला को बरेली रेफर किया गया था।



पेट्रोल पंप पर जांच करते जिला पूर्ति अधिकारी। ● अमृत विचार

## पूर्ति विभाग ने गैस एजेंसी पर चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पूर्ति विभाग ने गैस सिलेंडर की समय से आपूर्ति कराने और डीजल तथा पेट्रोल की उपलब्धता बनाए रखने के लिए शहर में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियों ने पेट्रोल पंपों की जांच की।

जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान पता चला कि विभिन्न गैस एजेंसियों पर 19711 घरेलू गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल पंपों पर 1507 किलो लीटर पेट्रोल व 1978 किलो लीटर डीजल का स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल पंप धारकों के जरिये आपूर्ति प्राप्त करने के लिए तेल कंपनी में निरन्तर इण्डेण्ट लगाये जा रहे है। पंप संचालकों को तेल कंपनी से उनकी मांग के अनुसार डीजल व पेट्रोल की प्राप्ति हो रही है।

## ई-रिक्शा और बाइक की सामने से भिड़ंत, आठ घायल

**उसावां, अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर उसावां थाना क्षेत्र में शिव शक्ति पेट्रोल पंप के पास बाइक और ई-रिक्शा की भिड़ंत हो गई। हादसे में आठ लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। घायलों को पहले उसावां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और वहां से जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। नगर पंचायत उसावां के वार्ड पांच निवासी रघुवीर की पत्नी गिरजावती, बेटा रामवीर, सतीश व उनका बेटा धर्मवीर अपने खेत पर गेहूं की फसल की कटाई के बाद गुरुवार शाम लगभग पांच बजे ई-रिक्शा से वापस लौट रहे थे। पेट्रोल पंप के पास हजारा मोड़ पर सामने से तेज रफ्तार से आई बाइक से ई-रिक्शा की भिड़ंत हो गई। ई-रिक्शा सवार चार लोग और बाइक पर सवार बिनावर क्षेत्र के गांव रहमा निवासी जुबैर, जुनैद, आकाश उर्फ बाला और इमरान उर्फ लविश घायल हो गए।

## जापान में गूंजी वॉटर वूमेन शिप्रा की आवाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** वॉटर वूमेन के नाम से विख्यात शिप्रा पाठक की आवाज जापान में गूंजी। उन्होंने जापान में आयोजित आईएऑफओआर के अंतरराष्ट्रीय मंच से शिक्षा, स्थायी विकास और सामाजिक न्याय के बीच गहरे संबंध को रेखांकित किया। दुनिया से एक संतुलित भविष्य की दिशा में सोचने का आह्वान किया। उनका संबोधन प्रभावशाली रहा। भारतीय शिक्षा दर्शन की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला साबित हुआ।

दातागंज की मूल निवासी शिप्रा पाठक ने अपने वक्तव्य में भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ शिक्षा प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की समग्र प्रक्रिया थी। गुरुकुल में शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ करियर बनाना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, संवेदनशील और संतुलित व्यक्ति का निर्माण करना था। इस प्रणाली में अनुशासन, सेवा, सहयोग, प्रकृति के प्रति सम्मान और नैतिक मूल्यों का समावेश स्वाभाविक रूप से होता था जो आज के वैश्विक संकटों के समाधान में अत्यंत प्रासंगिक हैं।



जापान में आयोजित कार्यक्रम में अन्य देशों के विशेषज्ञों के साथ मौजूद वॉटर वूमन शिप्रा पाठक।

- गुरुकुल आधारित नैतिक शिक्षा को बताया स्थायी विकास की कुंजी

उन्होंने वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि आज का विद्यार्थी अंकों और प्रतिस्पर्धा के बोझ तले दबा हुआ है। उन्होंने चेताया कि शिक्षा का यह स्वरूप युवाओं को मानसिक तनाव और अवसाद में धकेल रहा है। शिक्षा में मानवीय मूल्यों का समावेश अनिवार्य है। विद्यार्थियों के मूल्यांकन में सिर्फ परीक्षा के अंक ही नहीं, बल्कि उनके व्यवहार, अनुशासन, सामाजिक भागीदारी और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता को भी शामिल किया जाना चाहिए। कम से कम 10 प्रतिशत अंक ऐसे मानकों के लिए निर्धारित किए जाएं। शिप्रा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह देश में 15 हजार किमी पदयात्रा कर 55 लाख पौधे लगा चुकी हैं। जब शिक्षा को प्रकृति और समाज से जोड़ा जाता है, तभी उसका प्रभाव गहरा और स्थायी होता है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बवासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

RMCH BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गवर्नमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## किशोरी लापता, साथ ले गई 25 हजार रुपये

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 17 साल की बेटी 10 मार्च से घर से लापता है। युवक ने सोचा कि बेटी मोहल्ले में कहीं चली गई होगी लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी वह नहीं लौटी तो रिश्तेदारी में उसकी तलाश की। उसका कहीं पता नहीं चला। इसी बीच पता चला कि घर का सामान भी गायब है। 25 हजार रुपये और सोने की बाली नहीं थी। पूछताछ के बाद पता चला कि गांव निवासी युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है।

## मिशन शक्ति : महिलाओं को किया जागरूक



महिलाओं को जागरूक करती थाना पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर थाना पुलिस का अभियान चल रहा है। गुरुवार को थाना पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्र और कस्बे में जागरुकता अभियान चलाया।

कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने घर-घर जाकर तथा समूह बैठकों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आत्मनिर्भर बनने के तरीकों की जानकारी दी। साथ ही दैनिक जीवन में आवश्यक यातायात नियमों का पालन करने पर भी विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा शासन की योजनाएं भी बताईं।

## लोकप्रिय शिक्षक अवध ओझा से रूबरू होंगे स्कूलों के बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को इतिहास पढ़ाने के लिए जाने वाले लोकप्रिय शिक्षक अवध ओझा से जिले के बच्चे रुबरु होंगे। बच्चों को सोशल मीडिया पर तैयारी के लिए प्रेरित करने लोक प्रिय शिक्षक 29 मई को बदायूं आ रहे हैं। वह शहर के डीपीएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उनकी ओर से सिविल सेवा में अपने करियर को बनाने वाले बच्चों को प्रेरित करेंगे।

गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव सामंतो ने बताया कि उनके विद्यालय में एक शैक्षिक गतिविधि होती है जिसे जूनियर सिविल एस्पिरेंट कहते हैं। इसमें कक्षा छह से 12 तक के छात्रों को प्रतिदिन ऐसा पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है जो बच्चे भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं, उन्हें काफी मददगार साबित होगा। स्कूल की ओर से प्रत्येक वर्ष एक प्रारंभिक परीक्षा के बाद मुख्य परीक्षा व मुख्य परीक्षा में सफल छात्र को साक्षात्कार के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में स्कूल में आयोजित होने वाली इस गतिविधि के संबंध में सिविल सेवा के प्रति मोटिवेशन करने वाले शिक्षक अवध ओझा को बताया जिसे सुनकर वह अति उत्साही हुए और उन्होंने स्कूल में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा। साथ ही, उस कार्यक्रम में शामिल होने की इच्छा रखी।



कार्यक्रम संबंधी जानकारी देते डीपीएस स्कूल के प्रधानाचार्य।

- 29 मार्च को डीपीएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### मुजरिया विद्युत सब स्टेशन पर 27 मार्च को रहेगा शटडाउन

**वितरोई, अमृत विचार :** जनपद में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए केंद्र सरकार की योजना के तहत कार्य हो रहे हैं। इसी योजना के तहत मुजरिया स्थित 33/11 केवी सब स्टेशन पर पीबीसी की स्थापना व ऊर्जीकृत करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके चलते 27 मार्च को शटडाउन रहेगा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सब स्टेशन की बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शटडाउन के दौरान आवश्यक कार्यों को समय पर पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को भविष्य में बेहतर व सुचारु विद्युत आपूर्ति मिल सके।

### नगर भ्रमण करेगी मेहंदीपुर से लाई गई बाबा की ज्योति

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर में 30 मार्च को मेहंदीपुर से लाई जाने वाली बाबा की पवित्र ज्योति का भव्य नगर भ्रमण कराया जाएगा। यह कार्यक्रम संकट मोचन दरबार के महंत पंडित संजय शर्मा के सानिध्य में होगा। महंत संजय शमा्र ने बताया कि नगर भ्रमण को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। शोभा यात्रा में काली अखाड़ा, बड़े हनुमान की झांकी, भगवान राम की आकर्षक झांकी और वानर सेना मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। नगर के पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहेगा। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह फूल वर्षा और आतिशबाजी कर बाबा की ज्योति का स्वागत किया जाएगा। नगर को भक्ति भाव से सजाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### दो मंजिला मकान गिरने के मामले में चार पर रिपोर्ट

**वजीरगंज, अमृत विचार :** कस्बा वजीरगंज स्थित एक आइस फैक्ट्री परिसर में बना दो मंजिला मकान धराशायी हो जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में आइस फैक्ट्री मालिक ने अपने पड़ोसी सहित उसके परिवार के चार लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित गौरव वार्ष्णेय के अनुसार उनके पड़ोसी रंजिशन उनके मकान के बराबर में जेसीबी मशीन से ज्यादा गहराई से मिट्टी की खुदाई कराई थी। आरोप है कि यह खुदाई की नीयत से कराई गई थी कि मकान की नींव कमजोर होकर गिर जाए जिसके चलते उनका दो मंजिला मकान अचानक धराशायी हो गया। मकान गिरने से पास खड़ी उसकी कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# आरोपी के ताऊ पर जमीन कब्जाने की रिपोर्ट दर्ज

## 12 मार्च को एचपीसीएल के प्लांट पर गोली मारकर की गई थी दो अधिकारियों की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दातागंज स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर 12 मार्च की दोपहर बैठक में उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या के मामले में जांच और तेज हो गई है। जांच के दौरान हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के ताऊ पूर्व प्रधान राकेश सिंह पर जमीन कब्जा कर गेस्ट हाउस बनाने का मामला सामने आने पर हल्का लेखपाल की तहरीर पर राकेश सिंह व उनके परिजनों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हत्याकांड के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह, उसके सहयोगी धर्मेंद्र यादव, मुनेंद्र विक्रम सिंह को जेल भेजा था। अतिक्रमण करने पर 11 दुकानें और एक मकान तोड़ा जा चुका है। बुधवार देर शाम मुख्य हत्यारोपी के चार भाइयों समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। अब एक और मामले में पूर्व प्रधान और उनके परिजनों पर मूसाझाग थाने पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप है कि पूर्व प्रधान ने गांव सैंजनी के बिजलीघर के पास जमीन पर कब्जा कर गेस्ट हाउस बनाया था। जांच के बाद तहसील प्रशासन ने गेस्ट हाउस सील किया था। इससे पहले तहसील प्रशासन ने पूर्व प्रधान की 53 दुकानों को सील कर रखा है। तहसीलदार कोर्ट में वाद दायर किया गया है। दातागंज एसडीएम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जमीन पर कब्जा कर गेस्ट बनाने की शिकायत मिली थी। हल्का लेखपाल को रिपोर्ट दर्ज करने को निर्देशित किया गया था।



इसी प्लांट पर हुई थी दो अधिकारियों की हत्या।

### सीबीआई जांच की मांग को लेकर 29 को न्याय यात्रा निकालेगी कांग्रेस

**बदायूं, अमृत विचार :** प्लांट पर दो अधिकारियों की हत्या मामले की सीबीआई जांच को लेकर कांग्रेस 29 मार्च को न्याय यात्रा निकालेगी। इसे सीतापुर सांसद राकेश राठौर से हरी झंडी दिखाने का आग्रह किया गया है। इससे पहले 29 मार्च को कांग्रेस की बैठक होगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने बताया कि न्याय यात्रा से एक दिन पहले समरेर में बैठक हागी। न्याय यात्रा का ब्लू प्रिंट तैयार होगा। न्याय यात्रा शहर के डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क से शुरू होगी। समरेर, दातागंज, उसावां, म्याऊं, हजरतपुर, सैंजनी, उसहैत के गांवों से होकर गुजरेगी। यात्रा में सीबीआई जांच और शोकाकुल परिवार को न्याय की आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मृतक अधिकारियों के परिजन एसआईटी जांच से संतुष्ट नहीं हैं। वह सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। राज्य सरकार को सीबीआई जांच की मांग स्वीकार कर लेनी चाहिए। जांच ऐसी हो कि कोई भी दोषी न बचे और निर्दोष न फंसे। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने तक कांग्रेस संघर्ष करेगी।


अजीत यादव।

# परिजन का आरोप, हत्याकांड में शामिल था प्लांट का एक अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एसएसपी से मिले हर्षित के परिजन, सीएम के जीरो टॉलरेंस पर जताया भरोसा

**अमृत विचार :** प्लांट के सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा के परिजनों ने गुरुवार को आवास पर जाकर एसएसपी अंकिता शर्मा से मुलाकात की। तकरीबन सवा घंटे की बात के बाद परिजन एसएसपी आवास से बाहर निकले। हर्षित के पिता ने मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस पर भरोसा जताया। उन्होंने प्लांट के एक अधिकारी पर भी हत्याकांड में शामिल होने का आरोप लगाया।

एचपीसीएल के प्लांट पर हुए हत्याकांड में मारे गए हर्षित मिश्रा के परिजन गुरुवार दोपहर लगभग पौने दो बजे एसएसपी आवास पर पहुंचे जहां हत्याकांड की विवेचना कर रहे मूसाझाग के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र तोमर को भी बुलाया गया था। जहां परिजनों को पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई के बारे में बताया गया। परिजनों के कुछ सवालों का जवाब जांच के बाद देने का आश्वासन दिया गया है। लगभग सवा घंटे की मुलाकात में परिजन पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्ट नजर आए। इसके बाद आवास से बाहर आए हर्षित मिश्रा के पिता सुशील मिश्रा ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री और एसएसपी की जीरो टॉलरेंस नीति पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि हत्याकांड में प्रभावशाली व्यक्ति के अलावा प्लांट का एक अधिकारी भी शामिल था।


एसएसपी से मुलाकात के बाद आवास से बाहर आए हर्षित मिश्रा के पिता सुशील मिश्रा।

### कब्जा करने पर सैंजनी के 11 अन्य लोगों पर भी मामला दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** दोहरे हत्याकांड में मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह और उसके ताऊ राकेश सिंह और परिजनों के खिलाफ तहसील प्रशासन की कार्रवाई हो रही है। गुरुवार को हल्का लेखपाल हेम सिंह ने गांव निवासी जोरपाल पुत्र हिम्मत, श्रीराम पुत्र नन्हें लाल, बिट्टू पुत्र चरन सिंह, रामौतार पुत्र लल्लूराम, गिरीश चंद्र गुप्ता पुत्र कृष्णा गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता पुत्र ओमकार, सुनील कुमार पुत्र मुन्ना लाल, सुबोध पुत्र मुनी कुमार, मुश्ताक पुत्र मुकद्दीश और राजपाल पर मामला दर्ज कराया है।

### बॉ स्कूल मोंगर की छात्राएं बना रहीं खाना, वीडियो वायरल

**कुंवरगांव, अमृत विचार:** सालारपुर ब्लाक क्षेत्र गांव मोंगर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पढ़ने वाली छात्राओं से खाना बनवाया जा रहा है। बच्चियों से ऐसा कराने से न सिर्फ उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि शिक्षक और शिक्षिकाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वायरल वीडियो पर अभिभावक कह रहे कि वह विद्यालय में बच्चों को पढ़ने के लिए भेजते हैं और वहां उनसे खाना बनवाया जा रहा है।

अभिभावकों का कहना है कि ऐसे लापरवाह शिक्षकों और शिक्षिकाओं पर कार्रवाई की जानी चाहिए। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में रसोइया तैनात है। इसके बावजूद बच्चों से चूल्हे पर रोटी सिंकवाई जा रही है। वीडियो में रसोईया पास मे बैठी है और बच्चे कल पेपर होने की बात कह रहे हैं। बच्चे कहते नजर आ रहे कि कल बंदगोभी बनेगी। इस विद्यालय में पहले भी बच्चों से झाड़ू और सफाई कराने का वीडियो वायरल हो चुका है। इसकी जांच खंड शिक्षा अधिकारी के जरिये कराई गई थी लेकिन किसी के खिलाफ कार्रवाई न हो सकी। अब छात्राओं से रोटियां सेकने का वीडियो वायरल हुआ है।

# नवरात्र अष्टमी पर हुई मां गौरी की पूजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- घर और मंदिरों में कराया हुआ हवन-पूजन, मंदिरों में लगी कतार
- दुर्गा अष्टमी पर भोर से घंटा-घड़ियाल से मंदिर हुए गुंजायमान

**अमृत विचार:** नवरात्र के आठवें दिन गुरूवार को मां भगवती के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। शहर के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी रही। घरों में कन्या भोज कराया गया।

शास्त्रों के अनुसार महागौरी की विधिवत पूजा-अर्चना करने से जीवन का हर कष्ट दूर होता है। भक्तों को माता की कृपा प्राप्त होती है। नवरात्र के आठवें दिन की पूजा का विशेष महत्व है। कुछ लोग नवरात्रि के दौरान पूरे व्रत नहीं रख पाते। वे प्रतिपदा और अष्टमी तिथि को व्रत रखते हैं। देवी भागवत पुराण में बताया गया है कि आठवें दिन की पूजा मां दुर्गा के मूल भाव को दर्शाता है और महादेव के साथ उनकी अर्धांगिनी के रूप में महागौरी ही सदैव विराजमान रहती हैं इसलिए माता का एक नाम शिवा भी है। महागौरी की पूजा करने से सोम चक्र जागृत हो जाता है और इनकी कृपा मात्र से हर असंभव कार्य पूरा हो जाता है। शहर के नगला मंदिर में चैत्र नवरात्र में मां के दर्शन करने के लिए प्रातः से ही भक्तों की लंबी लाइन लगी रही।

भक्तों ने मां काली के दर्शन कर पूजा की। साथ ही, मुराद पूरी करने के लिए प्रार्थना की। वहीं, श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर कन्याओं को हलवा-चना, सब्जी, पूड़ी आदि का भोजन कराया। अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दक्षिणा भी दी। शुक्रवार को नवरात्र का नवां दिन होगा। इस दिन नवरात्र का आखिरी पूजन माना जाता है। इस दिन ज्यादातर श्रद्धालु हवन- पूजन कराने के साथ कन्या भोज कराते हैं।


अष्टमी पर मां काली की पूजा करते भक्त। ● अमृत विचार

# अवैध खनन में माफिया समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मंगलवार सुबह लगभग पांच बजे फैजगंज बेहटा क्षेत्र में खनन माफियाओं ने की थी अभद्रता

**अमृत विचार :** अवैध खनन और मानकों को दरकिनार कर दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम के नेतृत्व में कार्रवाई जारी है। चेकिंग के दौरान वाहन स्वामी और एक कथित पत्रकार ने एआरटीओ को धमकाया व वाहन छोड़ने को कहा और एआरटीओ से अभद्रता की। एआरटीओ ने तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एआरटीओ ने बताया कि उन्होंने 24 मार्च की सुबह 5 बजे से 11 बजे तक फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव आसफपुर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान रामपुर जिले की सीमा के पास गांव आसफपुर में तीन ट्रेलर में अवैध रूप से खनन भरा मिला था। एआरटीओ ने तीनों ट्रेलर को रोका। एक ट्रेलर पर पंजीयन नंबर नहीं दिख रहा था जबकि बाकी दोनों ट्रेलर का पीछा करके पकड़ा। मांगने के बाद भी ट्रेलर चालक ने बिल्टी, धर्म कांटे की पर्ची, ड्राइविंग लाइसेंस नहीं दिखाए। प्रवर्तन पर्यवेक्षक और अन्य स्टाफ ट्रेलर में बैठा और आसफपुर पुलिस चौकी लाने लगे।

इसी दौरान वह खनन माफिया जिन्होंने अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट ढकी थी वह उनके पास आ गए। खुद को असुरक्षित महसूस करने पर एआरटीओ ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। वाहन पुलिस चौकी पहुंचने पर डायल 112 पुलिस भी पहुंच गई। वाहन संख्या एचआर 58 ई 8611 और आरजे 09 जीडी 8491 के ओवरलोड होने पर चालान करके ट्रेलरों को चौकी पर खड़ा कराया गया। आरोप है कि वाहन स्वामी उत्तराखंड के बाजपुर क्षेत्र के कनौरा निवासी शिव कुमार पुत्र प्रेम सिंह, मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र मिलक पंडित नगला निवासी अंकुर कुमार पुत्र छविपाल सिंह और खुद को पत्रकार बताते हुए आसफपुर निवासी अनुज पाठक आए और धमकाना शुरू कर दिया।

धमकाते हुए वाहनों को छोड़ने का दबाव बनाने लगे। ऐसा न करने पर झूठी शिकायत करने और सोशल साइट्स पर प्रसारित करने की बात कही। एआरटीओ ने दोनों वाहनों पर 2 लाख 63 हजार रुपये जुर्माना लगाया जिससे गुस्सा होकर अंकुर कुमार ने धमकी दी कि इस बार तो धोखे से चकमा देकर गाड़ी पकड़ ली लेकिन दोबारा ऐसा किया तो वाहन चढ़ाकर भाग जाएंगे। रोड पर हड्डी भी नहीं मिलेगी। एआरटीओ ने बताया कि वह खनन माफिया है। पहले भी वह नंबर प्लेट ढककर टक्कर मारने का प्रयास कर चुके हैं। चेकिंग के दौरान उनके वाहन की नंबर प्लेट ढकी हुई थी। पुलिस ने शिव कुमार, अंकुर कुमार, अनुज पाठक और एक अज्ञात पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, बिना साक्ष्य के छवि धूमिल करने, धमकाने आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में ट्रेलर की चेकिंग करते एआरटीओ हरिओम।

### रात में गश्त के दौरान पुलिस को दिखी युवती परिजनों को सौंपी

**विजय नगला, अमृत विचार :** रात में गश्त के दौरान पुलिस को एक युवती नजर आई। पुलिस युवती को थाने ले गई। पूछताछ के बाद उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बुधवार रात पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गांव विजय नगला पहुंचने पर एक युवती पैदल आती नजर आई। पुलिस ने उसे रोककर रात में घूमने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह परिजनों से नाराज होकर घर छोड़कर आई है। युवती ने अपने गांव का नाम अहिरवारा बताया। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना देकर परिजनों को थाने बुलाया। पुलिस के सामने परिजनों ने युवती से माफी मांगी।

# पुलिस ने जन सहयोग से लगवाईं स्ट्रीट लाइट

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराते हुए मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को नया आयाम दिया है। थाना फैजगंज बेहटा के सुरेनी पापड़ी से फैजगंज बेहटा जाने वाले कच्चे मार्ग पर जहां अंधेरे के कारण महिलाओं को आवागमन में असुरक्षा महसूस होती थी, वहां टीम ने जन सहयोग के माध्यम से ब्रह्मदेव मंदिर मार्ग पर तीन स्ट्रीट लाइटें लगवाईं हैं।

पुलिस ने बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया है। साथ ही, बाजार में भी सक्रियता बढ़ाई। एंटी रोमियो टीम ने सुरेनी पापड़ी बाजार में बेवजह घूम रहे युवकों की चेकिंग की और उन्हें सख्त चेतावनी दी। रामनवमी के मद्देनजर मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग ओरछी चौराहे पर मिशन शक्ति टीम ने पैदल गश्त की। एसआई सुनील कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी पंपलेट बांटे और उन्हें सरकारी योजनाओं व टोल-फ्री नंबरों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर एसआई सुनील कुमार बिश्नोई, विनीत सिंह, राहुल सिंह, प्रवेश कुमारी शामिल रहीं।


**तलाश गुमशुदा**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा हरिशचंद पुत्र बैजनाथ लोध जो कि दिनांक 26.01.2026 को समय करीब 05 बजे शाम को बिना बताए घर सही कहीं चला गया है, जो अभी तक अपने घर नहीं पहुंचा है। जिसके सम्बन्ध में थाना धौरहरा में गुमशुदगी संख्या 04/2026 पंजीकृत है। जिस किसी सज्जन को गुमशुदा के बारे में जानकारी प्राप्त होती है तो निम्न मोबाइल नंबरों पर सूचित करें। हुलिया:- रंग- गोरा, चेहरा गोल, आंख, कान, नाक, औसत, कद- 5 फिट निशान- कोई नहीं पहनावा- पैन्ट शर्ट जूता पहने हुए है।

वैजनाथ लोध (गुमशुदा के पिता) मो. 9670107306
अरूण कुमार तिवारी (उ.नि.) थाना धौरहरा मो. 6386889239
प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा खीरी मो. 9454403777


# गर्मियों के दिनों में गहराएगा जल संकट, हो रहा जल दोहन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले में चार ब्लॉक डार्क जोन हैं घोषित, डार्क जोन में बंद हैं नलकूप कनेक्शन
- बिना एनओसी शहर में लग खुल रहे आरओ प्लांट, हो रहे समरसेबिल

**अमृत विचार:** आने वाले दिनों में गर्मी का सितम देखने को मिलेगा। उतार-चढ़ाव वाले मौसम में तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। बढ़ती गर्मी का प्रभाव अभी से आम जनमानस के साथ-साथ भूगर्भ जल स्तर पर भी दिखने लगा है। जल स्तर से कम होने की वजह से हैंडपंप पानी छोड़ने लगे हैं। सरकारी हैंडपंप भी 10 से 15 से बार पंप करने के बाद पानी दे रहे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में जल संकट का खतरा और बढ़ जाएगा।

जिले में जल संकट दशकों से बना है। चार ब्लॉक कई सालों से डार्क जोन में शामिल हैं।

वर्षा की कमी और लगातार हो रहे पेड़ों के कटान का असर जलवायु पर पड़ा है। कम बारिश होने और लगातार हो रहे भूगर्भ जल दोहन की वजह से संकट की स्थिति बन गई है। इसे लेकर शासन-प्रशासन पहले ही चिंतित हैं। शासन-प्रशासन की ओर से जल संचयन को लेकर हर साल प्रयास किए जाते हैं। भूगर्भ जल स्तर बढ़ाने के लिए जहां तालाबों की खुदाई की जा रही है वहीं नवीन सरकारी बिल्डिंगों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा विश्व जल दिवस, विश्व भूगर्भ जल दिवस व अन्य मौकों पर अधिकारियों से लेकर विभिन्न संस्थाएं और जनप्रतिनिधि के जरिये लोगों को भूगर्भ जल को सहेजने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदारों की लापरवाही अब भारी पड़ने लगी है। सरकारी भवनों में बनाए गए रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम देखभाल के अभाव में अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। हालांकि, भूगर्भ जलस्तर को सहेजने के लिए जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट, विकास भवन, जिला पंचायत, नगर पालिका बिल्डिंग सहित अन्य सरकारी बिल्डिंगों में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का सही कराया गया है।

### आरओ प्लांट धरती की कोख कर रहे खाली

जल दोहन को लेकर शासन की ओर से नीति जारी की गई है। अधिकारियों को निर्देश हैं कि जिले में कहीं भी बिना एनओसी भूमिगत जल का दोहन न करे। इसके बाद भी जिले में कई स्थानों पर आरओ प्लांट खुले हुए हैं। अवैध कॉलोनियों में लगातार समरसेबिल लग रहे हैं। न आरओ प्लांट लगाने वाले और न ही समरसेबिल के लिए संबंधित विभागों से एनओसी ली जा रही है जबकि संबंधित विभाग कई बार नोटिस जारी कर चुका है। इसका असर आरओ प्लांट संचालकों पर नहीं हो रहा है। अब तक एक भी आरओ प्लांट संचालक के जरिये एनओसी लेने के लिए आवेदन नहीं किया गया है।

> गर्मी के मौसम में पानी की खपत अधिक हो जाती है। गर्मी के कारण तालाबों का पानी सूख जाता है। इसकी वजह से भूगर्भ जल स्तर गर्मी के दिनों में एक से डेढ़ फुट कम हो जाता है जो कि चिंता का विषय है। विभाग जल संचयन के लिए जल्द ही जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। अनावश्यक जल दोहन करने वालों को नोटिस जारी किए गए हैं। – **बीएस सुमन**, सहायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग

### कई क्षेत्र फिर से आये डार्क जोन में

जल संकट से बदायूं जनपद दशकों से जूझ रहा है। जिले 15 ब्लॉकों में से 2010 तक 8 ब्लॉक डार्क जोन घोषित थे। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन और समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा जल संचयन को लेकर प्रयास शुरू हुए। इसके बाद स्थिति सुधरने पर तीन ब्लॉक जगत, म्याऊं और उसावां को डार्क जोन से बाहर कर दिया गया। प्रयास यहां तक हुए कि 2021 के दौरान आसफपुर और बिसौली भी डार्क जोन से बाहर हो गए।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
11 ½ बीघा जमीन बिकाऊ है।
सम्पर्क करें
ग्राम अमौर शाही के पास तहसील मीरगंज, बरेली
मो. 9634079263

**सूचना**
मैं अपने पुत्र सुमित सिंह यादव को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का मुझे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **हरपाल सिंह यादव पुत्र शेर सिंह यादव ग्राम घुरी खास थाना बिलसंडा तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र सनी श्रीवास्तव व उसकी पत्नी श्रीमती निशा श्रीवास्तव को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **विनोद कुमार पुत्र श्री राम नारायन व श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी श्री विनोद कुमार निवासीगण आलम गिरीगंज, तहसील व जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



**रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल**
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली

शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।

पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्टली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा

प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।

Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
निःशुल्क भर्ती सुविधा (निर्धारित समय अवधि के लिए)

# वार्षिकोत्सव में झलकी प्रतिभा

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार:** सिंगाही खुर्द स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 का वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं बाल वाटिका नवारंभ उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ ग्राम प्रधान सुरेंद्र कौर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रमन सिंह ने कक्षा 1 से 8 तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को पुरस्कृत किया। कक्षा 1 में रिसिका जायसवाल, कक्षा 2 में राधिका, कक्षा 3 में अगम जायसवाल, कक्षा 4 में मुकुल, कक्षा 5 में तहसीन राजा, कक्षा 6 में आदित्य मोरी तथा कक्षा 7 व 8 में मनु और लक्ष्य जायसवाल को सम्मानित किया गया शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले मनु जायसवाल, आदित्य व सोनू को बैग दिया। रसोइयों और शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। नैंसी ने सबसे प्यारा कौन है, मेरे पापा गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं।

# नाले में 30 घंटे बाद मिला चालक का शव

- मृत यात्री की शिनाख्त शाहाबाद हरदोई के तौहीद के रूप में हुई
- रुद्रपुर से घर जाने को निकला सैटेलाइट पर नाले में समा गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सैटेलाइट बस अड्डे पर मंगलवार रात गहरे नाले में गिरे युवक के शव को एसडीआरएफ, नगर निगम और पुलिस की रेस्क्यू टीमें 30 घंटे बाद बाहर निकाल सकीं। पहचान शाहाबाद (हरदोई) निवासी ट्रक ड्राइवर तौहीद (30) के रूप में हुई। वह रुद्रपुर की जैन कंपनी में ट्रक चलाता था। घर जाने को बस का इंतजार कर रहा था। हालांकि बेमौत की कहानी में सिस्टम तीसरे दिन भी यह तय नहीं कर सका कि इस अनहोनी के लिए जिम्मेदार कौन है?

ग्रेटर नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की जान गई थी, बरेली में ट्रक ड्राइवर तौहीद की मौत का मामला भी कुछ वैसा ही है। हजारों हजारों यात्रियों के आवागमन में व्यस्त रहने वाले सैटेलाइट बस अड्डे पर खुला नाला जैसे हादसे के लिए ही खुला छोड़ा गया था। रोडवेज प्रबंधन नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस को चिट्ठियां भेजता रहा मगर सुनवाई नहीं हुई। हरदोई जाते समय नाले के किनारे बैठा तौहीद उसमें गिर गया। सिल्ट भरी होने से रेस्क्यू टीमों को दिक्कत आई। स्लैब हटाकर भी सफाई की गई। तब कहीं सिल्ट में फंसा शव बरामद हो सका।

# गैंगस्टर में ललित कौशिक सहित तीन को आठ-आठ वर्ष की सजा

## मुरादाबाद के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल है पूर्व ब्लॉक प्रमुख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कड़ी सुरक्षा के बीच ललित कौशिक को कोर्ट लेकर पहुंची पुलिस। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद के एडीजे-पांच की अदालत ने गुरुवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक समेत तीनों बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट में आठ-आठ वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों पर 25-25 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। मामले की 25 मार्च को हुई सुनवाई में कोर्ट ने तीनों को गैंगस्टर आरोप के दोष सिद्ध माना था।

एडीजे-पांच के विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट राजीव त्यागी ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के महत्वपूर्ण मामले में न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट एडीजे-5 रेशमा चौधरी की अदालत ने अभियुक्त ललित कौशिक ( चिह्नित टॉप-10 अपराधी), केशव सरन शर्मा और खुशवंत उर्फ भीम को गैंगस्टर एक्ट

- कोर्ट ने तीनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का अर्थ दंड भी डाला
- ललित मझोला, बिलारी व कोतवाली से भी गैंगस्टर में हुई सजा

का दोषी मानते हुए प्रत्येक को 8-8 वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपियों ने संगठित गिरोह बनाकर अवैध गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित किया, जिससे समाज में भय का माहौल व्याप्त हुआ। इनके विरुद्ध थाना सिविल लाइंस में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमे के वादी निरीक्षक रामप्रसाद शर्मा रहे, जबकि विवेचक निरीक्षक नरेंद्र कुमार गौड़ थे। एक जून 2023 को विभिन्न स्थानों पर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप अभियुक्तों पर सिद्ध हुआ।

# गन्ना किसान गोष्ठी में उन्नत खेती पर जोर

**पलिया कला, अमृत विचार:** बजाज चीनी मिल के थारू जनजाति बाहुल्य ग्राम बलेरा में गन्ना किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के उपनिदेशक डॉ. पीके कपिल, जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडे और महाप्रबंधक गन्ना राजीव तोमर मौजूद रहे।

गोष्ठी में किसानों को बसंतकालीन बुवाई के लिए उपयुक्त प्रजातियों को 118, को 98014, को 15023 और को लख 14201 की बुवाई करने की सलाह दी गई। साथ ही को 0238 व अन्य अस्वीकृत प्रजातियों से बचने को कहा गया। विशेषज्ञों ने परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित प्रयोग पर जोर दिया।

डॉ. कपिल ने बताया कि खेत की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए गोबर की खाद का प्रयोग आवश्यक है।

# बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष ने दिलाई पदाधिकारियों को शपथ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** तहसील लखीमपुर बार एसोसिएशन तहसील सदर में मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला ने शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने अधिवक्ताओं की भूमिका को न्याय व्यवस्था की मजबूती का अहम आधार बताया। पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य अजय कुमार शुक्ला ने नव निर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता विनोद कुमार पाण्डेय और महामंत्री निर्मल सिंह सहित पूरी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष महेंद्र पाल वर्मा व महामंत्री मथुरा प्रसाद अवस्थी की उपस्थिति में अन्य पदाधिकारियों को भी शपथ दिलाई गई। इसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष ध्यानेंद्र कुमार त्रिपाठी ध्यानू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार वर्मा, संयुक्त मंत्री दिलीप कुमार मिश्रा, सहमंत्री अवधेश कुमार, सहमंत्री ललित कुमार श्रीवास्तव, गवर्निंग काउंसिल सदस्य मनोज कुमार मौर्य एवं अंकक्षक संत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली।

कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली।

(ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा)

पत्रांक :–3496 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा / 2025–26 / दिनांक :– 18.03.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0 / बी0 / सी0 / डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी सहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | अपर आयुक्त (वित्त) राजस्व परिषद, उ0प्र0, बरेली मण्डल बरेली (जनपद बरेली) के कलेक्ट्रेट में स्थित कार्यालय की दीवारों व छत के जर्जर स्थित एवं शौचालय इत्यादि के मरम्मत कार्य। (अन्य योजना–नगर क्षेत्र) | 20.720 | 41500.00 | 2354.00 | 03 माह |
| 02 | बरेली | ग्राम सहासा में प्रमोद पाठक के मकान से रामपाल कश्यप के मकान तक सी0सी0 व नाली कार्य (वि0नि0–आ0जा0) | 12.718 | 25500.00 | 854.00 | 03 माह |
| 03 | बरेली | ग्राम बरकलीगंज में सोहन लाल के मकान से राजेश के मकान तिराहे तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य (वि0नि0–क्यारा) | 10.776 | 21600.00 | 854.00 | 03 माह |
| 04 | बरेली | ग्राम करगैना जागृतिनगर बदायूँ रोड एस0के0 आर्यन स्टोर से सुनील संकधार के मकान तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य (वि0नि0–क्यारा) | 17.431 | 34900.00 | 854.00 | 03 माह |
| 05 | बरेली | ग्राम पंचायत मोहनपुर नकटिया डिफेन्स कालौनी में बन्टी गुप्ता के मकान से संतोष सिंह के मकान तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य (वि0नि0–बिथरीचैनपुर) | 18.069 | 36200.00 | 854.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 30.03.2026
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 29.04.2026 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 29.04.2026, अपरान्हे 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

नोट :– क्रमांक–02 से 05 पर अंकित कार्यों की निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही है

UP - 248928 दिनांक: 25/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–शाहजहाँपुर।

कार्यालय का पता– द्वितीय तल, विकास भवन, शाहजहाँपुर

पत्रांक :– 1784 / ग्र0अ0वि0 / निविदा / 2025–26 दिनांक 14.03.26

निविदा सूचना

01– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0 / बी0 / सी0 / डी0 में पंजीकृत विभागीय ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिये निविदा डाल सकता है।

02– तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण –

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | मा0 सदस्य विधान परिषद, नोडल जनपद–शाहजहाँपुर (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | | | | |
| 1 | शाहजहाँपुर | ग्राम धन्यौरा विकास खण्ड ददरौल में जगदीश के मकान से संजीव के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 2.58 | 5200.00 | 678 | 04 माह |
| 2 | शाहजहाँपुर | ग्राम धन्यौरा विकास खण्ड ददरौल में अरविन्द के मकान से कुनेन्द्र के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 7.29 | 14600.00 | 854 | 04 माह |
| 3 | शाहजहाँपुर | ग्राम धन्यौरा विकास खण्ड ददरौल में सुनील के मकान से पिन्टू के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 2.52 | 5100.00 | 678 | 04 माह |
| 4 | शाहजहाँपुर | ग्राम धन्यौरा विकास खण्ड ददरौल में वालिस्टर के मकान से घनश्याम के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 5.77 | 11600.00 | 767 | 04 माह |
| 5 | शाहजहाँपुर | ग्राम धन्यौरा विकास ददरौल में द्रोणपाल के मकान से गुडडू के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 3.17 | 6400.00 | 678 | 04 माह |
| 6 | शाहजहाँपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर विकास खण्ड कांट में राजवीर काछी के मकान से पप्पू के मकान के किनारे तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 2.31 | 4700.00 | 678 | 04 माह |
| 7 | शाहजहाँपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर विकास खण्ड कांट में मुख्य इण्टरलॉकिंग मार्ग से हरी मास्टर साहब के यहाँ से जाटव मोहल्ला में लड़ैते जाटव के यहाँ तक 125 मी0 इण्टरलॉकिंग कार्य। | 7.30 | 14600.00 | 854 | 04 माह |
| 8 | शाहजहाँपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर विकास खण्ड कांट में हरी मास्टर साहब के मकान से महेश के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 4.32 | 8700.00 | 678 | 04 माह |
| 9 | शाहजहाँपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर विकास खण्ड कांट में जूनियर हाईस्कूल के सामने पं0 राम प्रसाद बिस्मिल के यहाँ तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 2.98 | 6000.00 | 678 | 04 माह |
| 10 | शाहजहाँपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर विकास खण्ड कांट में मुख्य मार्ग से सत्यपाल चौहान के घर से होते हुये पीछे अन्तोष्टि स्थल वाले सी0सी0 मार्ग तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 6.27 | 12600.00 | 767 | 04 माह |
| 11 | शाहजहाँपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर विकास खण्ड कांट में मुख्य सड़क मार्ग से पंचायत भवन तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 9.18 | 18400.00 | 854 | 04 माह |
| 12 | शाहजहाँपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर विकास खण्ड कांट में मुख्य सड़क मार्ग से देवचन्द्र सिंह के घर से ऊधमपाल के घर के सामने तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 3.42 | 6900.00 | 678 | 04 माह |
| | | विधायक निधि क्षेत्र शाहजहाँपुर | | | | |
| 13 | शाहजहाँपुर | मो0 बक्सरियां में स्व0 शादीलाल खन्ना जी के मकान से वैभव खन्ना के मकान और बनारसी जी के मकान होते हुये राजीव मेहरोत्रा की दुकान तक 125.00 मी सी0सी0 सडक / नाली निर्माण | 5.25 | 10500.00 | 767 | 04 माह |
| 14 | शाहजहाँपुर | मो0 मस्जिदगंज में सूरज यादव के मकान से शेखर यादव के मकान होते हुये राधेश्याम यादव के मकान तक 130.00 मी0 सी0सी0 सड़क / नाली निर्माण। | 5.12 | 1300.00 | 767 | 04 माह |
| 15 | शाहजहाँपुर | मो0 वसन्त विहार कालोनी रेती रोड शाहजहाँपुर में श्री सुनील कुमार के मकान से श्री संजीव सिंह के मकान तक लगभग 50.00 मी0 सडक व नाली निर्माण | 3.92 | 7900.00 | 678 | 04 माह |
| 16 | शाहजहाँपुर | विकासखण्ड ददरौल के ग्राम रोशननगर श्री राजू के मकान से मन्दिर तक लगभग 55.00 मी0 सडक व नाली निर्माण | 3.38 | 6800.00 | 678 | 04 माह |

03– निविदा विक्री की अवधि : दिनांक 13.04.2026 से 16.04.2026 तक (पूर्वान्ह 11:00 से अपरान्ह 04:00 बजे तक)।
04– निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 17.04..2026 ( अपरान्ह 12:00 बजे तक)।
05– निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद–शाहजहाँपुर।
06– निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः दिनांक 17.04.2026 अपरान्ह 12:30 बजे तक।
अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय द्वितीय तल, विकास भवन शाहजहाँपुर से सम्पर्क कर सकते है।

UP - 248915 दिनांक: 25/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(इं0 सतीश चन्द्र राघवेन्द्रम)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–शाहजहाँपुर।



## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई–टेंडरिंग निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.) / इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है, **क्रम सं:– 1., खुली ई–निविदा सूचना सः–** इज्जत / इलै. ओ. टी / 12 / 2026 दि. 18.03.2020., **कार्य का नामः–** इज्जतनगर मंडल के अंतर्गत ''लेबल क्रासिंगों पर ओवरहेड टैंक के साथ नल के पानी की आपूर्ति (20 प्रतिशत सोलर पैनल सहित) की व्यवस्था'', ''10 स्टेशनों पर सेक्शनल ट्रैफिक इंस्पेक्टरों के लिए कार्यालय सह विश्राम कक्ष की व्यवस्था'', ''15 स्टेशनों पर स्टेशन मास्टर पैनल रूम में अटैच शौचालय की व्यवस्था'' और ''आर. सी.सी. स्टेजिंग पर प्लास्टिक टैंक लगाकर कॉलोनी में पाइप से पानी की आपूर्ति की व्यवस्था'' से संबंधित सामान्य विद्युतीकरण कार्य।, **विवरणः– अनुमानित लागत रु. में :–** 1,39,06.986.14, **धरोहर राशि रु. में:–** 2,19,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में:–** शून्य, **निविदा का प्रकारः–** खुली निविदा, **ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः–** 09.04.2026 15.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि ।:–** 12 माह, **02. इज्जत / इलै. ओ.टी / 15 / 2026 दि. 20.03.2026., कार्य का नामः–** नैनीताल होली डे होम में NV सीरीज सूटों के ऊपर 07 सूटों के निर्माण से सम्बन्धित विद्युत कार्य और मण्डल चिकित्सालय, इज्जतनगर में ICCU वार्ड, अधिकारी केबिन, दंत चिकित्सा कक्ष, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, पैथेलॉजी और OT, ICCU अधिकारी केबिन आदि की छत उपचार में सुधार और भोजीपुरा टी. आर.डी. डिपो में बारवेड वायर बाउंड्री वाल, दो स्टोर रूम, दो जीप ट्रक शेड और मॉडल OHE की व्यवस्था तथा काठगोदाम और लालकुआं में पुराने / जीर्ण–शीर्ण 28 नग टाइप–II आवासों के बदलाव से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य।, **विवरणः– अनुमानित लागत रु. :–** 75,92.355.99, **धरोहर राशि रु. में:–** 1,51,900.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में:–** शून्य, **निविदा का प्रकारः–** खुली निविदा, **ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः–** 06.04.2026 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि ।:–** 06 माह, • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त नैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा।, • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए। • निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय–समय पर ऑन लाइन जारी किए गए शुद्धिपत्र की जाँच करे, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन जारी नही किया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.) /**
**मुजाधि / विद्युत–318 इज्जतनगर**

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ, जनपद-खीरी

पत्रांकः 812/ई–निविदा न.पा.प.गोला/2025–26 दिनांकः 25.03.2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ में ''स्वच्छ भारत मिशन 2.0 सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट'' के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/ अन्य सरकारी विभाग में निर्धारित श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नगर पालिका परिषद के पत्र सं. 810/न.पा.प.गो./2025–26 दिनांक 24.03.2026 द्वारा ई–निविदा प्रकाशित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। अन्य शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ–खीरी से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की समस्त कार्यवाही http://etender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक 15.04.2026 को 11:00 बजे निविदा समिति के सम्मुख कार्यालय में खोली जायेगी। किसी कारण वश अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला कार्य दिवस मानी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा खरीदने की तिथि व समय<br>ई–निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 25.03.2026 समय 11:00 बजे से<br>14.04.2026 समय 05:00 बजे तक |
| ई–निविदा डाउनलोड करने की तिथि व समय | 25.03.2026 समय 11:00 बजे से<br>14.04.2026 समय 05:00 बजे तक |
| ई–निविदा खोलने की तिथि व समय | 15.04.2026 समय 11:00 बजे अपरान्ह तक |
| फाइनेन्शियल बिड खुलने की तिथि | तकनीकी बिड स्वीकृत होने के उपरान्त। |

नोटः– 1. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लाज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

2. सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गोला**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद गोला**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर - पीलीभीत

पत्रांकः 761/न.पा.परि.बी./2025–26 दिनांकः 25.03.2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हरि वॉच सर्विस से बड़ा स्थल मन्दिर तक सी.सी. सड़क का निर्माण | 3232115.00 | 54800.00 | 3850.00 | 06 माह |
| 2. | राकेश मिश्रा से श्रीराम ज्वैलर्स तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 2977880.00 | 50500.00 | 3550.00 | 06 माह |
| 3. | गोविन्द मशीनरी से बन्टी जनरल स्टोर तक सी.सी. सड़का का निर्माण कार्य। | 3995518.00 | 67750.00 | 4750.00 | 06 माह |
| 4. | नवल की शॉप से छोटे चौराहे तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 810814.00 | 13750.00 | 1000.00 | 06 माह |
| 5. | डी.डी. फैशन से बैंक ऑफ बड़ौदा तक सी.सी. सड़क का निर्माण। | 1150407.00 | 19500.00 | 1400.00 | 06 माह |
| 6. | नूरी साइकिल से विनोद आयरन स्टोर तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 1257614.00 | 21350.00 | 1500.00 | 06 माह |
| 7. | महेश चन्द्र से बिट्टू से राजेश एवं शेर बहादुर से सुनील दीक्षित एवं सुभाष से रामकुमार के मकान तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य वार्ड नं. 13 | 2466822.00 | 41850.00 | 2950.00 | 06 माह |
| 8. | रामऔतार मिश्रा से राजेन्द्र वर्मा (फौजी), रिंकू सिंह से दलजीत सिंह के मकान तक सी.सी. सड़का का निर्माण कार्य वार्ड नं. 14 | 1140554.00 | 19350.00 | 1350.00 | 01 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 27.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे से।
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 21.04.2026 को अपरान्ह 05 बजे तक।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथ्नि एवं समय 22.04.2026 को प्रातः 10:00 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 आई.एफ.एस.सी. ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकॉपी के साथ जमा करनी होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बीसलपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद बीसलपुर**



## न्यायालय- ग्राम न्यायालय गोला जिला खीरी

इजराय दीवानी संख्या– 01/2025
ता. पेशी– 07.04.2026
वाद संख्या– 1/25
सुमिरता देवी बनाम साहब लाल आदि

1. साहब लाल पुत्र श्री रामलाल निवासी ग्राम हफीजपुर लाल्हापुर पर. हैदराबाद थाना गोला खीरी
2. संतोष कुमार पुत्र श्री लल्लू राम निवासी ग्राम हफीजपुर लाल्हापुर पर. हैदराबाद थाना गोला खीरी

चूंकि मुसम्मी ने इस न्यायालय में वाद संख्या 1/25 सन् 2025 ई. में पारित आज्ञप्तियों के निष्पादन के लिये आवेदन किया है। यह आपको सूचना देने के लिए है कि आप इस न्यायालय में 2026 ई. के 07.04.2026 दिवस को स्वयं या इस न्यायालय के अधिवक्ता या समयरूपेण प्राधिकृत और अनुदिष्ट अभिकर्ता द्वारा हेतु यदि कोई हो के लिए उपसंवाद होने अज्ञप्ति का निष्पादित क्यों न अनुभव किया जाये। मेरे हस्ताक्षरर और न्यायालय को मुद्रा सहित आज 25.03.2026 के दिवस को दी गयी।

**न्यायाधीश**



## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 13/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैः–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः समइं / काशीपुर अनुभाग में स्वीकृत ट्रैक नवीनीकरण कार्यो के अंतर्गत इन–सीटू ग्लूड ज्वाइंट्स का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 1,20,67,296/-, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 2,41,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह।

**क्रम सं.-2,** कार्य का विवरणः सहायक मंडल इंजीनियर पीलीभीत अनुभाग के अंतर्गत पीलीभीत–टनकपुर अनुभाग में बनवसा–टनकपुर के मध्य ट्रैक के किनारे सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिये मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 4,69,20,211.39, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 9,38,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 09 माह।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 15-04-2026 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),**
मुजाधि / डब्लू-526 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



## अपर प्रधान न्यायाधीश
## पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं.–1, बरेली

याचिका सं.– 1006/2025

जितेन्द्र सिंह उम्र लगभग 26 वर्ष पुत्र श्री हरीराम निवासी ग्राम नौगवां, थाना भमोरा जिला बरेली ........ याची
**बनाम** शीतल उर्फ सुनीता उम्र लगभग 26 वर्ष त्नी जितेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री चन्द्रपाल सिंह निवासी भीकमपुर उर्फ गुलाबनगर, थाना फरीदपुर जिला बरेली ........ विपक्षी धारा– 13 एच.एम. एक्ट

चूंकि जितेन्द्र सिंह ने आपके खिलाफ न्यायालय में एक मुकदमा वास्ते 13 हिन्दू विवाह अधिनियम हेतु प्रस्तुत किया है। अतः आपको एत्द्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आप नियत दिनांक 06.04.2026 को वास्ते लिखित कथन/एवज राजीनाम प्रयास हेतु स्वयं उपस्थित हो। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन पर स्वयं का पासपोर्ट आकार का फोटो अवश्य चिपकाया जाये। नियत दिनांक 06.04.2026 पर आपके द्वारा पैरवी न किये जाने की स्थिति में वाद की सुनवाई नियमानुसार की जावेगी।

**मुन्सरिम**
**अपर प्रधान न्यायाधीश**
**पारिवारिक न्यायालय, कक्ष सं.–1, बरेली**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जिला पीलीभीत

पत्रांकः 762/न.पा.परि.बी./2025–26 दिनांकः 25.03.2026

### नीलाम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के अंतर्गत नगर पालिका परिसर में बनी दुकानों को किराये पर उठाये जाने हेतु प्रीमियम की नीलामी दिनांक 10.04.2026 को समय प्रातः 11:00 बजे की जानी है। इसी दिनांक को नीलामी न होने पर नीलामी की अगली तिथि दिनांक 13.04.2026 को होगी। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि व समय पर जमानत धनराशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। दुकानों का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र. | दुकान स्थान | दुकान नंबर | जमानत धनराशि प्रति दुकान | कारपेट | मासिक किराया प्रति दुकान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिसर | 5 | 50000 | 142.59/13.24 | 5755 |
| 2 | नगर पालिका परिसर | 11 | 50000 | 124.16/11.53 | 5010 |

उपरोक्त नीलामी से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्ते नगर पालिका कार्यालय में आकर कार्यशील दिवस में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**



## स्वामी विवेकानन्द इण्टर कॉलेज खुटरायां बिलसण्डा (पीलीभीत)

### सूचना

सोसाइटी साधारण सभा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय की अनुमोदित प्रशासन के अनुसार प्रबन्ध समिति का चुनाव जि.वि.नि. द्वारा नामित विभागीय पर्यवेक्षक की देखरेख में सम्पन्न होना है। जिसका चुनाव कार्यक्रम निम्नवत् प्रस्तावित किया जाता है। आपसे अनुरोध है कि चुनाव कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

1. सोसाइटी साधारण सभा सदस्यों के अनन्तिम सूची का प्रकाश दिनांक 28.03.2026
2. आपत्तियां प्राप्त करना दिनांक 29.03.2026
3. आपत्तियों निराकरण के उपरान्त सूची का प्रकाशन दिनांक 30.03.2026
4. प्रबन्ध समिति की सदस्यता हेतु नामांकन पत्र प्राप्त करना दिनांक 31.03.2026
5. प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी दिनांक 01.04.2026
6. वैद्य नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन दिनांक 02.04.2026
7. प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों का चुनाव (सोसाइटी अध्यक्ष द्वारा) दिनांक 03.04.2026
8. प्रबन्ध समिति का चुनाव विभागीय पर्यवेक्षक की देखरेख में दिनांक– 05.04.2026

नोटः– चुनाव कार्यक्रम की समस्त कार्यवाही विद्यालय में की जायेगी।
समय– सुबह 11:00 बजे

**अध्यक्ष**
**स्वामी विवेकानन्द इण्टर कॉलेज,**
**खुटरायां बिलसण्डा (पीलीभीत)**

**न्यूज ब्रीफ**

### टोल-फ्री नंबर 14447 पर फसल नुकसान की दें जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बारिश, आंधी या फिर अन्य किसी आपदा से फसल को नुकसान होता है तो किसान टोल-फ्री नंबर 14447 पर जानकारी दे सकते हैं। इसके अलावा क्राप-इन्श्योरेन्स एप और वाट्सएप नंबर 7065514447 के माध्यम से भी नुकसान की सूचना दी जा सकती है। जरूरत पड़ने पर मंडल और जिला स्तर पर तैनात उप कृषि निदेशक या जिला कृषि अधिकारी से भी संपर्क करके नुकसान के बारे में बता सकते हैं। राज्य कृषि विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत किसानों के लिए डिजिटल माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही किसान योजनाओं से संबंधित आधिकारिक जानकारी के लिए फसल बीमा पोर्टल पर भी लॉग-इन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि भी तैनात हैं। किसान उनसे भी सीधे संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### छह जिलों में ईपीएफओ आज लगाएगा कैंप

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मंडल के छह जिलों में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ओर से 27 मार्च दिन शुक्रवार को निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम के तहत विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य निजी, संगठित और असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों, पेंशनरों और नियोक्ताओं की पीएफ से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। लखनऊ में तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एन्कोर्डियोराइट इलेक्ट्रॉनिक प्रा. लि. में कैंप लगेगा। सीतापुर में सिविल लाइंस स्थित सीतापुर आई हॉस्पिटल ट्रस्ट में, लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी स्थित दून पब्लिक स्कूल में, बाराबंकी के नवाबगंज में भारत एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्रा. लि. में, हरदोई के विकास भवन स्थित मनरेगा सेल में और रायबरेली के बछरावां क्षेत्र में विसाका इंडस्ट्रीज में कैंप लगाया जाएगा।

### पंचायतीराज संगठन की नई कार्यकारिणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंचायत चुनाव 2026 को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन, उप्र. ने अपनी नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। संगठन के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में विभिन्न जिलों के सक्रिय ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों को प्रमुख जिम्मेदारियां दी गई हैं। अमरोहा की मनु यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भदोही के राजमणि पांडेय को महासचिव, कानपुर के विद्यासागर यादव और आजमगढ़ के मो. असलम खान को उपाध्यक्ष तथा राजेश कुमार निषाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा मो. इकबाल, अनिल कुमार जोशी, सपना चतुर्वेदी और दिनकर तिवारी को क्षेत्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने ज्योति यादव, अखिलेश कुमार, धनराज यादव, नीलमणि राजे, अमरूंन निशा और गीता वर्मा सहित अन्य पदों पर भी नियुक्तियां की हैं।

### केएमसी मेडिकल कॉलेज को मिले 9.75 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** असेवित जिला महराजगंज में पीपीपी मोड पर स्थापित केएमसी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल को 9 करोड़ 75 लाख रुपये का भुगतान करने की स्वीकृति मिल गई है। संयुक्त सचिव चंद्र शेखर मिश्र द्वारा आदेश 25 मार्च 2026 को जारी कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह प्रावधानित बजट, वर्ष 2025 के प्रथम बैच और दूसरे बैच के कुल 350 छात्र-छात्राओं के लिए कुल आठ करोड़ 75 लाख दिया जाएगा। इंटरेस्ट सब्सिडी एक लाख रुपये दी गई है।

# सीसीटीवी से गोआश्रय स्थलों में निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 5446 आश्रय स्थल 7592 कैमरों से जुड़े, 56 जिलों में कंट्रोल रूम सक्रिय

**अमृत विचार:** प्रदेश में गोवंश संरक्षण को तकनीक से जोड़ते हुए बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के 5446 गो-आश्रय स्थलों को सीसीटीवी निगरानी से जोड़ा गया है, जहां अब तक 7592 कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक आश्रय स्थल पर न्यूनतम पांच कैमरे लगाने का है।

सीसीटीवी व्यवस्था के माध्यम से अब गो-आश्रय स्थलों में खान-पान, स्वास्थ्य, साफ-सफाई और सुरक्षा की 24 घंटे निगरानी संभव हो गई है। इससे किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है और प्रशासनिक जवाबदेही भी मजबूत हुई है।

सरकार ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि सीसीटीवी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और खराबी होने पर तत्काल सुधार कराया जाए। साथ ही अधिकारियों को समय-समय पर स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने को कहा गया है।

#### एकीकृत निगरानी तंत्र की दिशा में पहल

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार, वर्तमान में 56 जनपदों में कमांड एवं कंट्रोल रूम सक्रिय हैं, जहां से कैमरों की मॉनिटरिंग की जा रही है। शेष 19 जनपदों में सीएसआर के माध्यम से जल्द कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे, जिससे पूरे प्रदेश में एक मजबूत और एकीकृत निगरानी तंत्र विकसित होगा।

### सम्राट अशोक को केशव मौर्य ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती के अवसर पर उन्हें विनम्र नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक महान ने अपने "धम्म" के दिव्य प्रकाश से पूरे युग को आलोकित किया। उनका जीवन त्याग, करुणा और लोककल्याण की भावना का अनुपम उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कलिंग युद्ध के उपरांत सम्राट अशोक का आत्मपरिवर्तन मानवता के इतिहास की एक अद्वितीय घटना है, जहां एक विजेता ने हिंसा का मार्ग त्यागकर करुणा, शांति और सेवा का पथ अपनाया।

# प्रोजेक्ट प्रवीण में एआई की एंट्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो लाख छात्र-छात्राओं को मिलेगा तकनीकी प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** प्रदेश में स्कूली शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। योगी सरकार ने 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को शामिल करते हुए कक्षा 9 से 12 तक के वोकेशनल प्रशिक्षण में 'एआई फॉर ऑल' कोर्स अनिवार्य कर दिया है। यह व्यवस्था आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू होगी।

राज्य के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की इस पहल के तहत 1200 से अधिक सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों के करीब दो लाख छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। अब तक 210 घंटे के इस निःशुल्क कौशल कार्यक्रम में आईटी, हेल्थकेयर, ब्यूटी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाता था, जिसमें अब 4 घंटे का एआई कोर्स भी जोड़ा गया है।

इस कोर्स के माध्यम से छात्रों को समस्या समाधान, रचनात्मक सोच, डेटा विश्लेषण और डिजिटल दक्षता जैसे आधुनिक कौशल सिखाए जाएंगे। साथ ही आईटी कस्टमर केयर, टेलरिंग, हेल्थकेयर और डिजिटल मित्र जैसे जॉब रोल्स के लिए एआई के कस्टमाइज्ड मॉड्यूल भी तैयार किए गए हैं, जिससे छात्र अपने क्षेत्र में इसके व्यावहारिक उपयोग को समझ सकें।

गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षकों के लिए भी 'एआई फॉर ऑल' कोर्स पूरा करना अनिवार्य किया गया है। 28 मार्च को इस संबंध में एक ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को तकनीकी जानकारी देंगे।

# तकनीक देती है विकास को गति : योगी

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का किया उद्घाटन, युवाओं को मिलेंगे अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- मुख्यमंत्री बोले-प्लग एंड प्ले मॉडल से स्टार्टअप को मिलेगा मजबूत प्लेटफॉर्म

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के गोरखपुर सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी विकास की गति को कई गुना बढ़ाकर उसे प्रगति में बदलने की क्षमता रखती है, इसलिए तकनीक से परहेज नहीं, बल्कि उसे अपनाना समय की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं में अपार प्रतिभा है, जिसे तकनीक और प्लेटफॉर्म से जोड़ने की जरूरत थी। पहले की सरकारों ने इस "स्केल" को "स्किल" में बदलने पर ध्यान नहीं दिया, जिससे युवा पलायन और निराशा का शिकार हुआ। अब सरकार युवाओं को टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप संस्कृति से जोड़कर उन्हें इंडस्ट्री रेडी बना रही है। योगी ने बताया कि यह सेंटर पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को बड़ा अवसर देगा। यहां प्लग एंड प्ले मॉडल के तहत स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं को जगह, बिजली और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि यह सेंटर युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगा।



गोरखपुर : गीडा में निर्मित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के उद्घाटन के बाद हाईटेक ड्रोन का संचालन समझते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

#### ग्रीन हाइड्रोजन और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर फोकस

मुख्यमंत्री ने बताया कि मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलाजी में ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जा रहा है, जिसके लिए 50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा आईआईटी कानपुर, एसजीपीजीआई लखनऊ और अन्य संस्थानों के साथ मेडिटेक, एग्रीटेक और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में भी कार्य हो रहा है।

### जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान करें अधिकारी : योगी

**जनता दर्शन**

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की हर शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा। जमीन कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि गरीबों को उजाड़ने वालों को किसी भी हालत में बख्शा न जाए और उनकी संपत्ति पर उनका ही अधिकार सुनिश्चित किया जाए। पारिवारिक विवाद से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने पहले आपसी संवाद से समाधान निकालने और जरूरत पड़ने पर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जरूरतमंदों के इलाज का एस्टीमेट शीघ्र तैयार कर उपलब्ध कराया जाए, ताकि सरकार तुरंत सहायता दे सके। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना के बाद गोशाला जाकर गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

योगी ने कहा कि बीते नौ वर्षों में गोरखपुर में करीब एक लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। गीडा क्षेत्र में 350 से अधिक उद्योग स्थापित हुए हैं, जिससे 50 हजार से अधिक रोजगार के अवसर बने हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टार्टअप और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा हब बनकर उभर रहा है और गोरखपुर का यह सॉफ्टवेयर पार्क इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# लाइन लगाने की जरूरत नहीं, घर आएगा सिलेंडर



- मुख्यमंत्री ने कहा, अफवाहों से बचें, जरूरत पर ही लें पेट्रोल-डीजल
- वैश्विक हालात के बीच लोगों से संयम और सहयोग की अपील दोहराई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल को लेकर फैल रही अफवाहों पर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि प्रदेश में किसी प्रकार की कमी नहीं है। कहा कि गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी पर लाइन लगाने की जरूरत नहीं है, निर्धारित प्रक्रिया के तहत बुकिंग करें, सिलेंडर घर तक पहुंचेगा। उन्होंने वैश्विक हालात के बीच लोगों से संयम और सहयोग की अपील दोहराई।

गोरखपुर के गीडा में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग साजिश के तहत अफवाहें फैलाकर माहौल बिगाड़ना चाहते हैं। ऐसे में लोगों को संयम बरतते हुए केवल आवश्यकता होने पर ही पेट्रोल-डीजल लेना चाहिए। अनावश्यक भीड़ और जमाखोरी जैसी स्थिति से बचना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अफवाहों और दुष्प्रचार के कारण घबराहट पैदा होती है, जो व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।

#### वैश्विक परिस्थितियों का असर, लेकिन देश सुरक्षित

मुख्यमंत्री योगी ने वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान-अमेरिका/इजराइल जैसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सुरक्षित और स्थिर स्थिति में है। कहा कि यदि वैश्विक संकट लंबा खिंचता है तो उसका प्रभाव सभी पर पड़ सकता है, इसलिए हर नागरिक को मानसिक रूप से तैयार रहना होगा।

#### सरकार के साथ सहयोग को बताया राष्ट्रभक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी चुनौती के समय सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे शांति, संयम और सहयोग के साथ त्योहार मनाएं और अफवाहों से दूर रहें।

# 200 करोड़ की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फर्जी फर्मों के जरिये जीएसटी चोरी का है आरोप
- अलीगढ़ के सिविल लाइंस थाने में दर्ज है रिपोर्ट, गुजरात से दबोचा



मो. अल्ताफ

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने फर्जी फर्मों के जरिए बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए उसके एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरोह पर करीब 200 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी का आरोप है। इस संबंध में अलीगढ़ के सिविल लाइन्स थाने में पहले से मुकदमा दर्ज है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अल्ताफ सोजतवाला अहमदाबाद (गुजरात) का निवासी है, जिसे गुजरात के गायकवाड़ हवेली थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। उसके पास से लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, पेन ड्राइव और नकदी बरामद हुई है। जांच में सामने आया कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कंपनियां पंजीकृत कराता था। इन फर्मों के जरिए फर्जी इनवॉइस और ई-वे बिल बनाकर व्यापारियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दिलाया जाता था, जिससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान होता था।

गिरोह कमीशन के लालच में लोगों के दस्तावेज जुटाकर फर्जी कंपनियां खोलता और बैंक खातों के जरिए लेनदेन दिखाकर रकम वापस कर देता था। गिरोह कई राज्यों में सक्रिय था। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों की छंटनी रोकने की मांग, सीएम को भेजा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पावर कॉरपोरेशन में संविदा कर्मियों की छंटनी रोकने की मांग की है। समिति का कहना है कि संविदा कर्मी इन दिनों असुरक्षा के माहौल में काम कर रहे हैं, जबकि उन्होंने ईद और नवरात्र जैसे त्योहारों में भी बिजली आपूर्ति बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बताया कि प्रदेशभर में हजारों कर्मियों को हटाया जा चुका है। लखनऊ में हाल ही में 647 कर्मियों की सेवाएं समाप्त की गईं, जबकि 1 अप्रैल से 326 और कर्मियों को हटाने का नोटिस जारी हुआ है।

समिति ने आरोप लगाया कि सरकार आउटसोर्स निगम के जरिए बेहतर मानदेय की बात कर रही है, लेकिन पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन इसके विपरीत कदम उठा रहा है और खुद को इससे अलग रखने की कोशिश कर रहा है।

साथ ही, रामनवमी पर घोषित अवकाश को रद्द कर कर्मियों को ड्यूटी पर बुलाने से भी असंतोष बढ़ा है। समिति ने छंटनी पर तत्काल रोक और सेवा सुरक्षा की मांग की है।

# ट्रक चोरी कर बेचने वाले गिरोह का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसटीएफ ने कौशांबी से एक आरोपी को दबोचा, ट्रक बरामद



आरोपी कासिम

**अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ ने ट्रकों को चोरी कर उनके चेचिस नंबर व नंबर प्लेट बदलकर जाली कागज तैयार कर बेचने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह के एक सदस्य को बुधवार देर शाम को कौशांबी से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। आरोपी के पास से 12 फर्जी नंबर प्लेट, दो मोबाइल, एक 16 चक्का ट्रक, एक बिना नंबर का महिंद्रा 6 चक्का वाहन व छह फर्जी रजिस्ट्रेशन पेपर बरामद हुआ है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी कासिम अहमद प्रयागराज के पुरामुफ्ती स्थित मरियाडीह का रहने वाला है। उसे कोखराज इलाके से गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि यह गिरोह अन्य राज्यों से कबाड़ हो चुके ट्रकों के कागजात तैयार कर चोरी की ट्रकों का चेचिस नम्बर बदल देता था। इसके बाद फर्जी रजिस्ट्रेशन बनवाकर वाहनों को दूसरे राज्यों में बेच दिया जाता था। इस काम में गिरोह के अन्य सदस्य मो. तारिक और आरटीओ एजेंट अनिल तिवारी की भूमिका भी सामने आई है।

### शारदा बैराज में बनेगी 'टेंट सिटी'

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखीमपुर खीरी स्थित शारदा बैराज को पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। उप्र. ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड यहां 2.67 एकड़ क्षेत्र में निजी सहभागिता से 'टेंट सिटी' विकसित करेगा, जिसके लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ग्राम कोठिया के पास बनने वाली यह टेंट सिटी 'एकोमोडेशन एंड वेलनेस टूरिज्म डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित की जाएगी। इसका उद्देश्य पर्यटकों को प्राकृतिक वातावरण में ठहरने के साथ वेलनेस सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह क्षेत्र दुधवा नेशनल पार्क और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य के बीच स्थित है।

**बढ़ते कदम** — कृषि से उद्योग तक होगा व्यापक असर, एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी को मिलेगी रफ्तार

# यूपी की अर्थव्यवस्था का गेमचेंजर बनेगा जेवर एयरपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनेगा रोजगार, निवेश व वैश्विक कनेक्टिविटी का बड़ा केंद्र



**अमृत विचार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए एक निर्णायक परियोजना के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 मार्च को इसके शुभारंभ के साथ ही यह परियोजना राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को नई गति देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप विकसित यह एयरपोर्ट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजार से सीधे जोड़ने का माध्यम बनेगा।

करीब 7 करोड़ यात्रियों की वार्षिक क्षमता और 10 लाख टन कार्गो हैंडलिंग के साथ यह एयरपोर्ट कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे किसानों की आय में 20-30% तक वृद्धि संभव है। "फार्म-टू-ग्लोबल मार्केट" मॉडल को बढ़ावा मिलेगा, जिससे फल, सब्जी और डेयरी उत्पादों का निर्यात आसान होगा।

एयरपोर्ट से शुरुआती वर्षों में 50 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और लाखों अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। एमएसएमई, लॉजिस्टिक्स, होटल, पर्यटन और एविएशन सेक्टर में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। बेहतर मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के कारण लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी और निर्यात बढ़ेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल जैसे सेक्टर तेजी से विकसित होंगे। यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र एक बड़े इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभरेगा।

#### जीडीपी और वैश्विक पहचान को मजबूती

विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्ण क्षमता पर संचालन के बाद यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की जीडीपी में 1% से अधिक वृद्धि में योगदान दे सकता है। साथ ही, यह परियोजना प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाएगी।

#### एविएशन हब बनने की दिशा में कदम

पांच रनवे की प्रस्तावित क्षमता के साथ जेवर एयरपोर्ट भविष्य में देश का सबसे बड़ा मल्टी-मोडल एविएशन हब बन सकता है। यह दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर दबाव कम करते हुए एशिया-यूरोप के बीच एक अहम ट्रांजिट केंद्र बनने की क्षमता रखता है। यह मेगा प्रोजेक्ट न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक भविष्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला स्ट्रैटेजिक गेमचेंजर साबित हो सकता है।

### रिवरफ्रंट पर लगाएंगे सम्राट अशोक की प्रतिमा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सम्राट अशोक मौर्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जयंती मनाई गई। पार्टी मुख्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने घोषणा की कि 2027 में सरकार बनने पर गोमती रिवरफ्रंट पर सम्राट अशोक की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सपा प्रमुख ने सम्राट अशोक को महान शासक बताते हुए कहा कि उन्होंने विश्व को शांति और सद्भाव का संदेश दिया। इस मौके पर पार्टी के राजेन्द्र चौधरी, श्याम लाल पाल सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# कांग्रेस पार्टी तीन सूत्रीय फार्मूले पर देगी टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मिशन-2027 के लिए शुरू की बूथ स्तर तक तैयारी

**अमृत विचार:** कांग्रेस ने मिशन-2027 के लिए गंभीरता से तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक ओर जहां बूथ स्तर पर संविधान सेनानियों को तैनात किया जा रहा है, वहीं गांव से शहर तक संगठन को मजबूत करने के कार्य ने तेजी पकड़ ली है। कांग्रेस ने टिकट वितरण के लिए तीन सूत्रीय फार्मूला बना दिया है। इसके तहत जो भी कार्यकर्ता सक्रियता, सहभागिता और संपर्क के फार्मूले पर सफल रहेंगे, उन्हें ही टिकट देने को हरी झंडी दी जाएगी। पार्टी ने इसी फार्मूले पर अंदरखाने दावेदारों की तलाश भी शुरू कर दी है।

कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि तैयारी के तौर पर प्रदेश भर में सृजन अभियान के तहत कमेटियां बनाई गई हैं। साथ ही पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को संविधान सेनानी बनााया गया है। यह लोग बूथ स्तर पर संविधान के तहत लोगों को न्याय और विकास योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल पार्टी प्रदेश की सभी 403 विधान सभा सीटों पर तैयारी कर रही है। लेकिन यदि गठबंधन हुआ तो उसका पार्टी गंभीरता से पालन करेगी।



कलियुग में रहना है या सतयुग में, यह हमें खुद चुनना चाहिए, हमारा युग हमारे पास ही है।
-आचार्य विनोवा भावे, संत

## दूरगामी ऊर्जा रणनीति

देश के शहरी और कस्बाई घरों में स्वच्छ ईंधन की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से जारी 'पेट्रोलियम वितरण आदेश अधिसूचना 2026' के तहत पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी को लेकर सरकार का नया रुख तत्काल और दूरगामी दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण संकेत देता है। मौजूदा समय में एलपीजी सिलेंडरों की कीमत, आपूर्ति की अनिश्चितता तथा वैश्विक ऊर्जा संकट के दबाव के बीच यह कदम घरेलू ईंधन की समस्या पर आंशिक राहत दे सकता है। तात्कालिक प्रभाव के रूप में यह आदेश शहरों में पीएनजी कनेक्शन की प्रक्रिया को सरल, तेज और अपेक्षाकृत सस्ता बनाने की दिशा में मदद करेगा। इससे उन क्षेत्रों में, जहां पाइपलाइन नेटवर्क पहले से मौजूद है, एलपीजी पर निर्भरता कम करने का सहज विकल्प मिलेगा।

पीएनजी औसतन 25 से 30 प्रतिशत सस्ती और अधिक सुरक्षित मानी जाती है, इसलिए मध्यमवर्गीय परिवारों को इसका तुरंत लाभ मिल सकता है। अधिसूचना 2026 के तहत पाइपलाइन बिछाने, एलएनजी यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस को पीएनजी में परिवर्तित करने के संयंत्र, वितरण लाइसेंसिंग और निजी-सरकारी साझेदारी को अधिक सुव्यवस्थित किया गया है। एकल-विंडो क्लियरेंस, भूमि अधिग्रहण में सहूलियत और शहरी स्थानीय निकायों के साथ समन्वय जैसे प्रावधान इस क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित कर सकते हैं। यह घरेलू ईंधन में गैस की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत तक बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगा, हालांकि अवसंरचना के विस्तार में चुनौती रहेगी। देश के अधिकांश हिस्सों में पाइपलाइन नेटवर्क सीमित है। इसके पीछे भूमि अधिग्रहण की जटिलताएं, पर्यावरणीय मंजूरियां, ऊंची लागत और राज्यों के बीच समन्वय की कमी प्रमुख कारण हैं। पाइपलाइन बिछाना केवल तकनीकी कार्य नहीं, बल्कि प्रशासनिक और सामाजिक सहमति का भी प्रश्न है। दिलचस्प यह है कि जहां पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां भी प्रारंभिक कनेक्शन लागत, जागरूकता की कमी और एलपीजी की सरकारी सब्सिडी के चलते कई उपभोक्ता पीएनजी नहीं अपनाते। इसी कारण एक ओर सरकार पीएनजी को बढ़ावा देती है, दूसरी ओर उज्ज्वला योजना और मुफ्त सिलेंडरों की घोषणा करती है। यह ऊर्जा संक्रमण की एक 'हाइब्रिड रणनीति' है, जहां गरीब तबके के लिए एलपीजी सुरक्षा कवच है, जबकि शहरी क्षेत्रों में पीएनजी को प्रोत्साहन देना जरूरी। सरकार का लक्ष्य 2034 तक पीएनजी कनेक्शन को दो करोड़ से बढ़ाकर 13 करोड़ करना है, लेकिन मौजूदा अवसंरचना विस्तार की गति, गैस की उपलब्धता और निवेश के स्तर को देखते हुए यह लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है। भारत अपनी गैस आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में खपत बढ़ने का अर्थ आयात निर्भरता का और बढ़ना है। पश्चिम एशिया में अस्थिरता भारत की आपूर्ति श्रृंखला के लिए जोखिम पैदा करती है। ऐसे में अमेरिका, रूस और मोजाम्बिक जैसे वैकल्पिक स्रोतों से एलएनजी आयात बढ़ाना अनिवार्य होगा।

कुल मिलाकर यह प्रयास परिस्थितिजन्य प्रतिक्रिया नहीं, एक दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। नीतिगत निरंतरता, निवेश और क्रियान्वयन में गति बनी रही, तो पीएनजी भारत के ऊर्जा परिदृश्य में एक निर्णायक बदलाव ला सकती है।

### प्रसंगवश

## मर्यादा, करुणा और धर्म के दिव्य प्रतीक प्रभु श्रीराम

'पिता दीन्ह मोहि कानन राजू', ऐसा कहकर पिता का बचाव करने का साहस केवल राम जैसा पुत्र ही दिखा सकता है। पिता दशरथ की वचनबद्धता की विवशता को समझते हुए, जिस तरह से प्रभु राम ने माता कौशल्या के सामने उनका बचाव किया, वह किसकी आंखों में आंसू नहीं ला देगा? पिता दशरथ की बेचैनी और बेबसी को अपनी मुस्कुराहट से धूमिल करने का यत्न जो श्रीराम के जीवन दर्शन में देखने को मिला, उसने पुत्र धर्म की उत्कृष्टता की गाढ़ी लकीर ही खींच दी। धर्म और वात्सल्य के बीच फंसी कौशल्या को जिन-जिन तर्कों से प्रभु ने हल्का किया वह देखने योग्य है।

एक पुत्र का यही धर्म है कि वह अपने मां-बाप को असमंजस में न रहने दे। पुत्र रूप में प्रभु श्रीराम ने यह बखूबी करके दिखाया है। श्रीराम ने अपने जीवन में तमाम मुश्किलों का सामना किया, लेकिन अपने स्वाभाविक चरित्र में वे हमेशा अवस्थित रहे। मर्यादाओं की राह पर जीवन भर चलते रहकर मर्यादा पुरुषोत्तम हो गए। जीवन जीने की अद्भुत कला उनके जीवन प्रसंगों से सीखी जा सकती है। जिंदगी सुख और दुख दोनों अवसरों को दिखाती है। सुख पाकर मनुष्य अतिप्रसन्नता में और दुख पाकर विषाद में अपनी सहजता और निजता से कहीं दूर जाकर अपने सहज स्वभाव से विचलित हो जाता है।



रमा निवास तिवारी
लेखक

प्रभु श्रीराम के स्वभाव का यही वैशिष्ट्य है कि सुख और दुख में समता का पुट बना ही रहा। आज वे जगतपूज्य हैं, तो उसके पीछे यही कारण है कि लोग उनके स्वभाव और चरित्र के पुजारी हैं। माता, पिता, गुरु, शिष्य, भाई आदि तमाम संबंधों को मर्यादा के साथ उन्होंने जिया है। उनके जीवन की प्रत्येक घटना समाज के लिए प्रेरक हैं। वर्तमान में सामाजिक सौहार्द और पारिवारिक मधुरता का जो लोप दृष्टिगोचर होता दिख रहा है, उसकी पुनर्स्थापना केवल और केवल श्रीराम के चरित्रों को आत्मसात करके ही संभव दिखाई देता है।

भाई-भाई में झगड़े आज की कड़वी हकीकत है। अधिकतर विवाद संपत्ति के बंटवारे को लेकर ही चलते दिखाई देते हैं। थोड़ी-थोड़ी जमीन और संपत्ति की खातिर नौबत हिंसा और अदालतों तक जा पहुंचती है, लेकिन प्रभु श्रीराम ने तो भाई भरत को अयोध्या की गद्दी हंसते हंसते सौप दी थी। जिन राम को राजतिलक देने की तैयारी चल रही थी, उन्हें अगले ही दिन वनवासी होना पड़ा हो तो कितना कष्ट हुआ होगा, लेकिन बावजूद इसके उनके चेहरे पर खिन्नता की लेशमात्र भी उपस्थिति न दिखी।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीराम चरित मानस में यह वर्णन किया है कि जिनकी श्वास प्रति श्वास में वेद के मंत्रों उनकी ऋचाओं का स्पंदन सहज ही होता था, ऐसे अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक प्रभु श्रीराम गुरु के आश्रम में विद्याध्ययन करने जाते हैं। ऐसा करके वह जगत के लोगों को मानो यह उपदेश देते हैं कि विद्या प्राप्त करने के लिए गुरु चरणों में निमग्न होने की आवश्यकता है। साथ ही शीलता और विनम्रता के गुणों को धारण करके अकिंचन सी स्थिति में जब व्यक्ति गुरुचरणों में बैठेगा, तो गुरु कृपा का वर्षण होने में देर नहीं होगी। जगतपति जब गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र के अंगुल्यानिर्देश पर चलता है, तो कदाचित हम संसारियों को यह शिक्षा देना चाहता होगा कि ज्ञान, विज्ञान से लबालब भरे होने के बावजूद भी गुरु के लखाए मार्ग का अनुसरण ही कल्याणकारी होता है। प्रभु श्री राम ने जिंदगी भर विपत्तियों का सामना किया, किंतु अंदर की प्रसन्नता हमेशा बनाए रखी, इसीलिए कष्ट के क्षणों में लोग हे राम या हाय राम कहकर प्रभु श्रीराम का स्मरण करते हैं, जिससे उन्हें संबल प्राप्त होता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# मध्य-पूर्व संघर्ष के बीच भी भारत की ग्रोथ रेट बेहतर





विवेक सक्सेना
अयोध्या

मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के बीच कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। ग्रोथ रेट धीमी हो गई है, लेकिन भारत की आर्थिक रफ्तार जारी है। एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

एसएंडपी ग्लोबल की नवीनतम रिपोर्ट में भारत की जीडीपी वृद्धि दर को वित्त वर्ष 2027 के लिए 7.1% तक रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछली रिपोर्टों से अधिक है। जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मजबूत निजी खपत, निजी निवेश में मध्यम सुधार और ठोस निर्यात इसके मुख्य चालक होंगे। यह साबित करता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बाहरी झटकों के बावजूद अपनी मजबूती बनाए हुए है। यह रिपोर्ट न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को रेखांकित करती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के बीच कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। ग्रोथ रेट धीमी हो गई है, लेकिन भारत रफ्तार के साथ भाग रहा है। अगले वित्त वर्ष भी यही रफ्तार जारी रहेगी। ऐसा वैश्विक रेटिंग एजेंसी (एसएंडपी ग्लोबल) की रिपोर्ट कह रही है। एसएंडपी ग्लोबल ने वित्त वर्ष 2027 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 40 बेसिस पॉइंट्स बढ़ाकर 7.1% कर दिया है। एजेंसी ने 2025-26 के वृद्धि अनुमान को 0.4 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत और 2026-27 के लिए 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है। यह वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश की आर्थिक गति पर उसके भरोसे का संकेत है। ये अनुमान कहीं न कहीं भारत की ताकत को भी दर्शा रहे हैं।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार प्राइवेट कंजंप्शन, निवेश एवं एक्सपोर्ट ग्रोथ के सबसे बड़े ट्रिगर रहेंगे। एशियाई सेक्टर पर हर तिमाही में जारी की जाने वाली इकोनॉमिक कमेंट्री में एसएंडपी ने कहा कि नए भू-राजनीतिक तनाव और लगातार बने व्यापार संबंधी अनिश्चितता के जोखिम से भारत पर वस्तु कीमतों, व्यापार मात्रा एवं कैपिटल फ्लो में उतार-चढ़ाव के चलते असर पड़ सकता है। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी युद्ध के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था की रफ्तार अब तक इससे ज्यादा बाधित नहीं हुई है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर अपने अनुमानों को भी बेहतर किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से घरेलू मांग और सेवाओं पर आधारित है, जो इसे वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल से सुरक्षा प्रदान करती है, हालांकि रिपोर्ट में सकारात्मक बातें हैं, लेकिन यह तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक तनावों से जुड़े जोखिमों के प्रति आगाह भी करती है, हालांकॉ एसएंडपी ने ईंधन की बढ़ती कीमतों और कच्चे तेल के ऊंचे स्तरों से पैदा होने वाले उभरते जोखिमों की ओर इशारा किया है, जो महंगाई को और बढ़ा सकते हैं। अगर कच्चे तेल में तेजी जारी रही, तो इसका सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा। उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 26 में 2.5% से बढ़कर वित्त वर्ष 27 में 4.3% तक पहुंचने का अनुमान है, जो इन दबावों को दर्शाता है। एजेंसी ने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया है, जिसका अर्थ है कि सरकार को अपने खर्चों और राजस्व के बीच संतुलन बनाए रखने की जरूरत है।

एक तरफ जहां एसएंडपी ग्लोबल ने भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान बढ़ा दिया है, वहीं दूसरी ओर मूडीज एनालिटिक्स ने चेतावनी दी है कि अगर मध्य-पूर्व में चल रहा संघर्ष जारी रहता है, तो भारत को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़े आर्थिक झटकों में से एक का सामना करना पड़ सकता है। इस संघर्ष भारत का उत्पादन अपने मूल अनुमानित स्तर से लगभग चार फीसदी तक गिर सकता है। मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट भारत को इस क्षेत्र की सबसे सबसे ज्यादा जोखिम वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक मानती है। इसमें दक्षिण कोरिया और चीन भी शामिल है। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच तनावों के कारण ऊर्जा की आपूर्ति बाधित होने और कमोडिटी की कीमतें बढ़ने का खतरा है।

एजेंसी का अनुमान है कि भारतीय रिजर्व बैंक फिलहाल नीतिगत दरों को स्थिर रखेगा और रुख 'न्यूट्रल' बनाए रखेगा। पश्चिम एशिया का संघर्ष एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं पर असर डालेगा, क्योंकि इनमें से कई देश ऊर्जा के बड़े आयातक हैं और पश्चिम एशिया की आपूर्ति पर काफी हद तक निर्भर हैं। ऊंची ऊर्जा कीमतें खर्च करने की शक्ति को कम करती हैं और घरेलू मांग को कमजोर करती हैं। भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया और थाईलैंड जैसे देशों में ऊंची कीमतों के कारण सब्सिडी पर अधिक खर्च करना पड़ सकता है, जिससे वित्तीय स्थिति पर दबाव बढ़ेगा।

रेटिंग एजेंसी का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था घरेलू मांग, सार्वजनिक बुनियादी ढांचा निवेश और निजी क्षेत्र के निवेश चक्र के विस्तार से समर्थित रहेगी, हालांकि भू-राजनीतिक संघर्ष, प्रौद्योगिकी-आधारित व्यवधान, सार्वजनिक ऋण स्तर और जलवायु जोखिमों पर करीबी नजर रखने की जरूरत होगी। भारत में ऊर्जा कीमतों से उत्पन्न होने वाली महंगाई के आकलन के बाद आरबीआई नीतिगत सख्ती कर सकता है। एसएंडपी के अनुसार, ऐसी स्थिति में वर्ष की दूसरी छमाही में ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा सकती है।

सरकार की अवसंरचना, प्रौद्योगिकी अपनाने, कौशल विकास और बाजार पहुंच को बढ़ाने की रणनीति के कारण भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा भी बेहतर हो रही है। वित्त वर्ष 2031 तक निर्यात के लगभग 80 लाख करोड़ रुपये तक दोगुना होने की उम्मीग है। निर्यात को वैश्विक मांग, सेवाओं के मजबूत निर्यात और हाल ही में हुए व्यापार समझौतों से मिलने वाले अवसरों से समर्थन मिलेगा। औद्योगिक पूंजीगत खर्च में तेजी आने का अनुमान है। औद्योगिक जगत में तेजी आने की संभावना है, क्योंकि निवेश चक्र सार्वजनिक अवसंरचना से आगे बढ़कर विनिर्माण और नए क्षेत्रों तक फैल रहा है।

### आमने सामने



भाजपाइयों को सोते-जागते सिर्फ पीडीए ही सुनाई और दिखाई देता है। लोकसभा में हार की हताशा और आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर होने के डर से ये पीडीए का नाम सुनते ही कांपने लगे हैं।
**-अखिलेश यादव**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी

पीडीए का राग अलापने वाले सपाइयों को सच सुनने की आदत डालनी चाहिए। सपा का तथाकथित पीडीए सामाजिक न्याय का अभियान नहीं, बल्कि परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। इसका मकसद सिर्फ एक परिवार के राजनीतिक हितों और वंशवादी राजनीति को आगे बढ़ाना है।
**-पंकज चौधरी**
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा



# पड़ोसी नेपाल में 'उम्मीदों की बालेन सरकार'



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना यद्यपि आसान नहीं है, लेकिन नई सरकार यदि 50 फीसदी ही जनता की अपेक्षा पर खरा उतर पाई, तो यह बड़ी कामयाबी होगी।

नेपाल में आज 27 मार्च को गठन होने जा रही नई सरकार को लेकर नेपाली जनता में उत्सुकता का माहौल है। इसी के साथ हर वर्ग में आशा और विश्वास भी है। चारों ओर चर्चा है कि अब नेपाल को परिवर्तन की अनुभूति होगी। मायूसी और निराशा के बादल छटेंगे। राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल, नवनियुक्त प्रधानमंत्री और मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराएंगे। काठमांडू में जगह जगह बालेन शाह, रवि लामी छाने और सुडान गुरुंग के पोस्टर लगाए गए हैं। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की नई सरकार को सत्ता सौंपने की तैयारी में व्यस्त हैं। प्रधानमंत्री और मंत्रियों के शपथ से पहले 26 मार्च को सभी सांसदों का शपथ ग्रहण होगा।

नेपाल करीब 400 सालों तक राजशाही के अधीन था। पृथ्वी नारायण शाह को नेपाल का जनक माना जाता है। राजशाही से मुक्ति के लिए राजनीतिक दलों ने यदा-कदा आंदोलन जरूर चलाया, लेकिन इसमें कामयाबी 2008 में जनयुद्ध नाम से चले हिंसक आंदोलन के बाद मिली। माओइस्ट नेता प्रचंड और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में सालों साल चले इस आंदोलन में करीब पांच हजार लोग मारे गए। राजा समर्थक राजनेताओं और जमींदारों के घर जलाए गए, उनकी हत्याएं की गई। इस भारी खून-खराबा से घबराए तत्कालीन नरेश ज्ञानेंद्र ने सत्ता त्यागने की घोषणा की। कहना न होगा नेपाल को लोकतंत्र के सूर्योदय के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी।

2008 में हुए संविधान सभा के चुनाव में अपूर्ण बहुमत के बावजूद प्रचंड प्रधानमंत्री बने, लेकिन नौ माह बाद ही उन्हें सत्ता छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। 2026 में संपन्न हुए चुनाव तक नेपाल को अस्थिर और गठबंधन सरकार का बोझ ढोने को मजबूर होना पड़ा। इस दौरान करीब 13 प्रधानमंत्री आए-गए, लेकिन नेपाल जस का तस रहा। भ्रष्टाचार इस स्तर तक चरम पर पहुंच गया कि सत्ता और विपक्ष के शीर्ष नेताओं तक के हाथ इसमें सने हुए मिले। नेपाली जनता खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगी। केपी शर्मा ओली अंतिम प्रधानमंत्री साबित हुए, जिसे दुनिया ने देखा कि किस तरह जेन जी आंदोलनकारियों ने भारी अपमान के बीच सत्ता छोड़ने को मजबूर किया। इसके अलावा अन्य दूसरी पार्टियों के वरिष्ठ नेता भी किस कदर खेत-खेत भागकर अपनी जान बचा पाए, यह भी दुनिया ने देखा।

किसी सरकार के प्रति जनता जब गुस्सा होती है, तो उसका क्या हश्र होता है, नेपाली जनता ने यह कर दिखाया, बहरहाल उसके बाद नेपाल में अंतरिम सरकार का गठन हुआ। फिर छः महीने बाद चुनाव हुए और इस चुनाव में सर्वथा पहली बार नेपाल को पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब हुई, दरअसल नेपाली जनता को राजशाही से असल मुक्ति अब महसूस हुई, लेकिन अनुभूति होना अभी बाकी है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी यानी जिस पार्टी की सरकार सत्तारूढ़ होने जा रही है, उससे जनता को बहुत ज्यादा उम्मीदें है। इन उम्मीदों पर खरा उतरना यद्यपि आसान नहीं है, लेकिन नई सरकार यदि पचास प्रतिशत ही जनता की अपेक्षा पर खरा उतर पाई तो यह बड़ी कामयाबी होगी।

नई सरकार का मुखिया बालेन शाह का ही बनना तय है। इस पद को लेकर चल रही कयासबाजी और शंका-आशंका सब निर्मूल हैं। बालेन मंत्रिमंडल में फिलहाल उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामी छाने होंगे। जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग का भी मंत्री बनना तय माना जा रहा है। तराई, जो सरकार में अहम भागीदारी से अछूता रह जाता रहा है, यहां से भी कम से कम चार मंत्री होंगे। काफी संभावना है, भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले से सांसद चुने गए पूर्व पुलिस अधिकारी विक्रम सिंह थापा को बालेन शाह सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय मिल सकता है। विक्रम सिंह थापा राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से सांसद चुने गए हैं। बालेन मंत्रिमंडल में क्षेत्र और जाति संतुलन पर विशेष ध्यान होगा। बालेन मंत्रिमंडल में अपेक्षाकृत युवा चेहरे भी होंगे।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म अभी पिछले चुनाव में ही हुआ है। पहली मर्तबा चुनाव में उतरी इस पार्टी को 20 सीटें हासिल हुईं थीं। इस बार के चुनाव में इस पार्टी की सुनामी थी, जिसमें पुरानी पार्टियों के सारे धुरंधर धराशाई हो गए। देखा जाए तो नेपाल के लोकतांत्रिक इतिहास में सर्वथा पहली बार किसी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। बालेन सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर नेपाल के पड़ोसी देशों में भी उत्सुकता देखी जा रही है। अपेक्षाकृत राजनीतिक रूप से बिल्कुल ही अपरिपक्व बालेन सरकार नेपाल के लिए क्या कुछ कर पाती है, यह देखना दिलचस्प होगा।

प्रधानमंत्री बनने जा रहे बालेन शाह को कुछ साल तक महज एक नगर निगम को चलाने का अनुभव है, जबकि संभावित गृहमंत्री रवि लामी छाने ओली सरकार में कुछ माह तक गृहमंत्री रहे हैं। अपेक्षाकृत कम अनुभवी इस सरकार के कामकाज के तरीकों, विदेश नीति, पड़ोसी देशों से रिश्ते को लेकर नेपाल से मोहब्बत करने वाले देशों में भारी उत्सुकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## युद्ध व बाजार के बीच जीवन

आज से 40 या 50 साल पहले ऐसे युद्धों से भारत की जनता को कोई खास फ़र्क नहीं पड़ता था.. और महज़ 100 साल पहले तो लोगों को पता भी नहीं चलता था कि उनके गांव से दूर, दूसरी दुनिया में क्या हो रहा है और चाहे डीज़ल और एलपीजी के जहाज़ आएं या न आएं, सबकी ज़िंदगी वैसे ही चलती थी, जैसी चल रही थी। किसान अपने खेतों और बारिश पर निर्भर था न कि बिजली और डीज़ल पर। लोगों का जीवन प्रकृति पर निर्भर था।



सिद्धार्थ ताबिश
ब्लॉगर

आज हम मनुष्यों की तरक्की दरअसल हवा का एक बुलबुला है। पूरी तरह से बाज़ार और साम्राज्यवाद पर निर्भर जीवन को हम मनुष्य तरक्की बोलते हैं और फिर चाहे कितने बड़े साहित्यकार हों या लेखक या कितने भी बड़े आधुनिक दार्शनिक, ये सब इसी तरक्की के गुण गाते फिरते हैं।

दिल्ली, मुंबई और इस जैसे तमाम शहर पूरी तरह से अप्राकृतिक हैं और गुलामों की बस्तियां हैं। ठीक वैसे, जैसे मिस्र के पिरामिड के समय सालों तक गुलामों की बस्तियां पिरामिड के पास बनी रहती थीं। दिल्ली में बिजली भेजने वाले अगर किसी संयंत्र पर हमला हो जाए और मात्र दस दिनों के लिए ही बिजली बंद हो जाए, तो आपके जो करोड़ों के घर हैं, वहां आपको पानी तक नहीं मिलेगा और कुछ ही दिनों में हजारों जाने चली जाएंगी। ये आपकी तरक्की का बुलबुला है। आप कितनी भी बड़ी कंपनी में नौकरी कर रहे हैं, कितने भी पैसे कमा रहे हैं, कितने भी ऐश से रह रहे हैं, आपकी नस्लें बिना बिजली और एलपीजी के विलुप्त हो जाएंगी और अंत में बचेंगे सिर्फ़ वो जो आपकी 'तरक्की' के पैमानों पर निर्भर नहीं होते हैं।

हमारे लिए अभी सवेरा है। हमेशा ऐसा विकल्प ले कर चलिए, जहां आप और आपकी नस्लें प्राकृतिक रूप से जीवन जी सकें। पचासों हज़ार और लाखों की ईएमआई भरते रहते हैं आप इन दिल्ली और मुंबई के 'कूड़ा' जैसे घरों के लिए और आप उसी में से जोड़कर दो चार बीघे खेत कहीं दूर गांव में नहीं खरीदते हैं, जबकि इन बेकार के घरों के मुकाबले खेत खरीदना कहीं आसान और सस्ता होता है।

सिर्फ़ खेत मत खरीदिए, खेत खरीदने के दो चार साल के भीतर ही वहां रहने लायक एक बिल्कुल छोटा सा आशियाना बना लीजिए जो बड़ी छोटी सी लागत से बन जाएगा और अपने बच्चों को वहां लंबी छुट्टी पर ले जाइए। लाखों खर्च करके मालदीव्स और दूसरी जगहों पर जाने से कहीं बेहतर है अपने बच्चों को अपने खेत में प्रकृति के साथ जीना, बोना और खाना सिखाइए। ये उनके सर्वाइवल के लिए काम आएगा। **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## महिला उद्यमिता के साथ ही विकास को मिलेगी गति

भारत में आर्थिक प्रगति के लिए सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है। इस संदर्भ में महिला उद्यमिता एक ऐसी शक्ति के रूप में उभर कर सामने आई है, जो न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा दे रही है। आज महिलाएं पारंपरिक भूमिकाओं की सीमाओं को तोड़कर व्यापार, उद्योग, सेवा क्षेत्र और स्टार्टअप में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। छोटे घरेलू व्यवसायों से लेकर बड़े उद्योगों तक, महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे किसी भी क्षेत्र में पुरुषों के समकक्ष खड़ी हो सकती हैं। उनके द्वारा स्थापित उद्योग न केवल उनके परिवार की आय को बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में रोजगार के अवसर भी सृजित करते हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं, जैसे- स्टार्टअप इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और स्टैंड-अप इंडिया महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके साथ ही, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-कॉमर्स ने महिलाओं को वैश्विक बाजार तक पहुंचने का अवसर प्रदान किया है।



डॉ. वंदना शर्मा
प्रिंसिपल

महिला उद्यमी वही हैं, जो अपना उद्यम शुरू करे। उसकी व्यवस्था संभालें और उसके लिए वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी निभाती हैं। भारत सरकार के अनुसार महिला उद्यमी होने के लिए उद्यम की वित्तीय भागीदारी में कम से कम 50 प्रतिशत योगदान होना आवश्यक है। इस तरह, प्रमुख वित्तीय भागीदारी होने पर ही एक महिला उद्यमी की श्रेणी में मानी जाएगी। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के अनुसार देश के कुल उद्यमियों में से केवल 15 प्रतिशत ही महिलाएं हैं। इनमें से अधिकांश व्यापार या विनिर्माण में छोटे पैमाने पर चलाए जा रहे हैं। महिला उद्यमियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है और विभिन्न उद्योगों में उन्हें पहचान और मान्यता भी मिल रही है।

महिला उद्यमिता के मार्ग में कई चुनौतियां भी हैं। सामाजिक रूढ़ियां, वित्तीय संसाधनों की कमी, तकनीकी ज्ञान का अभाव और पारिवारिक जिम्मेदारियां महिलाओं की प्रगति में बाधा बनती हैं। महिलाओं को पुरुष प्रधान मानसिकता वाले माहौल में काम करना होता है, जहां उन्हें लैंगिक भेदभाव और पूर्वाग्रहों का सामना करना पड़ता है। यह भी देखा गया है कि कानूनों और नीतियों के बावजूद महिलाओं के लिए व्यापार करना कई बार मुश्किल हो जाता है। अभी भी ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां महिलाओं की भागीदारी सीमित है। महिला उद्यमियों के समक्ष एक चुनौती यह भी है कि सामाजिक बंधनों और पारंपरिक सोच के कारण उनका व्यापार नेटवर्क इतना मजबूत नहीं हो पाता और उन्हें हर प्रयास स्वयं ही करना पड़ता है। इसी कारण महिलाओं को पर्याप्त मार्गदर्शन और समर्थन की आवश्यकता होती है।

इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक है कि समाज में जागरूकता बढ़ाई जाए और महिलाओं को शिक्षा, प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। यह न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सुधार रहा है, बल्कि उन्हें सामाजिक सम्मान भी दिला रहा है। अतः महिला उद्यमिता केवल व्यक्तिगत सशक्तिकरण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के समग्र विकास की आधारशिला है। यदि महिलाओं को उचित अवसर और समर्थन मिले, तो वे भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# ऐसे हुआ एलपीजी का आविष्कार

बीसवीं सदी की शुरुआत में पेट्रोल सिर्फ ईंधन नहीं, बल्कि एक बड़ी पहेली भी था। उस दौर में इसे संभालना आसान नहीं था- जरा-सी लापरवाही और पेट्रोल हवा में उड़ जाता। भंडारण और परिवहन के दौरान इसका तेजी से वाष्प में बदल जाना ईंधन विक्रेताओं के लिए भारी नुकसान और खतरनाक हादसों की वजह बन रहा था। कंटेनरों के अंदर बनने वाली गैसें कभी भी विस्फोट का कारण बन सकती थीं। इसी समस्या ने अमेरिकी वैज्ञानिक वाल्टर ओ. स्नेलिंग को सोचने पर मजबूर किया। 1910 में उनकी जांच एक साधारण शिकायत से शुरू हुई। एक व्यक्ति ने बताया कि घर पहुंचते-पहुंचते उसका आधा पेट्रोल गायब हो गया। यह सुनकर स्नेलिंग ने पेट्रोल के व्यवहार को समझने का फैसला किया। अपने प्रयोगों में उन्होंने पाया कि पेट्रोल के भीतर प्रोपेन और ब्यूटेन जैसी गैसें मौजूद होती हैं, जो सामान्य तापमान पर तेजी से उड़ जाती हैं। जहां बाकी लोग इन्हें बेकार समझते थे, वहीं स्नेलिंग ने इन्हें एक अवसर के रूप में देखा। उन्होंने साधारण उपकरणों की मदद से इन गैसों को अलग किया और दबाव में लाकर तरल रूप में बदल दिया। यहीं से जन्म हुआ एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस का। स्नेलिंग ने पाया कि यह गैस न केवल आसानी से जलती है, बल्कि खाना पकाने, हीटिंग और रोशनी के लिए बेहद उपयोगी भी है। 1912 में इसका पहला घरेलू उपयोग हुआ और 1913 में उन्होंने इस प्रक्रिया का पेटेंट भी करवा लिया। आज एलपीजी दुनियाभर में रसोई से लेकर उद्योगों तक हर जगह इस्तेमाल हो रही है। एक छोटी-सी समस्या से शुरू हुई यह खोज आज करोड़ों लोगों की जिंदगी आसान बना रही है।

## वैज्ञानिक के बारे में



वाल्टर ओ. स्नेलिंग का जन्म 1880 में अमेरिका में हुआ था। वे पेशे से रसायनशास्त्री थे और ईंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध किए। उन्होंने हार्वर्ड, येल और जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय से शिक्षा हासिल की। 1907 में उन्होंने पानी के नीचे डेटोनेटर का आविष्कार किया, जो पनामा नहर निर्माण में अमेरिकी सरकार को सालाना 5 लाख डॉलर बचाने में सहायक रहा। 1910 में यूएस ब्यूरो ऑफ माइंस के विस्फोटक प्रयोगशाला के प्रमुख बने। उन्होंने विस्फोटकों पर 179 पेटेंट कराए। उनका निधन 1965 में हुआ।



# एजेंटिक ब्राउजर इंटरनेट का नया 'स्मार्ट सारथी'

कल्पना कीजिए कि आप अपने मोबाइल या कंप्यूटर से बस इतना कहें- "अगले महीने मुंबई जाने के लिए सबसे सस्ती फ्लाइट ढूंढकर टिकट बुक कर दो" और आपका ब्राउजर खुद अलग-अलग वेबसाइटों पर जाए, कीमतों की तुलना करे और आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प चुन ले। कुछ समय पहले तक इस तरह की बातें साइंस-फिक्शन जैसी लगती थीं, लेकिन आज की डिजिटल दुनिया में यह तेजी से वास्तविकता बन रही है। इस तकनीक को "एजेंटिक ब्राउजर" कहा जा रहा है- ऐसे ब्राउजर जो केवल वेबसाइट दिखाते नहीं, बल्कि उपयोगकर्ता की ओर से इंटरनेट पर काम भी कर सकते हैं। अब तक ब्राउजर एक खिड़की की तरह थे, जिनसे हम वेब देखते थे, लेकिन अब वे एक तरह के डिजिटल सहायक या प्रतिनिधि बनने की ओर बढ़ते दिखने लगे हैं। इंटरनेट का अनुभव 'खुद खोजने और क्लिक करने' से बदलकर 'लक्ष्य बताने और काम करवाने' की दिशा में बढ़ रहा है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

## क्लिक से उद्देश्य तक ब्राउजिंग का नया मॉडल

अब तक हम क्रोम, मोजिला फायर फॉक्स, सफारी, एज जैसे ब्राउजर का इस्तेमाल मुख्यत: वेबसाइट देखने के लिए करते रहे हैं। कोई जानकारी चाहिए तो सर्च करना पड़ता है, कई लिंक खोलने पड़ते हैं और जरूरी फॉर्म या भुगतान जैसी प्रक्रियाएं खुद पूरी करनी पड़ती हैं। एजेंटिक ब्राउजर इस पूरी प्रक्रिया को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। इनमें लगे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित एजेंट उपयोगकर्ता के उद्देश्य को समझते हैं और फिर उसी के आधार पर इंटरनेट पर काम करते हैं। वे वेबसाइट खोलते हैं, जानकारी इकट्ठा करते हैं, तुलना करते हैं और कई बार पूरी प्रक्रिया भी पूरी कर देते हैं। सरल शब्दों में कहें, तो इंटरनेट का अनुभव अब केवल जानकारी खोजने तक सीमित नहीं रह रहा, बल्कि डिजिटल काम करवाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



## रोजमर्रा के काम कैसे बदलेंगे

अभी इंटरनेट पर किसी साधारण काम के लिए भी उपयोगकर्ता को कई चरणों से गुजरना पड़ता है। वेबसाइट ढूंढना, अलग-अलग विकल्प देखना, जानकारी पढ़ना और फिर निर्णय लेना। एजेंटिक ब्राउजर इंटरनेट पर बिखरे हुए कामों को एक क्रम में जोड़कर इस पूरी प्रक्रिया को सरल और संगठित बना सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर कोई उपयोगकर्ता ब्राउजर से कहे कि "मुझे 2000 रुपये से कम कीमत के नीले रंग के रनिंग शूज चाहिए, जिनकी रेटिंग चार स्टार से ऊपर हो," तो एजेंटिक ब्राउज़र अलग-अलग ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर जाकर विकल्प खोज सकता है और सबसे उपयुक्त उत्पाद सामने रख सकता है। इसी तरह यात्रा की योजना बनाते समय यह विभिन्न एयरलाइन और होटल वेबसाइटों से जानकारी लेकर कीमतों और सुविधाओं की तुलना कर सकता है। किसी लंबी रिपोर्ट या शोधपत्र को पढ़ने के बजाय ब्राउजर उसका सार और मुख्य बिंदु तैयार कर सकता है। सरकारी सेवाओं या ऑनलाइन प्रक्रियाओं में भी यह तकनीक मददगार हो सकती है- जैसे ट्रेन टिकट बुक करना, बिल जमा करना या किसी आवेदन की प्रक्रिया पूरी करना, जिनमें अक्सर कई चरण होते हैं। यदि यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती है, तो इंटरनेट का अनुभव भी बदल सकता है। उपयोगकर्ता हर क्लिक खुद करने के बजाय केवल अपना लक्ष्य बताएगा और ब्राउजर उस तक पहुंचने के लिए जरूरी डिजिटल प्रक्रियाओं को क्रमबद्ध कर देगा। इस तरह वेब धीरे-धीरे केवल वेबसाइटों का संग्रह नहीं रहेगा, बल्कि एक ऐसेडिजिटल कार्य-परिसरमें बदल सकता है, जहां खोज, विश्लेषण और कार्रवाई एक ही जगह पर संभव हों।

## भारत के लिए इसका महत्व

भारत जैसे देश में एजेंटिक ब्राउजर का महत्व और भी बढ़ सकता है। यहां करोड़ों लोग इंटरनेट का उपयोग तो करते हैं, लेकिन जटिल वेबसाइटों और ऑनलाइन प्रक्रियाओं से अक्सर घबराते हैं। यदि ब्राउजर उपयोगकर्ता की भाषा में बातचीत कर सके और उसके लिए आवश्यक काम कर सके, तो यह डिजिटल सेवाओं को अधिक सुलभ बना सकता है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में बातचीत करने वाले एजेंटिक ब्राउजर उन लोगों के लिए इंटरनेट को आसान बना सकते हैं, जो अभी तकनीकी रूप से बहुत सहज नहीं हैं। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के नए इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए यह तकनीक एक तरह का डिजिटल साथी बन सकती है।

## तकनीकी कंपनियों के बीच नई दौड़

- एजेंटिक ब्राउजर ने टेक कंपनियों के बीच एक नई होड़ छेड़ दी है। ब्राउजर अब केवल इंटरफेस नहीं, बल्कि एक्जीक्यूशन लेयर बन रहा है, जो आपकी डिजिटल पहचान के नाम पर फैसले ले सकता है और लेन-देन भी कर सकता है।
- कुछ साल पहले तक ब्राउज़र बाज़ार में क्रोम, मोजिला फायर फॉक्स, सफारी और एज जैसे नाम ही हावी थे, अब हर दिग्गज कंपनी चाहती है कि इंटरनेट पर उपयोगकर्ता जो भी करे, उसका पहला और आखिरी साथी वही ब्राउजर हो। ओपेन एआई का चैट-जीपीटी एटलस एड्रेस बार की जगह एआई को बैठाकर ब्राउजर की पारंपरिक परिभाषा बदल देता है। यह एजेंट मोड में खुद वेबसाइटों पर जाकर जानकारी जुटा सकता है, तुलना कर सकता है और कई मामलों में फॉर्म भरने व बुकिंग तक की प्रक्रिया संभाल सकता है। गूगल क्रोम अपने उपयोगकर्ताओं तक जेमिनी आधारित आटो ब्राउज के जरिए यह दिखाना चाहता है कि वही पुराना ब्राउजर अब नए दिमाग के साथ लौट आया है, जहां सारांश, शोध और डेटा विश्लेषण सब कुछ ब्राउजर के भीतर होता है।
- इसी दौड़ में Perplexity का Comet भी है। एआई नेटिव यह ब्राउजर Comet Assistant के माध्यम से अलग-अलग वेबसाइटों के बीच नेविगेट कर जानकारी इकट्ठा करता है, कई स्रोतों से डेटा जोड़कर सुझाव देता है और हाल के अपडेट्स के बाद उपयोगकर्ता की अनुमति लेकर कुछ बहुचरणीय ऑनलाइन प्रक्रियाओं को भी अपने आप व्यवस्थित कर सकता है। Microsoft Edge का Copilot Mode Windows, Office और क्लाउड सेवाओं को जोड़कर ब्राउजर को पूरे डिजिटल कार्यप्रवाह का सहायक बनाने की दिशा में काम कर रहा है।
- Opera Neon और The Browser Company का Dia जैसे नए खिलाड़ी पूरी तरह एआई संचालित इंटरफेस, ऑटोमेटेड टैब मैनेजमेंट और संदर्भ आधारित नेविगेशन जैसे प्रयोगों के जरिए इस दौड़ को और तेज कर रहे हैं। चेहरे भले अलग-अलग हों, लक्ष्य एक ही है। आपके रोजमर्रा के डिजिटल कामों की रस्सियां अपने हाथ में लेना।

## सुविधा के साथ चुनौतियां भी

हर नई तकनीक की तरह एजेंटिक ब्राउजर के साथ भी कुछ चिंताएं जुड़ी हुई हैं। सबसे बड़ा सवाल डेटा गोपनीयता का है। क्योंकि ब्राउजर उपयोगकर्ता की ओर से काम करेगा, उसे उसकी पसंद, व्यवहार और कई बार संवेदनशील जानकारी तक पहुंच हो सकती है। इसलिए सुरक्षा और पारदर्शिता बेहद महत्वपूर्ण होंगी। जितना अधिक अधिकार हम ब्राउजर एजेंट को देंगे, उतनी ही गहरी हमारी निर्भरता और जोखिम दोनों होंगे। चूंकि ये एजेंट हमारी पहचान के नाम पर वेबसाइटों पर कार्रवाई करते हैं, गलत कॉन्फ़िगरेशन या साइबर हमले की स्थिति में आर्थिक धोखाधड़ी, डेटा चोरी और "स्वचालित" दुरुपयोग की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एजेंटिक ब्राउजर यदि स्कैमर्स के नियंत्रण में आ गए, तो बड़े पैमाने पर ठगी के उपकरण भी बन सकते हैं, खासकर प्रॉम्प्ट इंजेक्शन, मेमोरी मैनिप्युलेशन और क्रॉस सेशन अटैक जैसे बड़े खतरे दरकिनार नहीं किए जा सकते। इसके अलावा यह भी सवाल उठता है कि क्या हम धीरे-धीरे इतनी स्वचालित तकनीक पर निर्भर हो जाएंगे कि खुद जानकारी खोजने की आदत कम हो जाएगी। भारत के संदर्भ में एजेंटिक ब्राउजर का उभार एक नई नीतिगत चुनौती भी प्रस्तुत करता है। भारत सरकार का डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) अधिनियम 2023 अभी पूरी तरह लागू हो रहा है और एजेंटिक ब्राउजर जैसी तकनीक इसकी सीमाओं को परीक्षण में डालेगी। जब कोई एआई ब्राउजर उपयोगकर्ता की ओर से स्वचालित रूप से फॉर्म भरता है, सेवाएं बुक करता है और डेटा साझा करता है, तो "सहमति" की अवधारणा धुंधली हो जाती है। डीपीडीपी अधिनियम के अंतर्गत डेटा फिड्यूशरी की जवाबदेही स्पष्ट है, लेकिन एजेंटिक ब्राउजर इस जवाबदेही की श्रृंखला को जटिल बनाते हैं। भारतीय नीति-निर्माताओं को इस तकनीक के व्यापक प्रसार से पहले स्पष्ट नियामक ढांचा तैयार करना होगा।

## भविष्य की दिशा

यह स्पष्ट है कि ब्राउजर तकनीक एक नए चरण में प्रवेश कर चुकी है। जिस प्रकार सर्च इंजन ने वेब को व्यवस्थित किया और स्मार्टफोन ने इंटरनेट को हर व्यक्ति की जेब तक पहुंचाया, उसी प्रकार एजेंटिक ब्राउजर इंटरनेट को अधिक बुद्धिमान और अधिक स्वचालित अनुभव में बदल सकते हैं। भविष्य में ब्राउजर केवल वेबसाइट देखने का माध्यम नहीं रहेंगे, बल्कि वे ऐसे प्लेटफॉर्म बनेंगे, जहां खोज, विश्लेषण, संवाद और निर्णय के साथ सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध हों, लेकिन इस परिवर्तन की दिशा इस बात पर निर्भर करेगी कि तकनीकी कंपनियां, नीति-निर्माता और उपयोगकर्ता मिलकर इस नई तकनीक को किस प्रकार आकार देते हैं। क्योंकि इंटरनेट का अगला इंटरफेस निश्चित रूप से एजेंटिक होगा, पर यह अभी तय होना बाकी है कि वह उपयोगकर्ता को अधिक स्वतंत्र बनाएगा या डिजिटल दुनिया के नए द्वारपाल तैयार करेगा।

रोचक फैक्ट



# पेड़ों की संख्या हमारी आकाशगंगा के तारों से अधिक

पृथ्वी और अंतरिक्ष के बीच तुलना हमेशा से मानव जिज्ञासा का विषय रही है, लेकिन एक रोचक तथ्य यह है कि हमारे ग्रह पर मौजूद पेड़ों की संख्या हमारी आकाशगंगा के तारों से भी अधिक हो सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, Milky Way Galaxy में लगभग 100 अरब से 400 अरब तारे मौजूद हैं। यह आंकड़ा विशाल है, लेकिन जब बात पृथ्वी पर पेड़ों की आती है, तो यह संख्या और भी चौंकाने वाली हो जाती है। वर्ष 2015 में प्रतिष्ठित जर्नल नेचर में प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन ने अनुमान लगाया कि दुनिया में लगभग 3.04 ट्रिलियन पेड़ हैं। यह शोध येल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किया गया था, जिसमें सैटेलाइट इमेजरी और फील्ड डेटा का उपयोग कर अब तक का सबसे व्यापक वृक्ष गणना विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। हालांकि यह संख्या प्रभावशाली है, वैज्ञानिकों ने यह भी चेतावनी दी है कि मानव गतिविधियों के कारण हर साल लगभग 15 अरब पेड़ नष्ट हो रहे हैं। वनों की कटाई, शहरीकरण और कृषि विस्तार इसके प्रमुख कारण हैं। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार, पृथ्वी का हरित आवरण न केवल जलवायु संतुलन बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि यह कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ग्लोबल वार्मिंग को भी नियंत्रित करता है। हाल के वर्षों में नई तकनीकों, जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट मैपिंग, ने वृक्षों की गणना और उनके स्वास्थ्य का विश्लेषण और अधिक सटीक बना दिया है। 2021 के बाद के अध्ययनों में यह पाया गया है कि कुछ क्षेत्रों में वृक्षारोपण और संरक्षण प्रयासों के कारण हरित क्षेत्र में सुधार हुआ है, लेकिन कुल मिलाकर वैश्विक स्तर पर वृक्षों की संख्या अब भी घटती प्रवृत्ति में है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वर्तमान दर से पेड़ों की कटाई जारी रही, तो आने वाले दशकों में यह संख्या और तेजी से घट सकती है, जिससे जैव विविधता, जल चक्र और जलवायु पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए "एक पेड़ लगाओ" जैसे अभियानों से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर वन संरक्षण नीतियों और सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता है। यह तथ्य न केवल हमें पृथ्वी की जैविक समृद्धि का एहसास कराता है, बल्कि यह भी बताता है कि हमारी जिम्मेदारी कितनी बड़ी है। जहां एक ओर हम अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हमें अपने ही ग्रह की इस अनमोल संपदा पेड़ों की रक्षा करना भी उतना ही जरूरी है।

वाइल्ड लाइफ



# उड़ने वाली गिलहरी

अरुणाचल प्रदेश के घने जंगलों में स्थित नामदफा नेशनल पार्क जैव विविधता का अनमोल खजाना है। इसी समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र में एक बेहद रोचक और दुर्लभ जीव पाया जाता है- उड़ने वाली गिलहरी। यह अनोखा स्तनधारी वास्तव में उड़ता नहीं, बल्कि अपने शरीर की विशेष झिल्ली (पैटाजियम) की मदद से एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक आसानी से फिसल (ग्लाइड) करता है। उड़ने वाली गिलहरी की यह क्षमता उसे जंगल में जीवित रहने में महत्वपूर्ण बढ़त देती है। ऊंचे-ऊंचे पेड़ों के बीच यह बिना जमीन पर उतरे लंबी दूरी तय कर लेती है, जिससे वह जमीन पर मौजूद शिकारी जीवों जैसे सांप या जंगली बिल्ली से खुद को सुरक्षित रखती है। यह प्रजाति मुख्यतः निशाचर होती है यानी रात के समय सक्रिय रहती है और दिन में पेड़ों की खोखली शाखाओं या घोंसलों में छिपी रहती है। उत्तर-पूर्व भारत में पाई जाने वाली प्रमुख प्रजातियों में रेड जाइंट फ्लाइंग स्क्विरल और नामदफा फ्लाइंग स्क्विरल शामिल हैं। इनमें से नामदफा फ्लाइंग स्क्विरल अत्यंत दुर्लभ मानी जाती है और इसके बारे में वैज्ञानिक जानकारी भी सीमित है। इसकी खोज ने इस क्षेत्र के पारिस्थितिक महत्व को और अधिक उजागर किया है।

हाल के वर्षों में वैज्ञानिकों ने पाया है कि उड़ने वाली गिलहरियां बीज फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे फल और बीज खाकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाती हैं, जिससे जंगलों के पुनर्जीवन और संतुलन में मदद मिलती है। इस तरह यह छोटा-सा जीव पूरे वन तंत्र के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी कड़ी बन जाता है। हालांकि वनों की कटाई और मानव हस्तक्षेप के कारण इनका प्राकृतिक आवास लगातार सिकुड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन भी इनके जीवन चक्र और भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर रहा है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के अनुसार, कई उड़ने वाली गिलहरी प्रजातियां संकटग्रस्त या डेटा-अभाव श्रेणी में आती हैं, जिससे इनके संरक्षण की आवश्यकता और बढ़ जाती है। नामदफा नेशनल पार्क जैसे संरक्षित क्षेत्र इन जीवों के लिए सुरक्षित आश्रय प्रदान करते हैं, लेकिन केवल संरक्षित क्षेत्र ही पर्याप्त नहीं हैं। स्थानीय समुदायों की भागीदारी, जागरूकता और सतत विकास नीतियां भी उतनी ही जरूरी हैं। यह शर्मीला और सुंदर जीव न केवल उत्तर-पूर्व भारत की प्राकृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि प्रकृति के हर छोटे-बड़े जीव का अपना महत्व है। उड़ने वाली गिलहरी हमें सिखाती है कि संतुलन और अनुकूलन ही जंगल के जीवन का आधार है और इसकी रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है।

# जंगल से सड़क तक मानव-वन्य जीव संघर्ष



रवीन्द्र त्रिपाठी
शिक्षक

पिछले दिनों खीरी जिले में घटित तीन प्रमुख मानव वन्य जीव संघर्ष ने मानव जीवन में हलचल मचा दी है। पहली घटना धौरहरा वन रेंज की है, जहां खेत में घुसे तेंदुए ने किसान को लहू लुहान कर दिया। दूसरी घटना भी खीरी जिले के कोतवाली तिकुनिया के बनवीरपुर गांव की है, जहां युवक को तेंदुए ने घायल कर दिया। तीसरी घटना महेशपुर वनरेंज के नंदलालपुर गांव की है, जहां बाघ के हमले में युवक की मौत हो गई और यह तीनों घटनाएं एक ही दिन में घटित हुई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मानव वन्य जीव संघर्ष कितना घातक रूप से बढ़ता ही जा रहा है। स्थिति यह है कि लोग खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। आशंका है किसी समय तेंदुए या वन्य जीव हमले की, लेकिन क्या? यह सब स्थितियां एक दिन में पैदा हो गईं तो इसका उत्तर है नहीं, बल्कि अनुचित एवं अनवरत मानवीय क्रियाकलापों ने यह स्थिति पैदा की है, जिससे मानव-वन्य जीव संघर्ष की यह नई इबादत तैयार हो रही है और दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। वस्तुतः मानव-वन्य जीव संघर्ष तब होता है, जब जंगली जानवरों और इंसानों के बीच नकारात्मक अंतः क्रिया होती है, आइए इसके कारणो का विश्लेषण करते हैं कि आखिरकार यह संघर्ष क्यों और कैसे पैदा हुआ?

पहला कारण है कि तेजी से बढ़ता हुआ शहरीकरण इसके लिए जिम्मेदार है, क्योंकि जहां पर शहर बस जाता है, वहां पर वन लगभग शून्य ही रहता है, ऐसे में इन वन्य जीवों के लिए रहना, भोजन, पानी इत्यादि आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं होती है, इससे वन्य जीव मानव बस्तियों में आना शुरू कर देते हैं, जिससे मानव वन्य जीव संघर्ष प्रारंभ होता है।

दूसरा प्रमुख कारण मानव वन्य जीव संघर्ष का है, कृषि विस्तार के लिए वनों की कटाई बढ़ता शहरीकरण खेतों को लीलता जा रहा है, वहीं उन्हीं खेतों की पूर्ति के लिए लगातार जंगल काटे जा रहे हैं। जंगलों के काटे जाने से जंगल लगातार सिकुड़ते जा रहे हैं, जिससे इन वन्य जीवों को मानव बस्तियों में आना पड़ रहा है, फलस्वरुप मानव वन्य जीव संघर्ष बढ़ता जा रहा है। तीसरा कारण है, बढ़ती जनसंख्या। बढ़ती जनसंख्या के कारण आज मानव बस्तियां जंगलों के काफी समीप पहुंच गई हैं। पहले वह जंगलों से बहुत दूर हुआ करती थीं। मानव का हस्तक्षेप वनों में अधिक हो रहा है। तमाम शिकारी वनों में शिकार करने चले जाते हैं, जिससे इन वन्य जीवो को वनों में शिकार नहीं मिल पाते हैं। जंगलों में शिकार न मिल पाने के कारण अपनी भूख मिटाने के लिए यह वन्य जीव मानव बस्तियों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे मानव-वन्य जीव संघर्ष बढ़ता ही जा रहा है।

बढ़ता विकास भी इसका एक कारण है। कुछ दिनों पूर्व मैंने अपने एक लेख में जिसका शीर्षक था 'खाली होते गांव और बड़े होते शहर' में मैंने बताया था किस प्रकार शहरों की जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे सरकार को विकास की गति देने के लिए अनेक नए राजमार्गों का निर्माण करना पड़ रहा है, ऐसा विकास शहरों में आवागमन के लिए जरूरी भी है, लेकिन यह विकास खेतों को लगातार छोटा कर रहा है। जब सड़कों का चौड़ीकरण होता है या नए राजमार्ग निकाल जाते हैं, तो बहुत बड़ी मात्रा में वनों की कटाई होती है, जिससे वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास लगातार सिकुड़ रहे हैं, आवासों के सिकुड़ने से उनके संसाधनों में कमी आ रही है, जिससे वन्य जीवों का आवागमन मानव बस्तियों में लगातार बढ़ता जा रहा है। मानव-वन्य जीव संघर्ष का दुष्परिणाम आए दिन सामने आ रहे हैं। बाघ, तेंदुए मानव बस्तियों में घूमते नजर आ रहे हैं, जिससे मानव जीवन को खतरा है। मानव-वन्य जीव संघर्ष में मौत का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। दूसरा दुष्प्रभाव फसल और पशुधन पर पड़ रहा है। बाघ और तेंदुए गांवों में भैंसों एवं गायों का शिकार कर रहे हैं। पलिया वन रेंज में आधे से ज्यादा गन्ने की फसल हाथियों द्वारा रौद दी जाती है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है इस प्रकार इस संघर्ष से फसल पशुधन मानव जाति सभी को गंभीर खतरा है।

इस समस्या के निराकरण में पहला कदम यह होना चाहिए कि वनों की कटाई पर रोक लगाई जाए, इससे उनके प्राकृतिक आवास बचे रहेंगे। दूसरा उपाय यह है कि राजमार्गों इत्यादि को वन क्षेत्र से न गुजारा जाए हो सके तो उन्हें, मानव बस्तियों से ले जाया जाए, इससे जहां एक ओर मानव को सुविधा होगी, वहीं दूसरी और जंगल सुरक्षित रहने से वन्य जीवों का आवागमन मानव बस्तियों की ओर रुकेगा। तीसरा उपाय है, यह है कि प्रभावित क्षेत्रों में वन विभाग सक्रिय रहे और ड्रोन कैमरे से इन पर नजर रखी जाए और वनों में उनके प्राकृतिक आवासों को प्राकृतिक तरीके से सुसज्जित किया जाए ताकि यह वन में रहे।



## भारतबेंज ने महाराष्ट्र में खोलीं दो नयी डीलरशिप

**नयी दिल्ली।** डेमलर ट्रक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स ने गुरुवार को महाराष्ट्र के तलेगांव (पुणे) और मालेगांव (नासिक जिला) में ऑटोबान ट्रकिंग के नाम से दो नये भारतबेंज डीलरशिप के उद्घाटन की घोषणा की। ये नयी डीलरशिप भारतबेंज के निरंतर विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

अमृत विचार
बरेली, शुक्रवार ,27 मार्च 2026
www.amritvichar.com



### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2610, राज श्री 1990, फ़ॉर्चून कि. 2645, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13kg 2320, जय जवान 2170, सचिन 2290, सूरज 2170, अवसर 2100, उजाला 2170, गृहणी 13 kg 2145, क्लासिक (kg) 2485, मोर 2375, चक्र टिन 2580, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2485, स्वास्तिक 2565

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सौंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल–(प्रति कु0 )**डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी** – पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, धामपुर 4260

# पश्चिम एशिया संकट: 80% तक महंगी हुई माल ढुलाई, पूर्वी भारत से आधा हुआ निर्यात

## जहाजों के रास्ता बदलकर अफ्रीका होकर जाने से भाड़े में हुई 40 प्रतिशत वृद्धि,बाकी युद्ध संबंधी शुल्क

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण यूरोप जाने वाले सामान की ढुलाई की लागत (भाड़ा) में 60 से 80 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी हुई है। इससे पूर्वी भारत से होने वाले निर्यात में 50 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। कोलकाता बंदरगाह पर सैकड़ों कंटेनर फंस गए हैं।

कलकत्ता कस्टम्स हाउस एजेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मन्नू चौधरी ने बताया कि जहाजों के रास्ता बदलकर अफ्रीका होकर जाने के कारण भाड़े में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, युद्ध के कारण लगने वाले अतिरिक्त शुल्क को मिलाकर यूरोप और अमेरिका जाने वाले सामान की कुल लागत 80 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि पोत-परिवहन कंपनियां अब नया सामान लेने से मना कर रही हैं। इस वजह से लगभग 600 भरे हुए कंटेनर, जो जहाज पर लदने के लिए कोलकाता बंदरगाह के अंदर आ चुके थे, उन्हें वहां जगह न मिलने के कारण वापस शहर भेजना पड़ा है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) इंडिया के पूर्व चेयरमैन राकेश शाह ने स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि भाड़े में बढ़ोतरी और कंटेनर की कमी के साथ-साथ रसोई गैस (एलपीजी) की किल्लत ने भी उत्पादन को प्रभावित किया है। एलपीजी का उपयोग इंजीनियरिंग सामान को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में किया जाता है। शाह के अनुसार, इंजीनियरिंग उद्योग को इस साल 3.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद थी, लेकिन अब यह पिछले साल के स्तर पर ही रहने की संभावना है। पूर्वी क्षेत्र से होने वाले निर्यात में सबसे ज्यादा असर मछली, झींगा, इंजीनियरिंग सामान, कपड़े और दवाओं पर पड़ा है।निर्यातकों की मदद के लिए सरकार ने 497 करोड़ रुपये की 'रिलीफ' (निर्यात की सुविधा के लिए लचीलापन और माल ढुलाई हस्तक्षेप) योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत युद्ध के कारण होने वाले नुकसान और माल ढुलाई पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क की भरपाई में मदद दी जाएगी। सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) को माल ढुलाई और बीमा शुल्क पर 50 प्रतिशत तक की वापसी मिल सकेगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 लाख रुपये प्रति निर्यातक तय की गई है।



### घरेलू कोयला बाजार में बढ़ रही है मांग, कीमतों पर भी दबाव



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा क्षेत्र में पैदा हुए दबाव के बीच भारतीय कोयला बाजार में मांग और कीमतों में तेजी देखी जा रही है। एमजंक्शन सर्विसेज ने बृहस्पतिवार को कहा कि हालांकि कोयला और नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये बिजली क्षेत्र में कोई दिक्कत नहीं है। टाटा स्टील और सेल के संयुक्त उद्यम एमजंक्शन के अनुसार, कोयला नीलामी के शुरुआती संकेत मांग और कीमतों में बढ़त दर्शा रहे हैं। हालांकि, यह बदलाव बहुत तीव्र न होकर एक नियंत्रित दायरे में है।एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक विनय वर्मा ने बताया कि भारत के कोयला नीलामी बाजार में मांग–आपूर्ति के समीकरणों में सख्ती और कीमतों के मजबूत होने के लक्षण दिख रहे हैं, हालांकि यह रुझान अभी धीरे–धीरे बढ़ रहा है। फरवरी में कोयले की बोलियां तय कीमतों से लगभग 35 प्रतिशत अधिक रहीं।

### एशियाई बाजारों में गिरावट, कच्चे तेल की कीमतों में फिर उछाल



**हांगकांग, एजेंसी।** ईरान युद्ध के टलने को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण बृहस्पतिवार को एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से बाजार में यह अस्थिरता देखी जा रही है। अमेरिकी वायदा बाजारों में भी 0.1 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.3 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 1.9 प्रतिशत और हांगकांग के हैंगसेंग में 1.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चीन के शंघाई कंपोजिट सूचकांक में भी 0.6 प्रतिशत की गिरावट रही। ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी/एएसएक्स 200 सूचकांक में 0.2 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई, जबकि ताइवान के ताइएक्स में 0.4 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.3 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। वहीं, अमेरिकी बेंचमार्क कच्चा तेल भी 1.6 प्रतिशत चढ़कर 91.75 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## संकट जारी रहा तो उर्वरक उत्पादन 10-15 प्रतिशत घटेगा : क्रिसिल

**मुंबई, एजेंसी**



पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों की वजह से भारत में यूरिया और मिश्रित उर्वरकों का सालाना घरेलू उत्पादन 10-15 प्रतिशत तक घटने की आशंका है। क्रिसिल रेटिंग्स की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक, आनंद कुलकर्णी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रही समस्याओं से खरीफ मौसम के अहम समय पर उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट आ सकती है। एलएनजी और अमोनिया की आपूर्ति में करीब तीन महीने तक जारी रहने वाली रुकावट से घरेलू यूरिया और मिश्रित उर्वरक उत्पादन में 10-15 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि उत्पादन पर पड़ने वाले इस असर को कुछ हद तक सरकार के हालिया निर्देश से कम किया जा सकेगा, जिसके तहत यूरिया बनाने वाली कंपनियों को 70 प्रतिशत गैस आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि करीब तीन महीने का उर्वरक स्टॉक, और साथ ही दूसरे स्रोतों से होने वाले संभावित आयात से, आपूर्ति में तत्काल कमी आने का जोखिम कम हो जाएगा।

इसके अलावा, क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि कच्चे माल और आयातित उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोतरी से कंपनियों की कार्यशील पूंजी की ज़रूरतें बढ़ने की संभावना है, और साथ ही सरकार का सब्सिडी खर्च भी 20,000-25,000 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है।

भारत में उर्वरक की कुल खपत में यूरिया का हिस्सा 45 प्रतिशत है, मिश्रित उर्वरकों (डाई-अमोनियम फॉस्फेट, या डीएपी तथा नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम, या एनपीके') का हिस्सा एक-तिहाई है, और बाकी हिस्सा सिंगल सुपर फॉस्फेट' (एसएसपी) तथा म्यूरिएट ऑफ पोटाश (एमओपी) का है। उर्वरक क्षेत्र की आयात पर निर्भरता काफी ज़्यादा बनी हुई है। यूरिया का 20 प्रतिशत और मिश्रित उर्वरकों (मुख्य रूप से डीएपी) का एक-तिहाई हिस्सा आयात किया जाता है। यूरिया (प्राकृतिक गैस, जो कच्चे माल की कुल लागत का 80 प्रतिशत है) और मिश्रित उर्वरकों (अमोनिया और फॉस्फोरिक एसिड) के लिए ज़रूरी मुख्य कच्चा माल ज़्यादातर आयात ही किया जाता है, क्योंकि देश में इनके भंडार सीमित हैं। यूरिया और डीएपी, दोनों के आयात के लिए पश्चिम एशिया एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में कुल आयात का 40 प्रतिशत इसी क्षेत्र से हुआ है।

## भारत ने शुरू की चीन और इंडोनेशिया से आयातित सस्ते पेपरबोर्ड मामले की जांच

**नयी दिल्ली,एजेंसी**

भारत ने चीन और इंडोनेशिया से आयातित सस्ते पेपरबोर्ड मामले की जांच शुरू की है। सस्ते आयात से घरेलू कंपनियों पर असर पड़ने की सूचना के बाद यह कदम उठाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई, व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने घरेलू उद्योग की ओर से भारतीय पेपर विनिर्माता संघ की शिकायत के बाद यह प्रक्रिया शुरू की है।

उद्योग संगठन का आरोप है कि चीनी और इंडोनेशियाई कंपनियों द्वारा कम दाम पर निर्यात किए जा रहे विभिन्न स्तर वाले पेपरबोर्ड से भारतीय कंपनियों के लाभ पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। शिकायत में इन दोनों देशों से आयातित बोर्ड पर सब्सिडी दिये जाने की जांच शुरू करने का अनुरोध किया गया है। आवेदक का आरोप है कि इन दोनों देशों के उत्पादकों/निर्यातकों को उनकी संबंधित सरकारों द्वारा विभिन्न स्तरों पर अनुदान, ऋण, गारंटी, कर, निर्यात ऋण, वस्तुओं और सेवाओं या इक्विटी निवेश के रूप में दी जाने वाली सब्सिडी से लाभ हुआ है।

डीजीटीआर ने एक अधिसूचना में कहा कि घरेलू उद्योग के लिखित आवेदन और उत्पादन तथा निर्यात पर सब्सिडी को लेकर दिये गये साक्ष्यों के आधार पर प्राधिकरण इस मामले में जांच शुरू कर रहा है। यह जांच कथित सब्सिडी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करेगी। इससे घरेलू उद्योगों को हो रहे नुकसान को दूर करने में मदद मिलेगी।

## चालकों के प्रशिक्षण को खुलेंगे स्कूल

### पांच साल में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद: गडकरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार उद्योग जगत के सहयोग से अगले पांच साल में 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए स्कूल खोलेगी। इस पहल से देश में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी में आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता आमिर खान से बातचीत के दौरान कहा कि देश में 22 लाख चालकों की कमी है और सरकार ने 200 ड्राइविंग स्कूल खोले हैं।

हमने उद्योग जगत की मदद से 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इससे एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा।सड़क सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भारत विश्व में शीर्ष पर है। देश में आज प्रति वर्ष पांच लाख से अधिक दुर्घटनाएं और उससे संबंधित 1.8 लाख लोगों की मौत होती है। कहा कि लगभग 66 प्रतिशत लोग 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के हैं। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के पांच मुख्य कारणों का जिक्र किया।

गडकरी ने कहा-पहला कारण सड़क डिजाइन और इंजीनियरिंग हैं। हमने कुछ खराब जगहों की पहचान की है और उन्हें ठीक करने के लिए 40,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। दुर्घटनाओं का दूसरा कारण पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन है। हमने ऐसी 350 जगहों की पहचान की है और लगभग 280 जगहों में सुधार किया गया है। एक अन्य कारण वाहन इंजीनियरिंग है। तीसरा कारण कानून का पालन न होना है। चौथा कारण मानवीय व्यवहार है। शराब पीकर वाहन चलाना भी एक कारण है। मंत्री ने कहा कि बाइक पर हेल्मेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने से हजारों लोग बच सकते हैं।



**गिनाए हादसों के कारण**

- सड़क डिजाइन-इंजीनियरिंग
- पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन
- कानून का पालन न होना
- मानवीय व्यवहार और
- शराब पीकर वाहन चलाना

### वैश्विक संकट में भी भारत की वृद्धि दर, आंतरिक मांग की बदौलत ऊंची बनी रहेगी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख उद्योग मंडल एसोचैम का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर भू–राजनीतिक संकटों के चलते आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मंद हो सकती है पर भारत आंतरिक उपभोग और निवेश मांग की बदौलत अगले वित्त वर्ष 2026–27 सात प्रतिशत से ऊपर की तेज गति से वृद्धि की राह पर बना रहेगा। एसोचैम का मानना है कि 2026 में वैश्विक वृद्धि दर नरम पड़ कर 3 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। संगठन ने आगाह किया है कि चूँकि रुपये के मूल्य में काफ़ी गिरावट आई है, इसलिए घरेलू बाजार में एलपीजी सिलेंडरों जैसे कुछ क्षेत्रों में ऊर्जा की कीमतें भी बढ़ी हैं और इसका असर आने वाले समय में महँगाई के रुझानों पर देखने को मिलेगा। उद्योग मंडल ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया युद्ध के असर को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम असरदार और सही समय पर हैं। एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है और वित्त वर्ष 2025–26 में जीडीपी में 7.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। श्री मिंडा ने कहा कि पिछले कई सालों से सुधारों के ज़रिए सरकार का मज़बूत समर्थन बिज़नेस के भरोसे को बढ़ाता है।

### बिजनेस ब्रीफ

#### रिलायंस ने कहा- ईरानी कच्चा तेल खरीदने की खबरें आधारहीन

**नयी दिल्ली।** पेट्रोलियम क्षेत्र की दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने गुरुवार को उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया जिनमें दावा किया गया था कि कंपनी ईरान का कच्चा तेल खरीद रही है। कंपनी ने एक बयान जारी कर इन खबरों को आधारहीन और गलत बताया। बयान में कहा गया है, रिलायंस इंडस्ट्रीज मीडिया में आयी इन खबरों को पूरी तरह खारिज करती है कि कंपनी ने मूल रूप से ईरान से आने वाले कच्चे तेल की खरीद की है। ये खबरें आधारहीन हैं और इनमें भ्रामक तथा गलत दावे किये गये हैं। रिलायंस ने मीडिया से अपील की है कि वह खबरों के प्रकाशन से पहले तथ्यों की जांच कर ले।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



## चुनावों के मद्देनजर 409 करोड़ रुपये की नकदी और अवैध सामान जब्त

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने असम और केरल सहित चार राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र पुडुचेरी विधान सभा चुनावों और कुछ अन्य राज्यों के उपचुनावों को धन और प्रलोभन के प्रभावों से मुक्त रखने के लिए कार्रवाई कर अब तक करीब 409 करोड़ रुपये की नकदी, कीमती धातुएं, शराब और मतदाताओं को लुभाने वाले सामान जब्त किये हैं।

असम, केरल और पांडिचेरी विधान सभा के चुनाव पहले चरण में 9 अप्रैल को कराये जाएंगे। उस दिन चार राज्यों की छह रिक्त विधान सभा सीटों के चुनाव भी कराये जाएंगे। चुनाव आयोग की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार गत 26 फरवरी को इलेक्ट्रॉनिक सीज़र मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के शुरू होने से लेकर 25 मार्च तक, 408.82 करोड़ रुपये से ज़्यादा की अवैध चीज़ें ज़ब्त की गई हैं।

इनमें 17.44 करोड़ रुपये नकद, 37.68 करोड़ रुपये की शराब (16.3 लाख लीटर), 167.38 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ, 23 करोड़ रुपये की कीमती धातुएँ और 163.30 करोड़ रुपये से ज़्यादा के अन्य मुफ़्त उपहार शामिल हैं।आयोग ने अलग-अलग राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की कई एजेंसियों के मिलकर यह कार्रवाई की है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एजेंसियों को निर्देश है कि ऐसी कार्रवाइयों में जाँच और निरीक्षण के दौरान आम नागरिकों को कोई परेशानी या उत्पीड़न न हो।

इस संबंध में किसी भी शिकायत को सुनने के लिए ज़िला शिकायत समितियाँ भी बनाई गई हैं। आयोग ने कहा कि नागरिक और राजनीतिक दल आयोग के ऐप सी-विजिल मॉड्यूल का इस्तेमाल करके आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकते हैं।

### नामांकन वापसी का समय समाप्त 2,200 उम्मीदवार मैदान में

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के साथ–साथ गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में उपचुनावों के लिए नामांकन वापस लेने की समय–सीमा गुरुवार दोपहर तीन बजे समाप्त हो गयी। चुनाव आयोग के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो चुकी है और लगभग 2,200 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 15 मार्च को की गयी थी, जिसके तहत मतदान का पहला चरण नौ अप्रैल को निर्धारित है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार तीन राज्यों की 296 विधानसभा सीटों पर 2,140 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। असम की 126 सीटों पर 789 उम्मीदवार, केरल की 140 सीटों पर 985 उम्मीदवार और पुडुचेरी की 30 सीटों पर 366 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं उपचुनावों में चार राज्यों के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में 66 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं।

### असम: कांग्रेस ने चुनाव के लिए नियुक्त किए छह पर्यवेक्षक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के लिए छह पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार, अशोक सिंह, विनोद वर्मा, अनिरुद्ध सिंह, वीरेंद्र राठौर, योगेश दीक्षित और आदित्य शर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का पर्यवेक्षक बनाया गया है। इससे पहले, सात जनवरी को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कर्नाटक उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की को असम के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गयगा है। असम की सभी 126 विधानसभा सीट के लिए चुनाव नौ अप्रैल को एक ही चरण में होंगे, जबकि मतगणना चार मई को होगी।

### रामनवमी



**कोलकाता :** रामनवमी शोभायात्रा में जनता का अभिवादन स्वीकार करते भवानीपुर और नंदीग्राम विधानसभा सीटों से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी।

## पुडुचेरी: द्रमुक ने कांग्रेस को चेताया छह सीटों से प्रत्याशी नहीं हटाए तो तमिलनाडु में भुगतेगी अंजाम

**पुडुचेरी, एजेंसी।** पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने गुरुवार को अपने मुख्य सहयोगी दल कांग्रेस को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर उसके उम्मीदवारों ने यहां छह सीटों से नामांकन वापस नहीं लिया, तो तमिलनाडु चुनाव में भी इसके गंभीर परिणाम होंगे।

द्रमुक ने स्पष्ट किया है कि ऐसी स्थिति में वह तमिलनाडु की उन 28 सीटों पर भी 'फ्रेंडली फाइट' का फॉर्मूला अपनाएगी जो कांग्रेस को आवंटित की गई हैं। विवाद की जड़ पुडुचेरी की वे 14 सीटें हैं जो गठबंधन समझौते के तहत द्रमुक को मिली थीं। कांग्रेस ने गठबंधन और सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने से पहले ही समय की कमी का हवाला देते हुए अपने दावेदारों को नामांकन दाखिल करने के लिए कह दिया था। अब तकनीकी रूप से कालापेट, मंगलम, राजभवन, करैकल (दक्षिण), नेल्लीथोप और तिरुभुवननी सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान में हैं और उन्होंने द्रमुक के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। मामला तब और बिगड़ गया जब बुधवार शाम कांग्रेस समिति की पदाधिकारी डॉली शर्मा ने मीडिया से कहा कि इन छह निर्वाचन क्षेत्रों में द्रमुक और कांग्रेस के बीच मैत्रीपूर्ण मुकाबला होगा। इस बयान से द्रमुक पदाधिकारियों में भारी रोष व्याप्त हो गया।

## पश्चिम बंगाल: केवल सत्ता परिवर्तन ही न्याय दिला सकता है: आरजी कर मृतका के माता-पिता

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के 'कुशासन' को केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही समाप्त कर सकती है। वही उनकी बेटी के लिए न्याय के साथ-साथ राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। आरजी कर अस्पताल में जिस महिला चिकित्सक की हत्या कर दी गई थी, उसकी शोक संतप्त मां ने यह बात कही।

अगस्त 2024 में राज्य सरकार के आरजी कर अस्पताल के एक बंद सेमिनार कक्ष में 26 वर्षीय महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या कर दी गयी थी। दिवंगत चिकित्सक की मां रत्ना देबनाथ को भाजपा ने उत्तर 24 परगना जिले के पनिहाटी निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है, जिसे तृणमूल का गढ़ माना जाता है। इस मुद्दे को लेकर देशव्यापी आक्रोश और महीनों तक अस्पताल परिसर व चिकित्सा संस्थानों में विरोध प्रदर्शन हुए।

महिला चिकित्सक के माता-पिता ने कहा कि अब उनका मानना है कि सच्चाई के पूरी तरह सामने आने के लिए राजनीतिक परिवर्तन आवश्यक है। परिजनों ने एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा से जुड़कर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का उनका निर्णय न्याय के लिए उनकी निरंतर लड़ाई से प्रेरित है।पिता ने कहा- केवल भाजपा ही मेरी बेटी के लिए न्याय सुनिश्चित कर सकती है और राज्य की महिलाओं को सुरक्षा प्रदान कर सकती है।

उन्होंने कहा कि हम शुरू से कहते आ रहे हैं कि हम किसी को भी अपनी बच्ची की मौत पर राजनीति करने की अनुमति नहीं देंगे। लेकिन वामपंथियों ने विरोध प्रदर्शन के अलावा क्या किया?

उन्होंने कहा कि मैं और मेरी पत्नी एक टीम हैं। हम दोनों पूरे निर्वाचन क्षेत्र में साथ-साथ घूमेंगे और तृणमूल के खिलाफ प्रचार करेंगे।

### केरल: भाजपा की खुशी के लिए राहुल को निशाना बना रहे विजयन

**कोल्लम, एजेंसी।** कांग्रेस के नेता वी.डी. सतीशन ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खुश करने के लिए राहुल गांधी को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने विजयन के इस आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही कि राहुल गांधी और कांग्रेस, पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बी–टीम हैं। सतीशन ने आरोप लगाया कि वे उन्हें (मुख्यमंत्री को) ब्लैकमेल कर रहे हैं ताकि यहां सीट जीत सकें। 2024 के लोकसभा चुनाव में त्रिशूर में सुरेश गोपी की जीत सुनिश्चित करने के लिए, करुवन्नूर सर्विस कोऑपरेटिव बैंक मामले में प्रवर्तन निदेशालय का इस्तेमाल करके उन्हें ब्लैकमेल किया गया।

### तमिलनाडु: द्रमुक ने एलपीजी संकट को लेकर केंद्र पर निशाना साधा

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कमी के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा और कहा कि वह विदेश नीति में विफलता की ओर बढ़ने के लिए आलोचना का सामना कर रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री एनबिल महेश पोय्यामोझी ने कहा कि केंद्र सरकार को ईंधन की कमी से जुड़े मुद्दों पर आम आदमी के सवालों के जवाब देने होंगे। पोय्यामोझी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा दो मिनट के वीडियो में कहा कि भाजपा सरकार राज्यों के साथ तालमेल करने में विफल रही है और विदेश नीति को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रही है। देश का नागरिक होने के नाते मैं पूछना चाहता हूं कि क्या केंद्र सरकार पश्चिम एशिया के हालात से उपजी एलपीजी की कमी के संकट से सही से निपट पा रही है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इमरान खान के बेटे ने संयुक्त राष्ट्र में पिता की सेहत पर जताई चिंता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पुत्र कासिम खान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अपने पिता की हिरासत को लेकर चिंता जताई है। कासिम ने जिनेवा में मानवाधिकार परिषद में आरोप लगाया है कि जेल में अधिकारी उनके पिता के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में 2023 से जेल में बंद उनके पिता के साथ किया जा रहा बर्ताव पाकिस्तान में राजनीतिक दमन के एक व्यापक स्वरूप को दर्शाता है, जो 2022 में उनके पद से हटाए जाने के बाद से ही साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि इमरान खान सरकारी तोहफों से जुड़े एक कथित भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं और उन्हें अदियाला जेल में रखा गया है।

### सिंगापुर: भारतीय बच्चों को डिक्की पर बैठाकर कार चलाने पर फंसा

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने लग्जरी स्पोर्ट्स कार चलाते समय अपने दो बच्चों को डिक्की के कवर पर बैठाने के आरोप में भारतीय मूल के एक व्यक्ति के खिलाफ बृहस्पतिवार को मामला दर्ज किया। 'चैनल न्यूज एशिया' की रिपोर्ट के अनुसार प्रेम आनंद सुगुनकुमार पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया गया है, जिससे 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। रिपोर्ट के अनुसार 20 अक्टूबर 2025 को प्रेम ने एक पॉश रिहायशी इलाके में गाड़ी चलाते समय अपने आठ और सात साल के बच्चों को कार के पीछे डिक्की के ऊपर कवर पर बैठा रखा था। इस घटना का वीडियो पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### चीनी राजदूत ने कहा, पाकिस्तान को समर्थन देता रहेगा चीन

**इस्लामाबाद।** चीन के राजदूत जियांग जेदोंग ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि चीन पाकिस्तान में व्यापार व निवेश के लिए निरंतर समर्थन देता रहेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बैठक में उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इस्हाक डार भी मौजूद थे। बैठक में जियांग ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिरता की सराहना की। शरीफ ने चीन के निरंतर आर्थिक समर्थन की सराहना करते हुए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता दोहराई कि वह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा के दूसरे चरण को आगे बढ़ाते हुए कृषि, औद्योगिक सहयोग और प्राथमिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## भीषण तूफान में एक घंटे फंसा रहा ममता बनर्जी का विमान

कोलकाता, एजेंसी



- हलक में अटकी रही अधिकारियों की जान, कई प्रयास के बाद उतरा

सांस रोक देने वाले एक घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विमान बृहस्पतिवार को भीषण तूफान और भारी बारिश के कारण करीब एक घंटे तक हवा में फंसा रहा। कई प्रयासों के बाद पायलट जब उसे सुरक्षित नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारने में सफल हुआ तो अधिकारियों की जान में जान आई।

हवाई अड्डे के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ममता बनर्जी का विमान भीषण तूफान और भारी बारिश के कारण एक घंटे से भी ज्यादा समय तक हवा में फंसा रहा। खराब मौसम, भारी बारिश और हवाईअड्डा क्षेत्र के आसपास चल रही तेज हवाओं के कारण उसे उतरने की अनुमति नहीं दी गई थी। बताया गया कि पायलट ने विमान उतारने के कई प्रयास किए लेकिन सफल नहीं हुआ। एक समय जब तूफान थोड़ा कम हुआ तो विमान कोलकाता हवाई अड्डे के करीब पहुंचा था लेकिन मौसम फिर बिगड़ने के कारण उसे लैंडिंग किए बगैर उड़ना पड़ा। काफी देर बाद वह लैंड करने में सफल हो पाया। मुख्यमंत्री चुनाव रैलियां कर कोलकाता लौट रही थीं।

## दुनिया भर में आगे निकलने की होड़

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज के समय का नया सोना बन चुका है। दुनिया भर में इसे लेकर एक रणनीतिक युद्ध छिड़ा हुआ है, जहां हर देश अपनी अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति और गवर्नेंस को एआई के जरिए अपग्रेड करने में जुटा है। भारत भी एआई क्षेत्र के शीर्ष 10 देशों में शामिल है लेकिन तमाम दावों के बावजूद उसकी स्थिति विकसित देशों के मुकाबले काफी कमतर है। दुनिया में भारत को अब तक इस दौड़ में एक स्लीपिंग जायंट यानी सोता हुआ विशालकाय जीव बताया जा रहा था, हालांकि कहा जा रहा है कि अब भारत भी जाग चुका है। भारत सरकार ने इंडिया एआई मिशन के लिए 10,372 करोड़ रुपये का बजट भी आवंटित किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वदेशी कंप्यूटिंग क्षमता को बढ़ाना है। भारत की कोशिशों के परिणाम अभी सामने आने बाकी हैं।

## एआई की दौड़ में भारत



शीर्ष देश

### संयुक्त राज्य अमेरिका नंबर वन

- अमेरिका फिलहाल एआई का निर्विवाद राजा है। ओपन एआई, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियां वैश्विक मानक तय कर रही हैं।
- दुनिया के सबसे शक्तिशाली लार्ज लैंग्वुएज मॉडल्स और एआई चिप्स पर नियंत्रण है। रिसर्च-डेवलपमेंट में निजी निवेश खरबों डॉलर में है।

### चीन दौड़ में प्रमुख प्रतिद्वंद्वी

- फेसियल रिकग्नीशन, निगरानी तकनीक, स्मार्ट सिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर में चीन ने सबको पीछे छोड़ दिया है। एआई मॉडल पर तेजी से काम।
- चीन के पास डेटा का विशाल भंडार और सरकार का सख्त समर्थन है। लक्ष्य 2030 तक दुनिया का मुख्य एआई इनोवेशन सेंटर बनना है।

### यूके तीसरा दिग्गज

- ब्रिटेन यूरोप का एआई हब है। डीपमाइंड की यहीं से शुरुआत हुई थी जो अब गूगल का हिस्सा है।
- ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और एआई सुरक्षा पर नीतिगत कार्य देश को अग्रणी बनाते हैं।
- यह देश एआई क्षेत्र में दुनिया और एआई कंपनियों के बीच एक नियामक पुल का काम कर रहा है।

### चौथे नंबर पर यूएई

- यूएई ने दुनिया का पहला एआई मंत्री नियुक्त किया है। फाल्कन एलएलएम को दुनिया के बेहतरीन ओपन सोर्स मॉडल्स में गिना जाता है।
- तेल से परे अपनी अर्थव्यवस्था को ले जाने के लिए यूएई भारी निवेश कर रहा है और दुनिया भर के टैलेंट को अपनी ओर खींच रहा है।

### कहां पर भारत

- एआई के क्षेत्र में बढ़त हासिल करने के लिए डेटा चाहिए और भारत के पास दुनिया का सबसे विविध डेटा सेट है।
- यूपीआई और आधार जैसे डिजिटल ढांचे ने देश में एआई के कार्यान्वयन को ज्यादा आसान बना दिया है।
- हर बड़े वैश्विक एआई प्रोजेक्ट के पीछे भारतीय इंजीनियर्स हैं। अब इस टैलेंट को देश में ही रोकने की योजना है।

**भारतीय प्रतिभा के सभी मुरीद**

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की एआई इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार, एआई कौशल के मामले में भारत दुनिया में नंबर 1 पर है।

ताइवान की कंपनी टीएसएमसी दुनिया के 90% से अधिक सबसे उन्नत एआई चिप्स बनाती है। इसके बिना एआई की रेस रुक सकती है।

### चुनौतियां और कोशिशें

- भारत सॉफ्टवेयर और एप्लीकेशन बनाने में तो आगे है, लेकिन एआई चिप्स के मामले में अमेरिका और ताइवान पर निर्भर है।
- भारत ने भाषा अनुवाद के लिए भाषिणी और क्रुत्रिम जैसे भारतीय परिवेश अनुकूल मॉडल विकसित करना शुरू कर दिया है।

चीन रेयर अर्थ एलिमेंट्स का पूरी दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक है। चिप के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले गैलियम और जर्मेनियम पर चीन का लगभग एकाधिकार है।

# हम किसी से बात नहीं कर रहे, न युद्ध समाप्त करने के लिए हमारी कोई योजना : अराघची

## ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिका पर लगाया दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप, 15-सूत्री प्रस्ताव ठुकराया

तेहरान, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका पर पश्चिम एशिया में दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए उसके 15-सूत्रीय प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। अराघची ने 'एक्स' पर अमेरिका पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह एक ओर गाजा में इजराइल की नाकेबंदी का समर्थन करता है, जबकि दूसरी ओर होर्मुज जलडमरूमध्य में आत्मरक्षा के लिए उठाए गए ईरान के कदमों की आलोचना कर रहा है।

अराघची ने कहा, अंतरराष्ट्रीय कानून सुविधा के अनुसार इस्तेमाल करने का उपकरण नहीं है। उन्होंने तगा कि ईरान अमेरिका के साथ कोई वार्ता नहीं कर रहा है और न ही ऐसी कोई योजना है, जिससे युद्ध समाप्त हो सके। यह बयान अमेरिकी अधिकारियों के उन दावों के उलट है, जिनमें बातचीत जारी होने और उसके सार्थक होने का दावा किया गया था। अमेरिका के 15 सूत्री प्रस्ताव को तेहरान ने अत्यधिक कठोर और अव्यावहारिक करार दिया है। अराघची ने ईरान की ओर से पेश किए गए पांच बिंदुओं के जवाबी प्रस्ताव का भी उल्लेख किया और देश की प्रमुख नीतिगत स्थितियों को दोहराया।



तेहरान में बृहस्पतिवार को सरकार समर्थकों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया।

### ईरान बाब-अल मंदेब में खोलेगा नया मोर्चा

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका का मुकाबला करने के लिए बाब-एल-मंडेब जलडमरूमध्य में एक नया मोर्चा खोलने की धमकी दी है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने पहले ही कहा था कि यदि संघर्ष जारी रहता है तो ईरान अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नए मोर्चे खोल सकता है। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सैन्य स्रोत के हवाले से बताया कि ईरान लाल सागर में उस रणनीतिक जलमार्ग को खतरे में डालने में सक्षम है। यदि अमेरिका ईरान के दक्षिणी क्षेत्रों और ईरानी द्वीपों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो अमेरिका का मुकाबला करने के लिए यह नया मोर्चा खोला जाएगा।

### रणनीतिक मतभेद : ईरान में विरोध भड़काने के नेतन्याहू के प्रस्ताव को ट्रंप ने ठुकराया

**तेल अवीव/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन भड़काने के इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से दिए गए प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रंप ने आशंका जताई थी कि इससे नागरिकों पर हिंसक दमन और बड़े पैमाने पर लोगों के हताहत होने का खतरा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, पिछले सप्ताह दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत में नेतन्याहू ने ईरानी जनता से सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरने की अपील करने का सुझाव दिया था, हालांकि ट्रंप प्रशासन ने इस विचार को तुरंत ठुकरा दिया। सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि ऐसे आह्वान से प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कड़ी दमनात्मक कार्रवाई हो सकती है जैसा पहले भी देखा गया है। एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया, लोगों को सड़कों पर उतरने के लिए क्यों कहें, जब उन्हें कुचल दिया जाएगा। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच रणनीतिक मतभेद को दर्शाता है।

### अलर्ट: अमेरिकी नागरिक फौरन छोड़ें इराक

**बगदाद।** इराक में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के बढ़ते हमलों के बीच इराक स्थित अमेरिकी दूतावास ने सुरक्षा अलर्ट जारी कर अपने सभी नागरिकों को तत्काल इराक छोड़ने का निर्देश दिया है। दूतावास की ओर से बृहस्पतिवार को जारी इस चेतावनी में कहा गया है कि अमेरिकी मिशन अभी खुला है, लेकिन मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट हमलों के खतरे को देखते हुए नागरिकों को दूतावास या इरबिल स्थित वाणिज्य दूतावास के करीब न आने की सलाह दी गई है।

## पाकिस्तान के आग्रह पर इजराइल ने शीर्ष ईरानी अधिकारियों को हिट लिस्ट से हटाया

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के अनुरोध पर इजराइल ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबाफ को अपनी हिट लिस्ट से हटा दिया है। इजराइली अखबार टाइम्स ऑफ इजराइल ने रॉयटर्स के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

एक पाकिस्तानी अधिकारी के अनुसार इजराइल के पास इन दोनों ईरानी हस्तियों को निशाना बनाने के लिए

**अराघची और गालिबाफ थे निशाने पर**

उनकी भौतिक स्थिति का पता लगाने वाले भौगोलिक आंकड़े थे, लेकिन पाकिस्तान ने तर्क दिया कि उन्हें खत्म कर देने से बातचीत के लिए कोई भी भरोसेमंद राजनयिक संपर्क नहीं बचेगा। इसी बात को ध्यान में रखते हुए अमेरिका ने इजराइल से पीछे हटने को कहा।

द यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, इन दोनों ईरानी अधिकारियों को कुछ दिनों के लिए सूची से हटा दिया गया है, क्योंकि ट्रंप ने बातचीत का दरवाजा खोल दिया है। तुर्की, पाकिस्तान और मिस्र के मध्यस्थ अमेरिका और ईरान के अधिकारियों के बीच बातचीत कराने की कोशिशों में जुटे हैं। हालांकि, मतभेदों की खाई काफी गहरी होने के कारण किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने की संभावनाएं कम ही हैं।

## भीषण युद्ध की कगार पर खड़ी है दुनिया: गुटेरेस

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बड़े वैश्विक आर्थिक संकट की आशंका जताई

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध बेकाबू हो गया है और युद्ध का विस्तार होने से नागरिकों की पीड़ा और वैश्विक आर्थिक संकट गहरा गया है। गुटेरेस ने कहा कि युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद यह लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है। दुनिया एक व्यापक युद्ध के कगार पर खड़ी है। उन्होंने संबधित पक्षों से युद्ध को तत्काल रोकने और कूटनीति एवं अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने का आह्वान किया।

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यूएन महासचिव ने कहा कि उन्होंने जीन अर्नोल्ट को अपना निजी दूत नियुक्त किया है, ताकि जमीनी स्तर पर दोनों पक्षों के साथ सीधे तौर पर जुड़ने और चल रही शांति पहलों का समर्थन करने सहित मध्यस्थता प्रयासों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने हताहतों की बढ़ती संख्या और आर्थिक दुष्परिणामों का हवाला देते हुए अमेरिका और इजराइल से युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने ईरान से भी युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल न होने वाले पड़ोसी देशों पर हमले रोकने का आह्वान किया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ऐसे कृत्यों की निंदा की है।

महासचिव ने प्रमुख नौवहन मार्गों, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधानों पर चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी कि लंबे समय तक बंद रहने से विश्व भर में कृषि के लिए महत्वपूर्ण समय में तेल, गैस एवं उर्वरकों का प्रवाह बाधित हो सकता है।

**गरीब-कमजोर लोग भुगत रहे खामियाजा**

गुटेरेस ने लेबनान की स्थिति की भी चर्चा की, जहां उन्होंने हाल ही में दौरा किया था और हिजबुल्ला से इजराइल पर हमले रोकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गाजा मॉडल को लेबनान में नहीं दोहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से वैश्विक बाजार अस्त-व्यस्त हो गए हैं, जबकि मानवीय सहायता अभियान गंभीर बाधाओं का सामना कर रहे हैं और इस संकट का सबसे अधिक खामियाजा सबसे गरीब एवं सबसे कमजोर लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## जयशंकर फ्रांस दौरे पर रवाना हुए, जी 7 बैठक में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

- पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज को खुला रखने पर होगी चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को फ्रांस रवाना हो गए। इस बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा होगी और होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रखने के प्रयासों में समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

भारत हालांकि जी 7 का सदस्य नहीं है लेकिन इस प्रभावशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे साझेदार देश के रूप में आमंत्रित किया है। इस बैठक में अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, इटली, फ्रांस, जापान और ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिक हिस्सा ले रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विदेश मंत्री 26 और 27 मार्च को फ्रांस में एबे डेस-वॉक्स-डे-सेर्ने की यात्रा करेंगे, जहां वह साझेदार देशों के साथ जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। बयान में कहा गया कि जयशंकर जी7 बैठक से इतर अपने समकक्षों के साथ संभवतः द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। फ्रांस ने भारत के अलावा सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ब्राजील को भी आमंत्रित किया है।

फ्रांस के एक अधिकारी के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट पर एक अलग सत्र आयोजित किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि मंत्री इस क्षेत्र में तनाव कम करने और समुद्री मार्ग फिर से खोलने के लिए विभिन्न वार्ता माध्यमों की तलाश करने पर विचार-विमर्श करेंगे।

**ईरान के परमाणु-बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम भी मुद्दा**

अधिकारी ने कहा कि विदेश मंत्री इस बात पर भी चर्चा करेंगे कि ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक कार्यक्रम से कैसे निपटा जाए। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है।

## लंदन में भगोड़े नीरव मोदी की याचिका खारिज, भारत लाने का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** लंदन उच्च न्यायालय ने भारत सरकार द्वारा अपने 'नोट वर्बल' में दिए गए आश्वासनों की गुणवत्ता पर भरोसा करते हुए भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी की प्रत्यर्पण के खिलाफ मामले को फिर से खोलने की याचिका को खारिज कर दिया।



- 13,000 करोड़ की धोखाधड़ी में है भगोड़ा

पंजाब नेशनल बैंक से 13,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में वांछित मोदी ने भगोड़े आर्थिक अपराधी संजय भंडारी के मामले में आए फैसले के आधार पर अपने मामले को फिर से खोलने के लिए लंदन की अदालत से संपर्क किया था। भारतीय एजेंसियों द्वारा यातना दिए जाने की आशंका के मद्देनजर भंडारी के प्रत्यर्पण को रद्द कर दिया गया था। लंदन उच्च न्यायालय ने मानवाधिकार के आधार पर भंडारी को प्रत्यर्पण आदेश से मुक्त कर दिया था।

मोदी के मामले को दोबारा खोलने की अनुमति देने से इनकार करते हुए लंदन उच्च न्यायालय के किंग्स बेंच डिवीजन में लॉर्ड जस्टिस स्टुअर्ट स्मिथ और जस्टिस जे की पीठ ने कहा कि वे भारत सरकार द्वारा अपने 'नोट वर्बल' में दिए गए आश्वासनों की गुणवत्ता पर भरोसा करते हैं।

## आंध्र प्रदेश : ट्रक से टकराकर बस में लगी आग, 13 लोग जिंदा जले

रायवरम (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में गुरुवार को एक निजी बस की एक ट्रक से टक्कर होने के बाद उसमें आग लग जाने से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई तथा 22 अन्य लोग घायल हो गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे में लोगों की मौत होने पर शोक जताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे में लोगों के मारे जाने पर दुख जताया और प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की।

हादसे के समय बस में कुल 35 यात्री सवार थे। तीन घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस ट्रक के डीजल टैंक से टकरा गई जिससे उसमें भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान जारी है और परिजनों की सहायता के लिए मार्कापुरम उपजिलाधिकारी कार्यालय में एक कमान एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह निजी बस तेलंगाना के जगतियाल से नेल्लोर जिले के कालीगिरि जा रही थी तभी सुबह साढ़े पांच बजे से छह बजे के बीच यह हादसा हुआ। जोरदार टक्कर के कारण ट्रक पलट गया और बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों के अनुसार, बस चालक ने कहा कि स्टीयरिंग व्हील अटक गया था, प्राधिकारी इस दावे की पुष्टि कर रहे हैं।



आग लगने के बाद लपटों में घिरी बस।

## मध्य प्रदेश: सीने में लगा एयरगन का पेलेट युवक की मौत

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले के स्टेशनगंज थाना क्षेत्र के डांगीढाना गांव में एयरगन का पेलेट लगने से एक युवक की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार डांगीढाना निवासी आदित्य लोधी (18) घर में एयरगन रख रहा था, तभी अचानक ट्रिगर दबने से पेलेट उसके सीने में जा लगा। उसे तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी रही। सुधार न होने पर उसे जबलपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में तबीयत बिगड़ने पर वापस जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

वैश्विक संकट | अमेरिका-ईरान युद्ध ने बढ़ाई वैश्विक खाद्य सुरक्षा की चिंता, उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की आशंका

# देश में शुरू हुई कृषि व्यापार नियमों को बदलने की कवायद

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका -इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध ने न सिर्फ तेल बाजारों को प्रभावित किया है बल्कि वैश्विक खाद्य और उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ी बाधाएं पैदा कर भविष्य की खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। इस संकट के कारण अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें अब वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को नए सिरे से तैयार करने का प्रस्ताव बना रहे हैं ताकि भविष्य में इस तरह के झटकों से निपटा जा सके।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के पूर्व डब्ल्यूटीओ चेयरमैन प्रोफेसर विश्वजीत धर के मुताबिक होर्मुज जलडमरूमध्य से यातायात संचालन में आई बाधा ने उजागर कर दिया है कि ऊर्जा, उर्वरक और खाद्य प्रणालियां एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। एलएनजी के प्रवाह में रुकावट और बढ़ती ऊर्जा लागत से भारत जैसे देशों में उर्वरक उत्पादन और कीमतों पर सीधा असर पड़ा है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने प्रस्तावित 'मॉडल ट्रीटी ऑन एग्रीकल्चरल ट्रेड' में तर्क दिया है कि विश्व व्यापार संगठन का मौजूदा ढांचा जलवायु परिवर्तन, महामारी और युद्ध जैसे झटकों से निपटने में अक्षम साबित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह ढांचा शुरू से ही दोषपूर्ण था और अब इसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के तनाव परीक्षण में विफल पाया गया है। भारत अपनी जरूरत का लगभग पांचवां हिस्सा यूरिया, आधा हिस्सा डीएपी और लगभग पूरी पोटाश मात्रा आयात करता है।

खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति और समुद्री मार्गों में बढ़ते जोखिमों से बीमा प्रीमियम और माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई है, जिससे उर्वरकों की कीमतों में उछाल आया है। अधिकारियों के अनुसार, सरकार ने फिलहाल इस झटके को किसानों तक पहुंचने से रोकने के लिए उच्च सब्सिडी के माध्यम से अवशोषित करने का निर्णय लिया है।



**स्थायी रह सकता है संकट, भारत ने शुरू की नए स्रोतों की तलाश**

विशेषज्ञों का मानना है कि संघर्षविराम होने के बावजूद, होर्मुज से होने वाले व्यापार में युद्ध जोखिम प्रीमियम स्थायी रूप से जुड़ सकता है। इसका मतलब है कि भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है। बदलते हालात को देखते हुए भारत अब पोटाश और फॉस्फेट के लिए नए स्रोतों की तलाश कर रहा है और विदेशी खनिज संपत्तियों में निवेश बढ़ा रहा है। इसके साथ ही, घरेलू यूरिया उत्पादन विस्तार और खाड़ी क्षेत्र के बाहर से लंबी अवधि के एलएनजी अनुबंधों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है ताकि बाहरी झटकों को कम किया जा सके। वर्तमान संकट ने यह भी साफ किया है कि जब आपूर्ति श्रृंखलाएं अत्यधिक केंद्रित होती हैं तो झटके केवल स्थानीय नहीं रहते बल्कि वैश्विक स्तर पर फैल जाते हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज व्यापार में नई योजनाएं बन सकती हैं। सफलता के रास्ते खुलेंगे। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा।

**तुला** — आज आपकी गुप्त योजनाएं सफल हो सकती हैं। कारोबार में धन लाभ के संकेत हैं। सोच-समझकर निर्णय लें।

**वृष** — आज का दिन नया काम शुरू करने के लिए अच्छा है। करियर में सकारात्मक बदलाव के संकेत हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**वृश्चिक** — आज लंबी यात्रा का योग बन सकता है। काम में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। मन प्रसन्न रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**मिथुन** — आज पुराने काम पूरे होने से राहत मिलेगी। थकान महसूस हो सकती है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है।

**धनु** — आज मेहनत का फल मिलने का समय है। करियर में स्थिरता व प्रगति के संकेत हैं। परिवार का सहयोग मिलने से मन शांत रहेगा।

**कर्क** — आज संवाद आपके लिए फायदेमंद रहेंगे। घर-परिवार में किसी मुद्दे पर चर्चा हो सकती है। काम में धैर्य बनाए रखें।

**मकर** — आज नई संभावनाएं मिलेंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। नए विचार और रचनात्मकता बढ़ेगी।

**सिंह** — आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और काम में सफलता मिलेगी। नेतृत्व क्षमता की सराहना हो सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी है।


**कुंभ** — आज व्यापार में बड़ी साझेदारी के प्रबल योग हैं। मेहमान का घर पर आगमन हो सकता है। संतान का विशेष ध्यान रखें।

**कन्या** — आज मेहनत के परिणाम अच्छे मिलेंगे। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। छोटी-छोटी बातों पर तनाव लेने से बचें।

**मीन** — आज उधार दिया हुआ धन वापस मिलेगा। मधुमेह के रोगी अपना विशेष ख्याल रखें। परीक्षार्थी को किसी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 27 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 10 .06 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुनर्वसु 15 .24 तक तत्पश्चात पुष्य।

### सुडोकू - 100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |

### सुडोकू -101

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 7 | | | 2 | | |
| 8 | | | | 2 | | 6 | | |
| | 3 | | | | 6 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | 2 | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | | 4 | | | 3 | | 9 |
| | 6 | 4 | | | | | 7 | |
| | | 1 | | 6 | | | | 2 |
| | | | | | 8 | | 5 | |






# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार ,27 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### विश्व कप फुटबॉल के अतिरिक्त टिकटों की बिक्री एक अप्रैल से

**लंदन।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को घोषणा की कि विश्व कप टिकटों के अंतिम दौर की बिक्री एक अप्रैल से शुरू होगी। फीफा ने कहा कि दिसंबर और फरवरी के बीच पिछली बिक्री के अंत तक दस लाख से अधिक टिकट बिक चुके थे और अतिरिक्त टिकट एक अप्रैल से टूर्नामेंट के अंत तक आम बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। फीफा को टिकटों की कीमत को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर में टिकटों की बिक्री आम जनता के लिए शुरू की गई थी और तब फुटबॉल प्रेमियों ने फीफा पर विश्वासघात का आरोप लगाया था क्योंकि ग्रुप चरण का सबसे कम कीमत वाला टिकट 140 डॉलर का था जबकि फाइनल के टिकटों की कीमत 8680 डॉलर तक थी।

### कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा स्कीट निशानेबाजों को

**टैंगियेर (मोरक्को)।** भारत के स्कीट निशानेबाजों को शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले सत्र के पहले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के शुरुआती दिन कई मंझे हुए खिलाड़ियों का सामना करना पड़ेगा जिससे उनके लिए पदक हासिल करना आसान नहीं होगा। इस प्रतियोगिता में कई चोटी के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरुआत पुरुष और महिला दोनों वर्ग में 75 निशानों के साथ होगी। बाकी 50 निशाने और फाइनल रविवार को होगा। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में अधिकतम छह खिलाड़ियों को रखने का कोटा पूरा किया है। इसके साथ ही पुरुष और महिला दोनों वर्गों में दो-दो ऐसे निशानेबाज भी शामिल हैं जो केवल रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### लेग-स्पिनर राहुल चाहर सरे के लिए आठ मैच खेलेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के लेग-स्पिनर राहुल चाहर इस साल सरे क्लब में वापसी करते हुए काउंटी चैम्पियनशिप के आठ मैच खेलेंगे। उनका पहला मुकाबला सात जून को ओवल में हैम्पशायर के खिलाफ होगा। चाहर ने पिछले साल सितंबर में सरे के लिए पदार्पण किया था और क्लब के लिए अपने एकमात्र मैच में हैम्पशायर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट लिए थे। उन्होंने इस दौरान दूसरी पारी में 51 रन देकर आठ विकेट झटके, जो क्लब पदार्पण पर प्रथम श्रेणी में अब तक का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है।

### शटलर कैरोलिना मारिन ने संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी कैरोलिना मारिन ने घुटने की चोट से लंबे समय तक परेशान रहने के बाद बृहस्पतिवार को अपने पेशेवर करियर से संन्यास लेने की घोषणा की। उनके करियर में ओलंपिक स्वर्ण पदक और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब शामिल हैं। मारिन ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश साझा कर कहा मेरा सफर यहीं समाप्त होता है। उन्होंने बताया कि चोट के कारण उन्होंने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए प्रतियोगिता से दूर रहने का कठिन निर्णय लिया।



# रोहित-कोहली को स्वदेश में नौ वनडे खेलने का मौका

- बीसीसीआई ने जारी किया 2026-27 के घरेलू सत्र का कैलेंडर
- कानपुर के हाथ खाली, लखनऊ को मिला एक मैच

**05** टेस्ट, नौ वनडे और आठ टी-20 मैच खेलेगा भारत

**17** शहरों में 22 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बृहस्पतिवार को सीनियर पुरुष टीम के घरेलू सत्र का कैलेंडर जारी किया जिसमें पांच टेस्ट, नौ वनडे और आठ टी20 मैच शामिल हैं। वनडे मैचों पर निश्चित रूप से सबकी नजर रहेगी क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा की दिग्गज जोड़ी के उन सभी मैचों में खेलने की उम्मीद है। यह दोनों स्टार बल्लेबाज अब केवल वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखला जनवरी, फरवरी और मार्च 2027 में खेली जाएगी। इसकी शुरुआत 21 जनवरी को नागपुर में होगी। इसके बाद दूसरा टेस्ट मैच चेन्नई में (29 जनवरी से दो फरवरी) और आठ दिन के अंतराल के बाद तीसरा टेस्ट 11 से 15 फरवरी तक गुवाहाटी में खेला जाएगा।

रांची में चौथा टेस्ट 19 से 23 फरवरी के बीच खेला जाएगा, जबकि अहमदाबाद में अंतिम टेस्ट 27 फरवरी से शुरू होगा। पांच स्थानों में से नागपुर (जहां आखिरी बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था), चेन्नई (जहां आखिरी बार 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था), रांची (जहां आखिरी बार 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था) और अहमदाबाद (जहां आखिरी बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था) को रोटेशन नीति के अनुसार मेजबानी मिली है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि गुवाहाटी को फिर से मेजबानी कैसे मिली जबकि उसने नवंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित किया था। भारत के घरेलू सत्र में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की शृंखला आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी। इसके अलावा भारत वेस्टइंडीज, श्रीलंका और जिम्बाब्वे की मेजबानी भी करेगा। जिम्बाब्वे 2002 के बाद पहली बार भारत में द्विपक्षीय शृंखला खेलेगा। जब उसने द्विपक्षीय शृंखला के लिए आखरी बार भारत का दौरा किया था तब भारतीय टीम के कप्तान सौरव गांगुली थे।

इस सत्र में 17 शहरों में 22 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे, जिनमें वेस्टइंडीज की टीम सबसे पहले भारत दौरे पर आएगी। उसका भारत दौरा इस साल 27 सितंबर से शुरू होगा। इस दौरे में तीन मैचों की वनडे और उसके बाद पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला शामिल होगी। वनडे मैच तिरुवनंतपुरम (27 सितंबर), गुवाहाटी (30 सितंबर) और न्यू चंडीगढ़ (03 अक्टूबर) में खेले जाएंगे। इसके बाद टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच लखनऊ (06 अक्टूबर), रांची (09 अक्टूबर), इंदौर (11 अक्टूबर), हैदराबाद (14 अक्टूबर) और बेंगलुरु (17 अक्टूबर) में खेले जाएंगे। इसके बाद भारत दिसंबर में श्रीलंका की मेजबानी करेगा, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की शृंखला खेली जाएगी। वनडे मैच दिल्ली (13 दिसंबर), बेंगलुरु (16 दिसंबर) और अहमदाबाद (19 दिसंबर) में जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच राजकोट (22 दिसंबर), कटक (24 दिसंबर) और पुणे (27 दिसंबर) में खेले जाएंगे।

# 10 नए खिलाड़ी, जो दिखा सकते जलवा

## आईपीएल में इन खिलाड़ियों ने अब तक पदार्पण नहीं किया या पांच से कम मैच खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले सत्र में अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरी थी तथा इस टी-20 टूर्नामेंट के आगामी सत्र में भी कुछ युवा खिलाड़ी अपना जलवा दिखा सकते हैं। पीटीआई ने सभी 10 फ्रेंचाइजी टीम में से एक ऐसे खिलाड़ी को चुना है जो अगले आठ सप्ताह में क्रिकेट जगत में सितारा बनकर उभर सकता है। इस सूची में उन भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं जिन्होंने या तो अभी तक आईपीएल में पदार्पण नहीं किया है या अब तक पांच से कम मैच खेले हैं।



**अशोक शर्मा (गुजरात टाइटन्स) :** अशोक भारत के सबसे तेज युवा गेंदबाजों में से एक हैं। वह पहले राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक आईपीएल में खेलने का मौका नहीं मिला है। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि इस 23 वर्षीय खिलाड़ी को इस सत्र में गुजरात से खेलने का मौका मिलेगा, क्योंकि उसकी टीम में मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ-साथ कैगिसो रबाडा जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज हैं। हालांकि बैकअप के तौर पर उपलब्ध भारतीय तेज गेंदबाजों में गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा अशोक पर नजर डाल सकते हैं, क्योंकि उन्होंने इस साल के एसएमएटी में 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार हासिल की थी।



**प्रशांत वीर (चेन्नई सुपर किंग्स) :** भारत में ऐसे कई क्रिकेटर हैं जो धीमी गति से बाएं हाथ से गेंदबाजी करते हैं और बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं। लेकिन अमेठी में जन्मे 20 वर्षीय प्रशांत वीर की तरह रवींद्र जडेजा की जगह भरने की चुनौती का सामना कोई नहीं कर रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स ने इससे पहले युवा खिलाड़ियों पर इतना अधिक भरोसा कभी नहीं दिखाया था। इस फ्रेंचाइजी ने ट्रायल के दौरान प्रशांत वीर का खेल देखा और इस आधार पर 14 .20 करोड़ रुपये की बोली लगाकर उन्हें अपने साथ जोड़ा। प्रशांत वीर ने अब तक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) में केवल नौ मैच खेले हैं, लेकिन 6 .45 की गेंदबाजी इकॉनमी रेट और 167 से अधिक के बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट के साथ उम्मीद जगा दी है कि आईपीएल के इस सत्र में वह अपनी विशेष छाप छोड़ सकते हैं।



**अल्लाह गजनफर (मुंबई इंडियंस) :** अगर आईपीएल के प्रशंसक किसी एक गेंदबाज को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, तो वह निश्चित रूप से 20 वर्षीय ग़ज़नफ़र हैं, जो अफगानिस्तान के 'मिस्ट्री स्पिनरों' में नया नाम हैं। ग़ज़नफ़र को पिछले सत्र में केकेआर के लिए खेलना था, लेकिन उन्होंने खेलने से मना कर दिया था। इस सत्र में मुख्य कोच माहेला जयवर्धने चार विदेशी खिलाड़ियों में से एक के रूप में इस्तेमाल करने पर विचार कर सकते हैं।



**नमन तिवारी (लखनऊ सुपर जाइंट्स) :** भारत में बाएं हाथ के अच्छे तेज गेंदबाज बहुत कम हैं और 2024 में अंडर-19 विश्व कप में खेलने वाले नमन तिवारी ने ट्रायल के दौरान सभी को प्रभावित किया है। यह 20 वर्षीय खिलाड़ी नियमित रूप से 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करता है। उन्होंने 2024 में यूपी टी20 लीग में नोएडा किंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन किया था और जरूरत पड़ने पर वह एक उपयोगी विकल्प हो सकते हैं।



**जेकब बेथेल (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) :** इस 22 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले सत्र में जिन दो मैचों में खेलने का मौका मिला था, उनमें से एक में उन्होंने अर्धशतक बनाया था। इस बार बेथेल को अधिक मैच खेलने का मौका मिलना तय है क्योंकि वह वानखेड़े में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में शानदार शतक लगाने के बाद आईपीएल में वापसी कर रहे हैं। चिन्नास्वामी की पिच वह जितेश शर्मा के साथ मिलकर विपक्षी टीमों के लिए बुरा सपना साबित हो सकते हैं।



**औकिब नबी (दिल्ली कैपिटल्स) :** औकिब नबी की उम्र 29 साल है और उन्हें युवा खिलाड़ी नहीं कहा जा सकता है लेकिन उनके प्रदर्शन पर सभी की नजर रहेगी। उनके पास घरेलू क्रिकेट का आठ साल का अच्छा खासा अनुभव है। नबी ने रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम जम्मू कश्मीर को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 60 से अधिक विकेट लिए। उनके लिए आईपीएल काफी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इससे वह भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार भी बन जाएंगे।

**शिवांग कुमार (सनराइजर्स हैदराबाद)**



: मध्य प्रदेश के 23 वर्षीय खिलाड़ी शिवांग बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर हैं, जो उन्हें एक दुर्लभ प्रतिभा बनाता है। भारतीय टीम में कुलदीप यादव ऐसे गेंदबाज हैं। कुलदीप हालांकि क्रीज तक पहुंचने के लिए कोणीय रन-अप लेते हैं, शिवांग का रन-अप अधिक पारंपरिक और सीधा होता है। वह निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल वेटोरी अंतिम एकादश में उनके लिए कोई जगह बना पाते हैं या नहीं।



**मिशेल ओवेन (पंजाब किंग्स) :** पिछले सत्र में ओवेन को एक मैच में केवल दो गेंदों का सामना करने का मौका मिला, पर इस बार तस्मानिया का यह खिलाड़ी होबार्ट हरिकेंस की तरफ से शानदार प्रदर्शन करके यहां पहुंच रहा है। उन्होंने बिग बैश लीग के 36 मैचों में 187 का स्ट्राइक रेट और अपने करियर के 75 टी20 मैचों में 180 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी में गेंद को जोरदार तरीके से मारने की क्षमता है। इसके अलावा वह मध्यम गति से एक या दो ओवर भी फेंक सकता है।



**रवि सिंह (राजस्थान रॉयल्स) :** रेलवे का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी घरेलू स्तर पर अपनी क्षमता दिखा चुका है। उन्होंने पिछले साल एसएमएटी में अपनी टीम के लिए 173 के स्ट्राइक रेट से 218 रन बनाए थे। विदर्भ के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी 38 गेंदों में खेली गई 68 रन की पारी निस्संदेह सबसे यादगार रही। विदर्भ के गेंदबाजी आक्रमण में आईपीएल खिलाड़ी यश ठाकुर, हर्ष दुबे और दर्शन नालकंडे शामिल थे। इस पारी के चलते उन्हें राजस्थान रॉयल्स से 95 लाख रुपये का करार मिला और इस सत्र में उनके प्रदर्शन को देखना दिलचस्प होगा।



**तेजस्वी दहिया (कोलकाता नाइट राइडर्स) :** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच अभिषेक नायर के शिष्य अंगकृष रघुवंशी को बल्लेबाज-विकेटकीपर के रूप में तैयार किया जा रहा है क्योंकि वह पहले ही आईपीएल के कुछ सत्र में खेल चुके हैं। लेकिन दिल्ली के रहने वाले 23 वर्षीय दहिया भी एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिन्हें अगर लगातार मौका मिले तो वह अच्छे परिणाम दे सकते हैं। उन्होंने पिछले एसएमएटी टूर्नामेंट में दिल्ली के लिए अर्धशतक बनाया था।



# इम्पैक्ट प्लेयर नियम कौशल के महत्व को कम कर रहा : गिल

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को आईपीएल में 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम पर चिंता जताते हुए कहा कि यह 'खेल से कौशल और चुनौती की अहमियत को कम करता है।' इस नियम पर पहले भी भारतीय खिलाड़ियों ने आपत्ति जताई है, जिनमें रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल शामिल हैं। मुंबई में बुधवार को हुई आईपीएल कप्तानों की बैठक में गिल सहित अधिकांश कप्तानों ने बीसीसीआई से इस नियम की समीक्षा करने की मांग की। यह नियम 2023 में लागू किया गया था और इसे कम से कम 2027 तक बढ़ाया गया है। गिल ने कहा मेरे व्यक्तिगत विचार से इंपैक्ट प्लेयर नहीं होना चाहिए। क्रिकेट सामान्यतः 11 खिलाड़ियों का खेल है। इसमें एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज जोड़ने से खेल की वास्तविक चुनौती और खिलाड़ी की कौशल का महत्व कम हो जाता है।



आपस में मजाक करते अक्षर पटेल, रियान पराग, ईशान किशन और हार्दिक पंड्या।

### आईपीएल के दूसरे चरण का कार्यक्रम जारी 13 अप्रैल से 24 मई तक होंगे मुकाबले

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बृहस्पतिवार को आईपीएल 2026 के लीग चरण का कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि टूर्नामेंट का दूसरा चरण 13 अप्रैल से 24 मई तक होगा। शुरुआती चरण 28 मार्च से 12 अप्रैल तक चलेगा और इसके कार्यक्रम पहले ही जारी कर दिये गये हैं। इसका आगाज शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की भिड़ंत से होगा। फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। बीसीसीआई सचिव देवाजित सैकिया ने कहा लीग चरण के दूसरे हिस्से में 50 मैच खेले जाएंगे। इसका आयोजन 13 अप्रैल से 24 मई 2026 तक भारत के 12 स्थलों पर होगा। इस चरण में मुकाबले बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, लखनऊ, जयपुर, धर्मशाला, रायपुर और न्यू चंडीगढ़ में होंगे। टूर्नामेंट के इस अहम चरण में टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी जिससे मुकाबले और अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। दूसरे चरण का पहला मैच 13 अप्रैल को हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। इस चरण में आठ 'डबल-हेडर' (एक दिन में दो मुकाबले) होंगे। पंजाब किंग्स की टीम अपने घरेलू मैच न्यू चंडीगढ़ और धर्मशाला में खेलेगी, जिसमें धर्मशाला में तीन मैच होंगे। राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने चार घरेलू मुकाबले जयपुर में खेलेगी। रॉयल चैलेंजर्स तीन मैच बेंगलुरु और दो मैच रायपुर में खेलेगी। प्लेऑफ के लिए मैचों के स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी।

### सैमसन-गायकवाड करेंगे सीएसके के लिए ओपनिंग

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए IPL 2026 से पहले सबसे बड़ा सवाल यही था कि उनके लिए ओपनिंग कौन करेगा। उन्होंने सीजन से पहले ही संजू सैमसन को अपने साथ जोड़ा था और टीम में पहले से ही कप्तान ऋतुराज गायकवाड तथा अंडर-19 स्टार आयुष म्हात्रे मौजूद थे। बुधवार को मुंबई में कप्तानों के इवेंट में गायकवाड ने बताया कि सीएसके ने अपनी ओपनिंग जोड़ी को फ़ाइनल कर लिया है। गायकवाड तीनों बल्लेबाज़ों को लेकर बात कर रहे थे और उस दौरान उन्होंने कहा, "रुतु और संजू।" आईपीएल 2025 में ओपनिंग करते हुए सात पारियों में 188 .97 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाने वाले 18 साल के म्हात्रे को अब नीचे खेलना होगा।

### गंभीर की आक्रामकता ने केकेआर को बनाया मजबूत : डु प्लेसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी ने गौतम गंभीर की तीखी प्रतिस्पर्धात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि इसी गुण ने उन्हें कई बार "कहानी का खलनायक" बनाया, लेकिन यही रवैया उनकी टीमों के लिए सबसे बड़ा हथियार साबित हुआ। डु प्लेसी ने कहा कि गंभीर की इसी विशेषता ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) जैसी टीम को मजबूती दी। गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने 2012 और 2014 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जीता, जबकि मेंटोर के रूप में उनके मार्गदर्शन में टीम 2024 में तीसरी बार चैंपियन बनी। वह अब कोच के तौर पर भारतीय टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और इस साल के टी20 विश्व कप में जीत दिला चुके हैं।

## उम्मीद

### भारोत्तोलक मीराबाई ने तय किया इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य

# एशियाई खेलों में पदक जीतने का सपना पूरा करना चाहती हैं चानू

**रायपुर, एजेंसी**

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा कि एशियाई खेलों में पदक जीतना इस साल उनका सबसे बड़ा लक्ष्य है। पिछले एक दशक से अधिक समय से मीराबाई चानू भारतीय भारोत्तोलन का चेहरा रही हैं। उनके शानदार करियर में एशियाई खेलों का पदक ही एकमात्र ऐसी उपलब्धि है, जो अभी तक उनके खाते में नहीं जुड़ पाई है।

उनके पास टोक्यो ओलंपिक का रजत, विश्व चैंपियनशिप के तीन पदक और राष्ट्रमंडल खेलों में भी तीन पदक हैं। चानू ने यहां खेलो इंडिया जनजातीय खेलों (केआईटीजी) के उद्घाटन समारोह के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, "एशियाई खेल मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वहां मेरा काम पूरा नहीं हुआ है।

एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ऊंचा होता है, जिससे यह और चुनौतीपूर्ण और रोमांचक बन जाता है। एशियाई खेलों में चानू का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उन्होंने 2014 एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए नौवां स्थान हासिल किया था, जबकि पीठ की चोट के कारण उन्हें 2018 संस्करण से बाहर रहना पड़ा। वह 2022 एशियाई खेलों में पदक के सबसे करीब पहुंची थीं, लेकिन कूल्हे की चोट के कारण अहम समय पर उनका अभियान प्रभावित हुआ और वह पदक से मामूली अंतर से चूक गईं। अब 31 वर्षीय चानू महाद्वीपीय प्रतियोगिता में संभवतः अपने अंतिम प्रयास की तैयारी कर रही हैं और उनका लक्ष्य अपने शानदार करियर में



इस एकमात्र कमी को पूरा करना है। इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के बीच वजन संतुलन बनाना उनके लिए बड़ी चुनौती होगा। वह राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी, जबकि एशियाई खेलों के लिए फिर से 49 किग्रा वर्ग में वापसी करेंगी।

उन्होंने कहा मैं राष्ट्रमंडल खेलों तक अपना वजन 48 किग्रा के भीतर रखूंगी, लेकिन इसके दो महीने बाद ही एशियाई खेल हैं जो 49 किग्रा वर्ग में हैं, इसलिए मुझे फिर से बदलाव करना होगा। चानू ने खेलो इंडिया जनजातीय खेलों की शुरुआत की सराहना करते हुए इसे दूरदराज के इलाकों के खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने कहा एक खिलाड़ी के तौर पर मेरे लिए यह गर्व का क्षण है कि सरकार केआईटीजी जैसी पहल को प्राथमिकता दे रही है। यह प्रतियोगिता दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देगी।

### भारतीय दल में निजी कोच की भारी मांग

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में भारत के दल में निजी कोच रखने की भारी मांग को देखते हुए खेल मंत्रालय ने यह अनिवार्य कर दिया है कि सूची में निजी कोच को शामिल करने के लिए उनका 'स्पष्ट योगदान' और खिलाड़ियों के साथ 'नियमित संपर्क' होना जरूरी है। एशियाई खेल जापान के आइची नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे। इसमें भारत के 700 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के नियमों के अनुसार, सहायक स्टाफ की संख्या दल के कुल आकार के 33 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।